राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 296 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



भारत और जर्मनी के बीच शुक्रवार को अंतर-सरकारी परामर्श पर सातवीं बैठक हुई। इस दौरान विषयों पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मन चांसलर स्कोल्ज मीडिया को संबोधित करते हुए।

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं।" - भगवत गीता

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।"
-स्वामी विवेकानंद

## अगले पांच वर्षों में मेडिकल की 75 हजार सीटें बढ़ाई जाएंगी: नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज के 53वें स्थापना दिवस समारोह और दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में एमबीबीएस और एमडी की सीटों में 100 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इसके साथ आने वाले पांच सालों में सरकार एमबीबीएस की 75 हजार सीटें और बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि बुनियादी शिक्षा हर किसी का जन्मसिद्ध अधिकार है लेकिन व्यावसायिक शिक्षा एक विशेषाधिकार है जो समाज केवल कुछ ही लोगों को प्रदान करता है। सरकार प्रत्येक एमबीबीएस छात्र के लिए 30-35 लाख रुपये खर्च करती है। उन्होंने नए डॉक्टरों से आग्रह किया कि वे अपने पेशेवर करियर को आगे बढ़ाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। नड्डा ने स्वास्थ्य पेशेवरों को देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और चिकित्सा सेवाएं सभी के लिए सुनिश्चित करने को

# भारत-चीन की सेनाएं पीछे हटना शुरू हुई

● एलएसी पर भारतीय सैनिकों ने चीनी जवानों के साथ खुशनुमा माहौल में चाय पर चर्चा की

**समझौता**

▶▶ गलवान जैसी झड़प टालने के लिए अलग-अलग दिन पेट्रोलिंग करेंगी, एक-दूसरे को सूचना भी देंगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत और चीन के बीच हुए समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख सेक्टर के दो टकराव बिंदुओं डेमचोक और डेप्सांग में डिसएंगेजमेंट की शुरूआत हो गई है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय सैनिकों ने चीनी जवानों के साथ खुशनुमा माहौल में चाय पर चर्चा की और फिर उनसे 'जय श्री राम' का उद्घोष कराया। इसके बाद दोनों देशों के सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में अपने-अपने हथियारों की वापसी शुरू कर दी है। भारतीय सेना और चीनी सेना 28-29 अक्टूबर तक डिसइंगेजमेंट पूरा करके अपने-अपने गश्ती बिंदुओं तक पेट्रोलिंग शुरू कर देंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जाने से पहले 21 अक्टूबर को घोषणा की गई थी कि भारत और चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर एक समझौता हुआ है, जिसे पांच साल से दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद के तौर पर देखा गया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने रूस में 23 अक्टूबर को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से द्विपक्षीय वार्ता की और पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त व्यवस्था पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों की प्राथमिकता आपसी विश्वास द्विपक्षीय संबंधों का आधार बना रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-चीन संबंध न केवल दोनों देशों के लोगों के लिए बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 24 अक्टूबर को नई दिल्ली में चाणक्य डिफेंस डायलॉग में कहा कि भारत और चीन एलएसी के कुछ क्षेत्रों में अपने मतभेदों को सुलझाने के लिए कूटनीतिक और सैन्य दोनों स्तरों पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और चराई भी शामिल है।



### 'दोनों पक्षों के सैनिकों में कमी आएगी'



**रक्षा** अधिकारियों ने बताया कि चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने के लिए हुए समझौते के बाद चार साल से अधिक समय से तैनात दोनों पक्षों के सैनिकों में कमी आएगी और साथ ही हथियार भी वापस लिये जाएंगे। हालांकि, डेप्सांग और डेमचोक इलाके में अभी बफर जोन बनाने की घोषणा नहीं हुई है लेकिन यहां दोनों देशों के सैनिक इकट्ठा हुए और साथ बैठकर चाय पर चर्चा की। दोनों देशों के बीच लंबे समय तक तनाव बने रहने के बाद आपसी विश्वास बहाली पर चर्चा हुई। इसके बाद भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों से 'जय श्री राम' का उद्घोष कराया। उसके बाद दोनों देशों के सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में अपने-अपने हथियारों और सैन्य उपकरणों की वापसी शुरू कर दी है, जिससे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति मई, 2020 से पहले जैसी हो जाएगी। भारतीय सेना और चीनी सेना 28-29 अक्टूबर तक डिसइंगेजमेंट पूरा करके अपने-अपने गश्ती बिंदुओं तक पेट्रोलिंग शुरू कर देंगी।

### सहमति बनना लगातार बातचीत का ही नतीजा है: राजनाथ सिंह

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह सहमति बनना लगातार बातचीत का ही नतीजा है, जिसके परिणाम देर-सबेर सामने आएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि विकास और सुरक्षा को अक्सर अलग दृष्टिकोण से देखा जाता है लेकिन वास्तव में ये गहरे रूप से आपस में जुड़े हुए और एक-दूसरे को मजबूत करने वाले हैं। चीन के साथ मई, 2020 में सीमा गतिरोध शुरू होने के बाद से दोनों देशों की सेनाओं के बीच डेप्सांग मैदान और डेमचोक क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी, पैंगोंग झील, गोगरा (पीपी-17 ए) और हॉट स्प्रिंग्स (पीपी-15) से सैनिकों की वापसी के बावजूद अभी भी लद्दाख क्षेत्र के दोनों इलाकों में भारतीय और चीनी सेनाओं के हजारों सैनिक और उन्नत हथियार तैनात हैं। चीन के साथ ताजा समझौते के बाद भी एलएसी पर सीमा विवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि दोनों देश 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं। यह सीमा तीन सेक्टरों ईस्टर्न, मिडिल और वेस्टर्न में बंटी है, जिसमें लद्दाख वेस्टर्न सेक्टर में आता है। इसी पूर्वी लद्दाख के पश्चिम सेक्टर में आने वाले डेप्सांग और डेमचोक इलाके पर भारत और चीन के बीच हुई 19वें दौर की सैन्य वार्ता में चर्चा की गई थी।

# भारत-जर्मनी में श्रम-रोजगार पर बनी सहमति



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत और जर्मनी के बीच शुक्रवार को अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) पर सातवीं बैठक हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच संवेदनशील सूचना के आदान-प्रदान, ग्रीन हाइड्रोजन, नवाचार-प्रौद्योगिकी, श्रम-रोजगार, कौशल विकास-व्यावसायिक शिक्षा और हरित शहरी गतिशीलता संबंधित आठ प्रमुख विषयों पर सहमति बनी। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ बैठक की सह अध्यक्षता के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों का बढ़ता सहयोग आपसी विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी साझेदारी में स्पष्टता है और इसका भविष्य उज्ज्वल है। वहीं, जर्मन चांसलर स्कोल्ज ने कहा कि जर्मनी चिकित्सा, देखभाल और आईटी क्षेत्र में भारत से और अधिक कुशल श्रमिक चाहता है।

प्रधानमंत्री मोदी और जर्मन चांसलर स्कोल्ज ने शुक्रवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के 7वें अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) की सह अध्यक्षता की। 2011 में लॉन्च किया गया आईजीसी ढांचा, विभिन्न क्षेत्रों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान और सहयोग की व्यापक समीक्षा की अनुमति देता है।

इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर सहित अन्य मंत्री भी शामिल रहे। दोनों नेताओं ने बाद में संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया और भारत और जर्मनी के बीच हुए करारों के आदान-प्रदान के साक्षी बने।

**वार्ता**

▶▶ साझेदारी स्पष्ट और भविष्य उज्ज्वल: मोदी, भारत दक्षिण एशिया में स्थिरता का आधार: जर्मन चांसलर

# जम्मू-कश्मीर में केंद्र की नीतियां फेल: राहुल

**उठाए सवाल**

▶▶ एनडीए सरकार की नीतियां सुरक्षा और शांति कायम करने में पूरी तरह फेल हैं: राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली : कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले को लेकर एनडीए सरकार पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि एनडीए सरकार की नीतियां सुरक्षा और शांति कायम करने में पूरी तरह फेल हैं।

सरकार को इस पर जवाबदेही तय करनी चाहिए। इसके साथ ही सेना के जवानों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

एक्स पर पोस्ट में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सेना के वाहन पर कायरतापूर्ण हमले में हमारे बहादुर सैनिकों की शहादत की खबर बेहद दुखद है। हमले में दो पोर्टर की भी जान चली गई। मैं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की नीतियां जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और शांति स्थापित करने में पूरी तरह से फेल रही हैं।

# प्रदूषण के चलते मॉर्निंग वॉक बंद की: सीजेआई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: चीफ** जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते उन्होंने मॉर्निंग वॉक पर जाना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनके डॉक्टर ने उन्हें सुबह की सैर पर जाने को मना किया है, क्योंकि खराब हवा के चलते सांस संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। सीजेआई ने यह बात सुप्रीम कोर्ट में आयोजित प्री-दिवाली सेलिब्रेशन में जर्नलिस्ट्स से बातचीत के दौरान कही। जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। इस आयोजन में सीजेआई ने



ये भी ऐलान किया कि अब से सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही को कवर करने के लिए पत्रकारों के लिए कानून की डिग्री होना अनिवार्य नहीं होगा।

इस बीच सर्दी का मौसम शुरू होते ही दिल्ली की एयर क्वालिटी पहले से ही 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच चुकी है। कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेमेंट के मुताबिक गुरुवार सुबह दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 385 रिकॉर्ड किया गया।

**'सांसो' पर पहरा**

▶▶ खराब हवा से सांस संबंधी बीमारियां होती हैं, इसलिए मेरे डॉक्टर ने मना किया: चीफ जस्टिस

## भारत-जर्मनी हरित प्रौद्योगिकी तालमेल से वैश्विक विकास को बढ़ावा मिलेगा: गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्रीय वाणिज्य एवं** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जर्मनी की सटीक इंजीनियरिंग कला और भारत की भौतिक, डिजिटल या सामाजिक बुनियादी ढांचे में विस्तार करने की क्षमता दुनिया के लिए कुछ असाधारण बनाने में मदद करेगी। गोयल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में जर्मन बिजनेस (एपीके) के 18वें एशिया प्रशांत सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही।

**विधानसभा सत्र** हरियाणा विधानसभा चुनाव: प्रोटेम स्पीकर डॉ रघुबीर सिंह ने विधायकों को दिलाई शपथ

# हरविंदर कल्याण सर्वसम्मति से चुने गए स्पीकर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** की 15वीं विधानसभा के पहले सत्र के प्रथम दिन कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक डॉ रघुबीर सिंह कादियान ने बतौर प्रोटेम स्पीकर नवनिर्वाचित 90 विधायकों को विधानसभा सदस्य के तौर पर शपथ दिलाई। सर्वप्रथम सदन के नेता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। इसी प्रकार कैबिनेट मंत्रियों अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महीपाल ढांडा, विपुल गोयल, डॉ अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रीमती श्रुति चौधरी और कुमारी



आरती सिंह राव ने भी हरियाणा विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तत्पश्चात राज्य मंत्री राजेश नागर, गौरव गौतम सहित अन्य सभी विधायकों ने भी विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। सदन की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा अध्यक्ष के पद के लिए विधायक हरविंदर कल्याण के नाम का प्रस्ताव रखा। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया और सर्वसम्मति से विधायक हरविंदर कल्याण विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विधानसभा उपाध्यक्ष के पद के लिए विधायक डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा के नाम का प्रस्ताव रखा।

विधायक घनश्याम दास ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया और सर्वसम्मति से विधायक डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा विधानसभा के उपाध्यक्ष चुने गए।

**जिम्मेदारी**

▶▶ कृष्ण लाल पंवार ने विधानसभा उपाध्यक्ष के पद के लिए विधायक डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा के नाम का प्रस्ताव रखा



# डेंगू से ज्यादा मलेरिया और चिकनगुनिया फैला रहे आतंक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में बीते वर्षों की तुलना में डेंगू के मरीजों की संख्या तो कम हैं लेकिन निगम की परेशानी मलेरिया और चिकनगुनिया के बढ़ रहे मरीज है। ऐसा नहीं है कि मलेरिया और चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या एक दो ज्यादा बल्कि मलेरिया के करीब बीते वर्ष से ज्यादा दोगुने मरीज सामने आ रहे हैं और चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या तीन गुणा ज्यादा है। हालांकि राहत की बात है कि डेंगू के मुकाबले मलेरिया और चिकनगुनिया में जान का खतरा कम रहता है लेकिन मरीज को बुखार और बदन दर्द के साथ जोड़े के दर्द की समस्या बढ़ जाती है।

**ऐसे होता है मलेरिया**
मलेरिया मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से होता है। ये मच्छर गंदे पानी में पनपता है। आमतौर पर मलेरिया के मच्छर रात में ही ज्यादा काटते हैं। कुछ मामलों में मलेरिया अंदर ही अंदर बढ़ता रहता है। ऐसे में बुखार ज्यादा न होकर कमजोरी होने लगती है और एक स्टेज पर मरीज में खून की कमी हो जाती है।

**ऐसे होता है डेंगू**
एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर साफ पानी में पनपता है। डेंगू के कई प्रकार होते हैं। पहला प्रकार साधारण डेंगू बुखार होता है। पांच से सात दिन तक बुखार रहने पर मरीज आसानी से ठीक हो जाता है। दूसरा डेंगू का बुखार रक्तस्त्रावी बुखार होता है। इसमें रक्त वाहिकाओं में रक्तस्राव होता है और खून में प्लेटलेट्स की मात्रा कम होने लगती है। तीसरा प्रकार डेंगू शाक सिंड्रोम होता है। इसमें बुखार कई दिनों तक रहता है।

# बीटेक सिलेबस में शामिल हो सकता मेट्रो तकनीक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सहित देश भर में मेट्रो का नेटवर्क बढ़ रहा है। क्योंकि मेट्रो महानगरीय सार्वजनिक परिवहन का बड़ा और आरामदायक माध्यम बनकर उभरी है। इस बीच गति शक्ति विश्वविद्यालय के अधिकारियों व विशेषज्ञों ने हाल ही में शास्त्री पार्क स्थित दिल्ली मेट्रो रेल एकेडमी (डीएमआरए) का दौरा किया। इस दौरान मेट्रो तकनीक को बी-टेक पाठ्यक्रम में शामिल करने पर गति शक्ति विश्वविद्यालय और दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के अधिकारियों के बीच चर्चा हुई। ऐसे में मेट्रो तकनीक को अब बी-टेक पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जाएगा।

**दिल्ली एनसीआर में मेट्रो का नेटवर्क 393 किलोमीटर तक फैला**
डीएमआरसी ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी है। दिल्ली एनसीआर में मेट्रो का नेटवर्क 393 किलोमीटर है। डीएमआरसी मेट्रो कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए डीएमआरए का संचालन करता है। डीएमआरसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि गति शक्ति विश्वविद्यालय का प्रतिनिधिमंडल 14 अक्टूबर को डीएमआरए का दौरा करने पहुंचा था। इस दौर में दोनों विभागों के बीच समझौते पर फोकस किया गया। साथ ही मेट्रो तकनीक को बी-टेक पाठ्यक्रम में शामिल करने पर चर्चा की गई।


**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 64/2024**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1 कार्य का विवरण** : समई/लाइन/ इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में विविध सिविल निर्माण का कार्य (स्वीकृत कार्य के अर्न्तगत भोजीपुरा-लालकुआँ अनुभाग के मध्य बी.सी.एम मशीन से छनाई एवं बैलास्ट की आपूर्ति पूर्ण करना (64.3) किमी.)। **अनुमानित लागत रूपयों में** : रु. 3,24,42,886.03 **बयाना राशि रूपयों में**: रु. 3,12,200/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य** - शून्य **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 माह 1. ई-निविदा दिनांक 20.11.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।
मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्ल्यू-284
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# दिल्ली के सदर बाजार में फिर गरजेगा बुलडोजर?

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सदर बाजार थाने के इंस्पेक्टर व 11 पुलिस कर्मियों के लाइन हाजिर होने के बाद भी सदर बाजार क्षेत्र को रेहड़ी पटरी वालों के अतिक्रमण और अव्यवस्था से पूरी तरह से राहत नहीं मिली है। विशेषकर पुल मिठाई पर वर्षों से जमे रेहड़ी-पटरी वाले नासूर बने हुए हैं। मामले के जानकारों के अनुसार सदर बाजार में अतिक्रमण की तरह ही पुल मिठाई से अतिक्रमण के चलते खरीदारों के साथ ही दुकानदारों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

**तीन थानों के बीच सीमा विवाद के कारण पुलिस झाड़ती है पल्ला**
दिलचस्प यह कि इस पुल की सीमा थाना लाहौरी गेट, बाड़ा हिंदूराव व पुरानी सब्जी मंडी में आता है। जिसके कारण तीनों थाना सीमा विवाद में अतिक्रमण व अराजकता की स्थिति को एक-दूसरे के थाना सीमा में डालते हुए कार्रवाई से पल्ला झाड़ लेती है। इस रेलवे के पुल पर दो से तीन लेन में अतिक्रमण है, जिसके चलते बराबर जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में अपराधी दिनदहाड़े वारदात को भी अंजाम देने में सफल हो जाते हैं। यह पुल इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह सदर बाजार को तीस हजारी मेट्रो स्टेशन जोड़ने का एक ही मार्ग है। पुल मिठाई पर कुछ इस तरह का हो रखा है रेहड़ी पटरी वालों का अतिक्रमण। एमसीडी और दिल्ली पुलिस है इससे अंजन।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 CrPC देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहन, पुत्र** मनेश्वर टी.के., **निवासी**: मकान नं0 डब्ल्यूजेड-1359, ग्राम नंगल राय, नई दिल्ली, ने **E-FIR No. 8724/2018, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन सागरपुर, नई दिल्ली**, के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 8724/2018, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन सागरपुर, नई दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **रोहन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।
आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03,
कमरा नं0 18, प्रथम तल, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली
DP/14250/SW/2024
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82(2)(ii) CrPC देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **निर्तेद्र सिंह उर्फ कुल्ली, पुत्रः जीना सिंह, निवासीः मकान नंबर 215, खाटू श्याम मंदिर के पास, शाहबाद दौलतपुर, दिल्ली और निवासीः ग्राम जगतपुर, थाना शंभूगंज, जिला बांका, बिहार** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 170/2023 U/S 324/326 IPC** के तहत एक मामला **थाना के. एन काटजू मार्ग, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **निर्तेद्र सिंह उर्फ कुल्ली** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **निर्तेद्र सिंह उर्फ कुल्ली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **निर्तेद्र सिंह उर्फ कुल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
हिमांशु सेहलोथ
एल.डी. जेएमएफसी-03 (उत्तरी जिला)
कमरा नंबर 213, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/14169/RD/2024



**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र**
संदर्भ: 1. टेंडर संख्या: 02241692 नियत तिथि: 09.12.2024
2. टेंडर नोटिस संख्या: 40/2025-26
उपरोक्त संदर्भित टेंडर के मात्रा में बदलाव 1976 न. से 2576 न. किया गया है। शेष सभी नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।
यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुदित किया गया है www.ireps.gov.in.
3323/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**सूचना**
दिनांक 31.10.2024 (बृहस्पतिवार) दीपावली के उपलक्ष्य में दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालय जो कि मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/यात्री विपणन के अधीन कार्यरत हैं, उनके कार्य करने हेतु निम्नलिखित प्रबन्ध किये गये हैं:-
**(ए) आंशिक सेवाः** (1) आई०आर०सी०ए० भवन (2) दिल्ली जंक्शन व (3) हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षण कार्यालयों में सायंकालीन पारी में आंशिक सेवायें 18:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।
**(बी) सायंकालीन पारी में निम्न आरक्षण केन्द्र बन्द रहेंगे:-** (1) सरोजनी नगर (2) कीर्ति नगर (3) शकूरबस्ती (4) दिल्ली शाहदरा (5) गाजियाबाद (6) कड़कड़डूमा (7) ओखला (8) नोएडा (9) तुगलकाबाद (10) सब्जी मण्डी (11) आदर्श नगर (12) लाजपत नगर (13) रोहिणी (14) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) (15) अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो (ITB)।
उपरोक्त सभी कार्यालय प्रातः कालीन पारी में यथावत कार्यरत रहेंगे।
**(सी) निम्नलिखित आरक्षण केन्द्र पूरे दिन बन्द रहेंगे:-** (1) संसद भवन (2) प्रैस-क्लब ऑफ इण्डिया (3) रेलवे बोर्ड (4) सुप्रीम कोर्ट (5) हाई कोर्ट।
सुधीर सिंह
वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक/डाटा बेस
3318/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई- निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09242049 | बोगी सेंटर पिवट टॉप | 6267 नग | 18-11-24 |
| 02 | 09242114A | लॉक | 2845 नग | 18-11-24 |
| 03 | 07241327 | लावटोरी डोर अरेंजमेंट | 861 नग | 20-11-24 |
| 04 | 04240105 | ए पी आई - सी आई 4 प्लस ग्रेड ऑफ लुब्रीकेंट आयल | 98700 लीटर | 02-12-24 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 66/2024-2025 दिनांक 25.10.2024 3322/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी हेतु सूचना**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022. के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 25.10.2024 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12148 (R1), 12418 (F1), 14006 (F1), 14714 (F1), 22421 (F2 & R1), 22995 (F1) |
| 2. | 28.10.2024 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाड़ी में - 12226/12225, 12236/12235, 12264/12263, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12454/12453, 12488/12487 (सोमवार, मंगलवार और गुरूवार के लिए) 20408/20407, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा **01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर गाड़ी संख्या : 22418/22417** |
| 3. | 29.10.2024 को 10:00 बजे | 12060 (F1) (सोमवार और मंगलवार के लिए), 12284 (F1), 12428 (F1) (सोमवार), 12612 (F1), 12878 (F1), 14012 (F1), 14014 (F1), 14050 (F1), 14303 (F1 & R1), 14305 (F1 & R1), 14331 (F1 & F2), 22168 (R1), 14331 (R1) |
| 4. | 30.10.2024 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12455 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 22454 (F1, F2 & R1) |
| 5. | 04.11.2024 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12034 (F1), 12432 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 12782 (F1), 14316 (F2), 15035 (F2), 15484 (F1), 20802 (F1), 22472 (F1, F2 & R1) |
| 6. | 05.11.2024 को 10:30 बजे | 12045 (F1), 12265 (F1), 12754 (F1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14681 (F1), 22401 (F1), 22414 (F1) |
| 7. | 06.11.2024 को 10:30 बजे | 12122 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14521 (F1, F2 & R1), 20818 (F1), 22210 (F1), 22420 (F1) |
| 8. | 07.11.2024 को 10:30 बजे | 12191 (Fl & F2), 12457 (F1, F2 & R1), 12918 (F1), 12963 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 22463 (F1) |
| 9. | 08.11.2024 को 10:30 बजे | 12050 (F1), 12066 (F1), 14041 (R1) (सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार के लिए), 14041 (R1) (रविवार) 14087 (F1, F2 & R1), 14089 (F1, F2 & R1), 14303 (F2), 14305 (F2), 15060 (F1 & R1), 20473 (F1 & R1), 22168 (F1 & F2), 22986 (F1), 22950 (F1) |

**महत्वपूर्ण सूचनाः**
1 ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोली दाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning centre.html.** (E-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।
2 **घरोहर राशि जमा (ईएमडी)**: नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोली दाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
3 रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी भी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने की स्थिति पर निर्भर करता है। 3310/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## 80 लाख की हेरोइन के साथ पति-पत्नी व सास गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने बवाना की जेजे कॉलोनी में छापा मारकर 378 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बाजार में इस हेरोइन की कीमत 80 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने इस संबंध में पति-पत्नी और सास को गिरफ्तार किया है। आरोपित व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत चार, उसकी पत्नी और सास के विरूद्ध क्रमशः एक और दो मामले दर्ज हैं। गत सात अक्टूबर को बवाना में 274 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ के बाद पुलिस के हत्थे तीनों आरोपित चढ़े। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि गत सात अक्टूबर को बवाना की जेजे कॉलोनी से सफीकुल नामक व्यक्ति को 274 ग्राम हेरोइन (वाणिज्यिक मात्रा) के साथ गिरफ्तार किया गया।


**उत्तर मध्य रेलवे**
पत्रांकः म.रे.प्र./आगरा/डिरेलमेंट / 2024 दिनांकः 24.10.2024
**सार्वजनिक नीलामी सूचना**
उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में वृन्दावन रोड- अझई स्टेशन के Km. 1408/14-1407/34 के मध्य में 18 सितंबर 2024 को हुए डिरेलमेंट में गिरे लगभग 1665 टन (बुक्ड रेलवे रशीद के अनुसार) कोयले की नीलामी की जाएगी। यह नीलामी 'जहाँ है, जिस स्थिति में है' के आधार पर होगी।
**नीलामी की शर्तें:-** (1) इच्छुक व्यक्ति या फर्म रुपये 50,000 की जमानत राशि और पहचान पत्र के साथ नीलामी में भाग ले सकते हैं। (2) नामांकन नीलामी के दिन सुबह 11 बजे तक मथुरा में मुख्य माल पर्यवेक्षक के कार्यालय में होगा। (3) उच्चतम बोली पर कोयले को बेचा जाएगा, लेकिन आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं। (4) सफल बोलीदाता को 10% राशि नीलामी के दिन और शेष राशि अगले दिन जमा करनी होगी। नीलामी के दौरान प्रत्येक बोली के मध्य न्यूनतम बोली वृद्धि रुपये 10,000/- होगी। (5) विक्रय राशि पर GST अलग से देय होगा। (6) संपूर्ण माल को सफल नीलामी के एक सप्ताह के भीतर हटाना अनिवार्य है। (7) रेलवे नीलामी को रद्द या अग्रसारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
**नीलामी की तिथि - दिनांक- 05.11.2024, दिन- मंगलवार**
**समय- 12 बजे, स्थान- मथुरा मालगोदाम कार्यालय**
1860/24(A) मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उ.म.रे-आगरा
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी हेतु सूचना**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के द्वारा, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022. के अनुसार दिल्ली मंडल के आनंद विहार रेलवे स्टेशन के प्लैटफॉर्म-1 पर स्थित अमानती-सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा पांच (05) वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है :

| क्र. सं. | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1 | 29.10.2024 को प्रातः 11:00 बजे | आनंद विहार रेलवे स्टेशन के प्लैटफॉर्म-1 पर स्थित अमानती-सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु 05 (पांच) वर्षों का अनुबंध। |

**महत्वपूर्ण सूचना**: 1. ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. घरोहर राशि जमा (ईएमडी)**: नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। 3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3311/24



**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि तथा समय | अनुमानित लागत रुपये | घरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी-15/24-25 | टेलीकॉम वर्क इन कनेक्शन विद रिप्लेसमेंट ऑफ आर.टी.यू ऐज पर लैटस्ट आर.डी.ऐस.ओ स्पेसिफिकैशन टू अपग्रेड द इसकाडा सिस्टम ऐट आरसीसी/स्विचइंग पोस्ट्स अंबाला यार्ड - ललन कला सेक्शन (ऐस ऐस पी = सहारनपुर खानालमपुरा यार्ड, सराईबंजारा, न्यू मोरिंडा, अंबाला यार्ड, दप्पर, चंडीगढ़, चंदीमंदिर एसएएस नगर एण्ड खरर ऐस पी = समराला | 18.11.2024 at 15:00 hrs | Rs. 15720344.73 | Rs. 228600.00/- | 180 दिन |

नोट :- वरि0 मंडल सिग0 एवं टेली0 इंजी0/उ0रे0, डी0आर0एम0 ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करें। 1. टैन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लाग ऑन करें। 2. निविदाकारों को ई-टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।
**संख्या : एस.डब्लू/सिग/अम्बाला/एन०आई०टी-05/2024-25 दिनांकः- 22.10.2024** 3313/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक, नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# अब 13 हॉटस्पॉट की ड्रोन से होगी निगरानी

## प्रदूषण रोकने के लिए आतिशी सरकार ने उठाया एक और ठोस कदम, गोपाल राय ने शुक्रवार को वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया

**ठोस कदम**

**दिल्ली सरकार ड्रोन के माध्यम से दिल्ली भर में हॉटस्पॉट की निगरानी करेगी: गोपाल राय**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजधानी** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आतिशी सरकार ने एक और ठोस कदम उठाया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को घोषणा की कि दिल्ली सरकार ड्रोन के माध्यम से दिल्ली भर में हॉटस्पॉट की निगरानी करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिन-रात काम कर रही है। गोपाल राय ने शुक्रवार को वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया। यह क्षेत्र शहर के 13 हॉटस्पॉट में से एक है। पत्रकारों से बात करते हुए राय ने कहा, "जैसा कि हमने सर्दियों के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एक विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी, उस विंटर एक्शन प्लान में, प्रदूषण को नियंत्रित करने, वाहन प्रदूषण को नियंत्रित करने, बायोमास जलाने को नियंत्रित करने के लिए अलग-अलग उपाय किए जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार दिन-रात काम कर रही है। प्रदूषण का स्तर दिल्ली में सामान्य एक्यूआई स्तर से अधिक है।

### ड्रोन उड़ाने का उद्देश्य प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करना: गोपाल राय

**उन्होंने** कहा, "इस ड्रोन को उड़ाने का उद्देश्य आधुनिक तकनीक का उपयोग करके आकाश में विभिन्न स्थानों से प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करना और उसके अनुसार केंद्रित कार्ययोजना बनाना है। यह ड्रोन 200 मीटर की रेंज में वजीरपुर के हॉटस्पॉट और विभिन्न क्षेत्रों और मोहल्लों में प्रदूषण के स्रोतों की तस्वीरें लेगा और इन तस्वीरों के माध्यम से हम उनका विश्लेषण करेंगे और डीपीसीसी और पर्यावरण विभाग को एक रिपोर्ट सौंपेंगे।" शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में धुंध की चादर छाई रही और सुबह 8 बजे वायु गुणवत्ता 283 दर्ज की गई।

**वजीरपुर दिल्ली के 13 हॉटस्पॉट में से एक: गोपाल**

उन्होंने कहा कि इस बार हमने फैसला किया कि हम ड्रोन के जरिए हॉटस्पॉट की निगरानी करेंगे और उसी के तहत आज वजीरपुर हमारे 13 हॉटस्पॉट में से एक है। यहां आज पैनल एजेंसी द्वारा ड्रोन का संचालन किया गया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन 200 मीटर की रेंज में वजीरपुर के हॉट स्पॉट और विभिन्न क्षेत्रों और मोहल्लों में प्रदूषण के स्रोतों की तस्वीरें लेगा और इन तस्वीरों के माध्यम से हम उनका विश्लेषण करेंगे।

### प्रदूषण पर सीजेआई ने जताई थी चिंता

**सुबह** 8:00 बजे दर्ज किए गए आंकड़ों के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 218, पंजाबी बाग में 245, इंडिया गेट में 276 और झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र में 288 दर्ज किया गया। 24 अक्टूबर को, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत के दौरान शहर में बढ़ते प्रदूषण के स्तर के बारे में अपनी चिंताएं साझा कीं। उन्होंने बताया कि उनके डॉक्टर ने उन्हें खराब वायु गुणवत्ता के कारण सुबह की सैर से बचने की सलाह दी है, जिससे उन्हें सांस संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इस बीच, दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने गुरुवार को दिल्ली के प्रदूषण के संबंध में मुख्यमंत्री आतिशी को एक पत्र लिखा और प्रदूषण कम करने में मदद के लिए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों (सीडीवी) का उपयोग करने का आह्वान किया।

# मधु कोड़ा नहीं लड़ सकेंगे विधानसभा चुनाव

**याचिका खारिज**

**जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने मधु कोड़ा की याचिका खारिज करने का आदेश दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की कोयला घोटाला मामले में ट्रायल कोर्ट की ओर से दोषी ठहराये जाने के फैसले को निलंबित करने की मांग खारिज कर दी है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने मधु कोड़ा की याचिका खारिज करने का आदेश दिया। इसके पहले 18 अक्टूबर को दिल्ली हाई कोर्ट ने मधु कोड़ा की याचिका खारिज कर दी थी। कोड़ा ने याचिका में कहा था कि वे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और वे झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। अगर उनकी सजा को निलंबित नहीं किया जाता है तो वे आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

पटियाला हाउस कोर्ट ने 16 दिसंबर 2019 को मधु कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता, झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव एके बसु और विजय जोशी को तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई थी। तीन साल की सजा के अलावा मधु कोड़ा को 25 लाख, विजय जोशी को 25 लाख, एचसी गुप्ता को 1 लाख, एके बसु को 1 लाख और विनी आयरन एंड स्टील कंपनी को 50 लाख का जुमार्ना देने का आदेश दिया था। मधु कोड़ा ने पटियाला हाउस कोर्ट के इसी आदेश को निलंबित करने की मांग की थी।

उल्लेखनीय है कि मधु कोड़ा को निचली अदालत ने तीन साल की सजा सुनाई है। वह इस सजा पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। नतीजतन, अब वे विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

# हाई कोर्ट शरजील की जमानत पर तेजी से सुनवाई करे: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट से कहा है कि वो दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में आरोपित शरजील इमाम की जमानत अर्जी पर तेजी से सुनवाई करे। जस्टिस बेला त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। शरजील इमाम की ओर से दायर अर्जी में कहा गया था कि हाई कोर्ट में उनकी जमानत अर्जी पर दो साल से सुनवाई नहीं हो पा रही है। उनकी याचिका 64 बार सुनवाई के लिए लिस्ट हुई। इनमें से सिर्फ 8 बार उनके वकील की ओर से सुनवाई टालने का आग्रह किया गया। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट हाई कोर्ट को जल्द जमानत अर्जी पर फैसला लेने को कहे या फिर सुप्रीम कोर्ट खुद ही जमानत पर फैसला ले।

सुप्रीम कोर्ट ने शरजील इमाम को अपनी ओर से तो जमानत देने से इनकार कर दिया परन्तु हाई कोर्ट को अर्जी पर तेजी से सुनवाई करने के लिए जरूर कहा है। शरजील इमाम पर उत्तर पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगे की साजिश रचने का आरोप है। इस दंगे में 53 लोगों की मौत हुई थी और सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को नुकसान हुआ था।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल का एक्शन

## पुलिस को मिली सफलता: देशभर में सात शूटर्स गिरफ्तार, पुलिस ने शूटर्स के पास से हथियार भी बरामद किए



**धरपकड़**

**पुलिस ने शूटर्स के पास से हथियार भी बरामद किए हैं। यह सभी शूटर्स बिश्नोई के गिरोह से जुड़े हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: लॉरेंस** बिश्नोई गैंग के खिलाफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बड़ी कार्रवाई की है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 7 शूटर्स गिरफ्तार हुए हैं। सभी शूटर्स की गिरफ्तारी पंजाब और अन्य राज्यों से की गई है। पुलिस ने शूटर्स के पास से हथियार भी बरामद किए हैं। बताया जा रहा है, यह सभी शूटर्स लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह से जुड़े हैं।

पुलिस अधिकारियों ने इस घटना की जानकारी देते हुए कहा, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने कम से कम सात संदिग्ध शूटरों को गिरफ्तार किया है जो राजस्थान में किसी को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। ये गिरफ्तारियां 12 अक्टूबर को मुंबई में एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की सनसनीखेज हत्या के कुछ दिनों बाद हुई हैं। हत्या की जिम्मेदारी बिश्नोई गैंग ने ली है।

**राजस्थान में था टागरेट**

अधिकारियों ने कहा कि सात गिरफ्तारियां पंजाब और अन्य राज्यों से की गईं और पकड़े गए लोगों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि ऐसा संदेह है कि वे आरजू बिश्नोई के निर्देश पर राजस्थान में किसी को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे, जो जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का करीबी विश्वासपात्र है। उन्होंने कहा कि आरोपियों से आगे की पूछताछ की जा रही है और यह भी जांच की जाएगी कि क्या वे किसी तरह से बाबा सिद्दीकी पर हमले से जुड़े हुए हैं।

**अनमोल बिश्नोई पर एनआईए का शिकंजा**

बता दें कि इससे पहले एनआईए ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी के लिए 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। अनमोल पर 2022 में दर्ज दो एनआईए मामलों में आरोपपत्र दाखिल किया गया है।

# बढ़ते प्रदूषण को लेकर डीजीएचएस ने लिखा सभी राज्यों को पत्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत कई राज्यों में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) अतुल गोयल ने लोगों को जागरूक करने और सांस की बीमारियों के उच्च जोखिम वाले मरीजों को सचेत रहने की सलाह दी है। डीजीएचएस ने खेल और व्यायाम जैसी बाहरी गतिविधियों को प्रतिबंधित करने की भी सलाह दी है। खासकर बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं श्वसन और हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए बाहरी गतिविधियों से बचने की सलाह दी है। इस संबंध में डीजीएचएस ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कारगर कदम उठाने की सलाह दी है।

# हाईकोर्ट ने विकिपीडिया की कार्यशैली पर उठाया सवाल



**सुनवाई**

**एएनआई ने विकिपीडिया पर किया है मानहानि का केस**

**विकिपीडिया के एएनआई पेज पर उसे प्रोपेगेंडा टूल बताया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक सुनवाई के दौरान बड़ी टिप्पणी कर विकिपीडिया की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। उच्च न्यायालय ने विकिपीडिया पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह खतरनाक है कि कोई भी विकिपीडिया के मंच पर पृष्ठों को संपादित कर सकता है।

**यह किस तरह का पेज का है**

अदालत ने कहा कि यह कैसे हो सकता है। मानहानि मुकदमे की सुनवाई के दौरान विकिपीडिया की कार्यप्रणाली को समझाए जाने के बाद न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने यह टिप्पणी की। पीठ ने पूछा कि क्या कोई विकिपीडिया पर किसी पृष्ठ को संपादित कर सकता है? अगर यह किसी के लिए भी संपादन के लिए खुला है तो यह किस तरह का पेज है?

**कोई भी कंटेंट एडिट कर सकता है लेकिन...**

अदालत के सवाल के जवाब में विकिपीडिया ने बताया कि उनके प्लेटफॉर्म पर कोई भी कंटेंट का संपादन कर सकता है, ऐसे में उसके खिलाफ मुकदमा चलाना ठीक नहीं है। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने इस पर हैरानी जताई और कहा कि क्या विकिपीडिया के पर कोई भी पेज को एडिट कर सकता है? आखिर यह कैसा पेज है, जिसे कोई भी खोलकर एडिट कर सकता है।

तब विकिपीडिया ने जवाब दिया कि भले ही किसी को भी हमारे प्लेटफॉर्म पर एडिट करने का अधिकार हो लेकिन उन पर भी इंटरनेट पर कंटेंट पब्लिश करने से संबंधित नियम लागू होते हैं।

# आबकारी घोटाला: बिजनेसमैन अमनदीप व अमित को सीबीआई मामले में जमानत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के आरोपित बिजनेसमैन अमनदीप ढल और अमित अरोड़ा को सीबीआई के मामले में जमानत दे दी है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अमनदीप ढल की जमानत के बाद दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के सभी आरोपितों को जमानत मिल चुकी है। सुनवाई के दौरान अमनदीप ढल की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि आरोपित को हाल ही में हाई कोर्ट की ओर से मनी लांड्रिंग मामले में जमानत दी गई है। इस मामले में अमनदीप ढल सबसे ज्यादा समय से हिरासत में हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने 17 सितंबर को अमनदीप ढल और अमित अरोड़ा को मनी लांड्रिंग मामले में जमानत दी थी।

# कुम्हार कॉलोनी पहुंचे राहुल गांधी, मिट्टी से बर्तन बनाने की बारीकियां सीखीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार सुबह अचानक पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर स्थित कुम्हार कॉलोनी पहुंचे। उन्होंने कुम्हार कॉलोनी के प्रधान रहे हरिकिशन के परिजनों तथा स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। इस दौरान राहुल ने मिट्टी से तैयार होने वाले उत्पादों की बारीकियां भी सीखीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली के उत्तम नगर में एशिया की सबसे बड़ी कुम्हार कॉलोनी है।

# दिल्ली की सड़कों से पांच लाख कारें हो जाएंगी गायब !



**सख्ती**

**बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार पहिया वाहनों पर लगेगी रोक**

**पकड़े जाने पर वाहन मालिक का होगा 20 हजार का चालान**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल कार चला रहे हैं तो आज से इन्हें छोड़ सार्वजनिक वाहनों में यात्रा करने की आदत डाल लें, क्योंकि परिवहन विभाग जल्द ही इन कारों पर प्रतिबंध लगाने जा रहा है।

यानी कि ग्रैप-तीन के नियम लागू होते ही बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार पहिया वाहन चलते पर प्रतिबंध लगेगा। ऐसा वाहन चलते पाया जाएगा तो उसके मालिक पर 20 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा। दिल्ली में बीएस-3 के 2,07,038 पेट्रोल वाहन व बीएस-4 के 3,09,225 डीजल वाहन हैं। दिल्ली में ऐसी कुल पांच लाख कारें पंजीकृत हैं जिनसे लोग दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र के आवागमन करते हैं। ये कारें आज से नहीं चल सकेंगी। इन कारों पर प्रतिबंध इसलिए भी लगाया गया है। क्योंकि दिल्ली में कुल होने वाले प्रदूषण में वाहनों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत के करीब है। दिल्ली में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता आयोग ने दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में इलेक्ट्रिक और सीएनजी से चलने वाले सार्वजनिक वाहनों को बढ़ावा देने का निर्देश दिया है। इसके अलावा एक नवंबर से दिल्ली में एनसीआर से केवल बीएस-6 श्रेणी वाली बसें ही दिल्ली में आ सकेंगी। बीएस-3 पेट्रोल यानी एक अप्रैल 2010 से पहले के पेट्रोल वाहन और बीएस-4 डीजल के एक अप्रैल 2020 से पहले के पंजीकृत चार पहिया डीजल वाहन दिल्ली में नहीं चल पाएंगे।



# तीन गुणा रफ्तार से करेंगे कामः सीएम सैनी

**शपथ**

**विपक्ष से जनहित में जो भी सुझाव मिलेंगे, हम उनका पूरा मान-सम्मान करते हुए जनता की अपेक्षाएं पूरा करेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम नॉन स्टॉप हरियाणा के लिए तीन गुणा रफ्तार से काम करेंगे। इस काम में विपक्ष का भी अहम योगदान रहेगा। विपक्ष से जनहित में जो भी सुझाव हमें मिलेंगे, हम उनका पूरा मान-सम्मान करते हुए जनता की अपेक्षाएं, आशाएं व आकांक्षाओं को पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री, जो सदन के नेता भी हैं, आज 15वीं हरियाणा विधानसभा सत्र के प्रथम दिन सदन द्वारा सर्वसम्मति से विधायक हरविंदर कल्याण को हरियाणा विधानसभा का नया अध्यक्ष चुने जाने के बाद सदन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने हरविंदर कल्याण को अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि अपने विस्तृत अनुभव, अनूठी कार्यशैली और विनम्रता तथा विवेक जैसे अद्भुत व्यक्तित्व के अनेक गुणों से हरविंदर कल्याण अध्यक्ष पद की गरिमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि हरविंदर कल्याण इस महान सदन में लगातार तीसरी बार चुनकर आए हैं। उनके पास राजनीतिक और सामाजिक जीवन का लंबा अनुभव है। गत 10 वर्षों में अनेक संसदीय समितियों में उन्होंने विधायी कामकाज को पूरी निष्ठा से किया है। गर्व की बात है कि वर्ष 2019 से 2023 की अवधि में वे लोक लेखा समिति के अध्यक्ष रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने अनुमान समिति और सार्वजनिक उपक्रम समिति के अध्यक्ष पद को भी सुशोभित किया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी कार्यकुशलता और निष्पक्ष प्रवृत्ति से नव निर्वाचित अध्यक्ष इस सदन की कार्यवाही का संचालन प्रभावी रूप से करेंगे। इससे लोकतंत्र परम्पराएं और सुदृढ़ होंगी। सदन के अध्यक्ष के रूप में हर कदम पर नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उन्होंने सदस्यों से भी अनुरोध करते हुए कहा कि वे सभी सामूहिक रूप से मनसा वाचा-कर्मणा जनहित व प्रदेश हित को सर्वोपरि रखें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17वीं लोकसभा के आरंभिक सत्र में कहा था कि हम संख्या के बल के आधार पर नहीं, हम सबको विश्वास में लेकर चलना चाहते हैं। प्रधानमंत्री का यह वाक्य हमारे लिए आदर्श रहेगा और इस सदन की हर बैठक में यह हमारा भी मूल मंत्र रहेगा।

## 40 सदस्य पहली बार बने विधायक, 13 महिला विधायक भी चुनकर आईं

नायब सिंह सैनी ने कहा कि 15वीं विधानसभा के 90 सदस्यों में से 40 सदस्य ऐसे हैं जो पहली बार चुनकर आए हैं। जहां एक ओर नये सदस्यों को पुराने सदस्यों से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। वहीं नये सदस्यों की ऊर्जा व उत्साह से पुराने सदस्यों को भी प्रेरणा लेने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पहली बार चुनकर आए विधायकों को बोलने का पर्याप्त अवसर अवश्य दिया जाए। उन्होंने कहा कि 14वीं विधानसभा में नवरत्न रूपी 9 महिलाएं सदस्य चुनकर आई थीं। यह हर्ष की बात है कि इस बार यह संख्या डेढ़ गुणा बढ़कर 13 हो गई है। मुख्यमंत्री ने कृष्ण लाल मिड्ढा को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा के इतिहास में पहली बार विधानसभा के अध्यक्ष एक इंजीनियर और उपाध्यक्ष एक डॉक्टर चुने गये हैं। इस सुखद संयोग से प्रदेश के विकास को चार चांद लगेंगे। उन्होंने कहा कि उपाध्यक्ष सबको साथ लेकर चलेंगे, सबको अपनी बात रखने का पूरा अवसर देंगे और सदन की मर्यादा को पूरी तरह से कायम रखेंगे।

**लोकतांत्रिक मूल्यों का पूरी निष्ठा से पालन किया जायगाः सीएम**

मुख्यमंत्री ने समूचे सदन की तरफ से व मंत्रिमंडल की तरफ से विश्वास दिलाते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही के सुचारू संचालन में लोकतांत्रिक मूल्यों का पूरी निष्ठा से पालन किया जायगा।

# झूठा साबित हुआ एमएसपी और वक्त पर खाद देने का वादा- हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी सरकार जानबूझकर धान की खरीद, उठान और भुगतान में देरी कर रही है। क्योंकि सरकार का मकसद कृषि और किसान को घाटे में धकेलना है। हुड्डा विधानसभा सत्र की कार्यवाही के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपने वादे को तोड़ना बीजेपी की पुरानी आदत है। एकबार फिर बीजेपी सरकार किसानों को पूरी एमएसपी और समय पर खाद देने में नाकाम साबित हुई है। प्रदेश की मंडियों में धान की सुचारू खरीद नहीं होने के चलते किसान एमएसपी से 200-300 रुपये कम रेट में फसल बेचने को मजबूर हैं। जबकि बीजेपी ने चुनाव में किसानों को धान की खरीद 3100 रुपये के रेट पर करने का वादा किया था। लेकिन हमेशा की तरह बीजेपी का यह वादा भी झूठा साबित हुआ। हुड्डा ने कहा कि

**सरकार को घेरा**

**चुनावी वादे के मुताबिक धान का 3100 रेट दे बीजेपी सरकारः भूपेंद्र सिंह हुड्डा**

कांग्रेस सरकार के समय किसानों को कभी भी अपनी फसल बेचने में कोई दिक्कत पेश नहीं आती थी। जे फॉर्म काटने के बाद तीन दिन के भीतर उनका पूरा भुगतान हो जाता था। लेकिन अब किसानों को फसल का भुगतान मिलने में कई-कई दिन और कई-कई महीने तक लग जाते हैं। इतना ही नहीं ये सरकार अगली फसल की बिजाई के लिए किसानों को समय पर डीएपी भी मुहैया नहीं करवाया पा रही। खाद की सप्लाई नहीं होने के चलते किसानों को लंबी-लंबी कतारों में कई-कई दिन इंतजार करना पड़ रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### राज्यपाल ने दिलाई विधायक डॉ. रघुवीर सिंह कादियान को प्रोटेम स्पीकर की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को राजभवन में सातवीं बार हरियाणा विधानसभा के सदस्य चुने गए वरिष्ठ विधायक डा0 रघुवीर सिंह कादियान को विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के तौर पर भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा और निष्ठा, प्रभुता और अखंडता को बनाए रखने एवं कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डा0 रघुवीर सिंह कादियान को विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर बनने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### समाधान शिविर में जिले से आई 46 शिकायतें, मौके पर 10 का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसारः** प्रदेश सरकार के आदेशानुसार नगर निगम से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य सभागार में समाधान शिविर लगाया गया। समाधान शिविर के तीसरे दिन उप निगमायुक्त वीरेंद्र सहारण सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। समाधान शिविर में शहरवासियों ने प्रॉपर्टी टैक्स, सफाई, तहबाजारी, जन्म-मृत्यु व तकनीकी शाखा आदि शिकायतें दी। निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार के अनुसार नगर निगम से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर एक माह के लिए प्रतिदिन लगाया जाएगा निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि समाधान शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को नगर निगम हिसार में 39 शिकायतें व पूरे जिले में 46 शिकायतें आई। इनमें से जिले से मिली 10 शिकायतों का समाधान मौके पर कर दिया गया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को समाधान करने के निर्देश दे दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि अधिकतर शिकायतें प्रॉपर्टी टैक्स से सम्बन्धित हैं। इसके अलावा जन्म-मृत्यु, तकनीकी, सफाई शाखाओं से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुई हैं। नगर निगम हिसार में 39 शिकायतें आई जिनमें 6 का मौके पर निपटान किया गया। नगर परिषद हांसी में 5 शिकायतें आई जिनमें से 4 का मौके पर समाधान कर दिया गया। नगरपालिका नारनौंद में दो शिकायतें आई जिनके समाधान करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिये गए। समाधान शिविर के दौरान उकलाना, बरवाला व आदमपुर से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। शेष शिकायत के समाधान हेतु निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने जिले की सभी यूएलबी के अधिकारियों व कर्मचारियों को जल्द निपटान करने के आदेश दिये। समाधान शिविर के दौरान नगर निगम हिसार में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, उप-निगम आयुक्त वीरेंद्र सहारण, कार्यकारी अभियंता संदीप धुंधवाल, कार्यकारी अभियंता संदीप सिहाग, एसडीओ साहिल, एई सुमित कुमार, सचिव संजय शर्मा, सचिव दीपक कुमार, जेई रामदिया शर्मा, जेई कुशल, कानूनगो होशियार सिंह राणा, एक्सपर्ट बिंदु ढांडा, एक्सपर्ट अनिल मेहता, एक्सपर्ट राजकुमार श्योकंद सहित सभी शाखाओं के कर्मचारी मौजूद रहे।

### रन फॉर यूनिटी में उमंग व उत्साह के साथ दौड़ेंगे गुरुग्राम वासी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्रामः** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर गुरुग्राम में 31 अक्टूबर की सुबह रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार में विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल रन फॉर यूनिटी में मुख्य अतिथि होंगे। डीसी निशांत कुमार यादव ने यह बात शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में रन फॉर यूनिटी की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही। निशांत कुमार यादव ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऐसे में इस आयोजन को लेकर जिला एवं प्रदेश में विशेष उत्साह दिखाई देना चाहिए। इस आयोजन में युवाओं के साथ-साथ विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी होनी चाहिए। इस आयोजन में आरडब्ल्यूएस को भी शामिल किया जाए। साथ ही इस आयोजन में बड़ी संख्या में जनभागीदारी रहेगी ऐसे में अपेक्षित संख्या के हिसाब से प्रतिभागियों की सुविधा के इंतजाम होने चाहिए। रन फॉर यूनिटी के नोडल अधिकारी एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि इस आयोजन का लोगो भी फाइनल हो चुका है। इस आयोजन में भागीदारी करने वालों के लिए एक्सपो भी

# कार ने मारी स्कूटी को टक्कर, मां-बेटी जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबादः** फरीदाबाद के सेक्टर 29 बाईपास के पास शुक्रवार को एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिसमें स्कूटी सवार मां-बेटी की हालत नाजुक बना हुई है। उन्हें फरीदाबाद के सेक्टर 28 स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के चश्मदीदों ने बताया कि कार काफी तेज रफ्तार में थी, जिसमें दो युवक और दो युक्तियां सवार थीं। युवकों ने काफी शराब पी हुई थी। वह शराब के नशे में थे। इसके चलते उन्होंने स्कूटी सवार मां-बेटी को टक्कर मार दी। इसके कारण उन्हें काफी गंभीर चोटें आई। कार इतनी तेज गति में थी कि कार के चारों पहिए ऊपर हो गए और कार पलट गई। आसपास के लोगों ने जैसे-तैसे चारों को कार से बाहर निकाला। उन्हें हलकी-फुल्की चोट आई है। लेकिन नशे में धुत युवक मौके पर पहुंची पुलिस को ही धमकाने लगे। उन्होंने पुलिसकर्मियों को धमकाते हुए कहा की वह उनकी वर्दी उतरवा देंगे, उनकी नौकरी खतरे में पड़ जाएगी। मामले में ट्रैफिक पुलिसकर्मी से जब बात की गई तो उसने बताया कि वह सबसे पहले मौके पर पहुंचे थे।

# हरविंदर सर्वसम्मति से 15वीं विधानसभा के स्पीकर बने

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की पंद्रहवीं विधानसभा के शुक्रवार को आहूत सत्र में जहां प्रोटेम स्पीकर रघुवीर सिंह कादियान ने नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। वहीं नई विधानसभा के स्पीकर घरौंडा से भाजपा विधायक हरविंदर कल्याण और डिप्टी स्पीकर जींद से भाजपा विधायक डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा सर्वसम्मति से चुने गए।दोनों को चुनाव के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बधाई देते हुए कहा कि उम्मीद है कि दोनों अपने पदों पर कार्य करते हुए लोकतांत्रिक परम्पराओं का निर्वहन करेंगे।



सदन में सभी सदस्यों को शपथ दिलाए जाने के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्पीकर पद के लिए हरविंदर कल्याण के नाम का प्रस्ताव रखा। इसे सदन ने सर्व सम्मति से स्वीकार कर लिया। इसके बाद सैनी ने हरविंदर कल्याण को गले मिलकर बधाई दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कल्याण को कुर्सी पर बैठाया। वहीं विधानसभा उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर) डॉ. कृष्ण मिड्ढा को चुना गया। नया अध्यक्ष चुने के बाद मंत्री अनिल विज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा में बहस हो गई। विज ने कहा कि आपके (भूपेंद्र हुड्डा) पास जो कुछ था, हरियाणा की जनता ने उस पर कटा लगा दिया है। इस पर हुड्डा खड़े हो गए और कहा कि मैं पहले दिन विवाद नहीं चाहता। यह तरीका गलत है। हुड्डा ने कहा कि स्पीकर महोदय, दो आदमियों को कस के रखना। सदन अच्छा चलेगा। एक महीपाल ढांडा और दूसरा अनिल विज।

**अहम पद**

**डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा को सदन ने चुना, मुख्यमंत्री और सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों ने दी बधाई**

वहीं इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने मोबाइल में देखकर भाषण पढ़ा। इस पर अध्यक्ष ने उन्हें टोका और कहा कि आगे से यहां मोबाइल का इस्तेमाल नहीं होगा। सत्र की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई। शुरुआत में राष्ट्रगान गाया गया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सबसे सीनियर विधायक रघुवीर कादियान को राजभवन में प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई।

# इनेलो ने आदित्य को विधानसभा में इनेलो पार्टी का विधायक दल का नेता बनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. ओम प्रकाश चौटाला से अनुमति लेने के उपरांत आदित्य देवीलाल को विधानसभा में इनेलो पार्टी का विधायक दल का नेता और अर्जुन चौटाला को चीफ व्हिप नियुक्त किया। शुक्रवार को विधानसभा सत्र के दौरान इनेलो के नवनिर्वाचित विधायक आदित्य देवीलाल और अर्जुन सिंह चौटाला को प्रोटेम स्पीकर ने विधायक पद की शपथ दिलवाई। नवनिर्वाचित स्पीकर एवं

**जिम्मेदारी**

**नवनिर्वाचित विधायक आदित्य देवीलाल और अर्जुन सिंह चौटाला को विधायक पद की शपथ दिलवाई**

डिप्टी स्पीकर को बधाई देते हुए अपने संबोधन में आदित्य देवीलाल ने कहा कि विधानसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनो परिवारों का इनेलो पार्टी से गहरा संबंध रहा है और दोनो परिवार चौ. देवीलाल और चौ. ओम प्रकाश चौटाला के परिवारिक सदस्य और संघर्ष के साथी रहे हैं। अबकी बार उनके और अर्जुन चौटाला समेत विधानसभा में 40 नए विधायक चुन कर आए हैं जिन्होंने अपनी विधानसभा क्षेत्र में बहुत मेहनत की है और अपने क्षेत्र के लोगों के आर्शिवाद और सहयोग से पहली बार विधायक चुन कर आए हैं। सभी आशा करते हैं कि विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नए चुनकर आए सभी विधायकों को सदन में अपनी बात रखने का पूरा मौका देंगे।

# हाईवे की ग्रिल तोड़कर पलटा कंटेनर

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबादः** जिले में गुरुवार देर रात बडखल मेट्रो स्टेशन से करीब 100 मीटर आगे दिल्ली से फरीदाबाद जाने वाले नेशनल हाईवे पर कार को बचाने के चक्कर में एक कंटेनर ट्रक ग्रिल को तोड़ते हुए हाईवे पर जा पलटा। हादसे में ड्राइवर को हल्की चोट आई है। पंजाब के इंडस्ट्रियल एरिया नाभा से कंटेनर ट्रक में गत्ते की रील लेकर फरीदाबाद आ रहे कंटेनर ट्रक रात करीब ढाई बजे कार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रण होकर नेशनल हाईवे के ग्रिल में टकराकर पलट गया। कंटेनर ट्रक के ड्राइवर सर्वजीत ने बताया कि रात करीब ढाई बजे एक कार बहुत ही स्पीड से कार कंटेनर को ओवरटेक करने की कोशिश की।

# जींद में 37 साल बाद फिर आया विधानसभा डिप्टी स्पीकर का पद

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींदः** विधानसभा में डा. कृष्ण मिड्ढा को विधानसभा डिप्टी स्पीकर बनाया गया है। जिले में 37 साल बाद फिर से डिप्टी स्पीकर का पद आया है। इससे पहले 1987 में तत्कालीन देवीलाल सरकार में जुलाना विधायक कुलबीर सिंह मलिक को विधानसभा का डिप्टी स्पीकर बनाया गया था। भाजपा विधायक दल की बैठक में स्पीकर के पद पर घरौंडा के विधायक हरविंदर कल्याण और जींद के बीजेपी विधायक डॉ कृष्ण मिड्ढा को विधानसभा का डिप्टी स्पीकर बनाया गया। डा. कृष्ण मिड्ढा जींद जिले के ऐसे दूसरे विधायक हैं, जिन्हें विधानसभा के डिप्टी स्पीकर का पद मिला है। 1987 में चौधरी देवीलाल के नेतृत्व में लोकदल की सरकार बनी थी, तब जुलाना के लोकदल विधायक कुलबीर सिंह मलिक को विधानसभा का उपाध्यक्ष बनाया गया था। प्रदेश की सत्ता में भागीदारी भी जींद को 15 साल बाद नसीब हो पाई है। जींद विधानसभा क्षेत्र से आखिरी बार प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री का पद 2007 में जींद के तत्कालीन कांग्रेस विधायक मांगेराम गुप्ता को मिला था। वह तत्कालीन भूपेंद्र हुड्डा सरकार में शिक्षा और परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री रहे थे। अब 15 साल बाद जींद के भाजपा

**जिम्मेवारी**

**विधानसभा में डा. कृष्ण मिढ़ा को विधानसभा डिप्टी स्पीकर बनाया गया है**

विधायक डॉ कृष्ण मिड्ढा को विधानसभा का डिप्टी स्पीकर बनाया गया है। विधानसभा डिप्टी स्पीकर को राज्य मंत्री का दर्जा हासिल होता है।

**जींद से लगातार तीसरी बार विधायक बने हैं डा. कृष्ण मिड्ढा**

विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा जींद से लगातार तीसरी बार विधायक बने हैं। इससे पहले उनके पिता भी दो बार विधायक थे। दरअसल साल 2009 और 2014 में डॉ कृष्ण मिड्ढा के पिता डॉ हरिचंद मिड्ढा जींद से इनेलो टिकट पर विधायक बने थे। जनवरी 2019 में हुए जींद उप चुनाव में खुद डॉ कृष्ण मिड्ढा जींद से बीजेपी टिकट पर विधायक बने थे। अक्टूबर 2019 में हुए आम चुनाव में डॉ कृष्ण मिड्ढा दूसरी बार जींद से भाजपा की टिकट पर विधानसभा में पहुंचे थे। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में डॉ कृष्ण मिड्ढा कांग्रेस के महावीर गुप्ता को लगभग 15000 मतों के अंतर से पराजित कर तीसरी बार विधानसभा में पहुंचे।

# फसल अवशेष जलाने पर पांच और किसानों के खिलाफ केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबादः** जिले में फसलों के अवशेष जलाने वाले किसानों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ऐसे ही दो मामलों में पुलिस ने शुक्रवार को पांच किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इससे पूर्व अब तक सात किसानों के खिलाफ पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। अब तक पुलिस 12 किसानों पर केस दर्ज कर चुकी है। फसलों के अवशेष जलाने के मामले में भूना पुलिस ने दो किसानों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दी शिकायत में एग्रीकल्चर सुपरवाइजर भूना राकेश ने कहा है कि उपमंडलाधीश फतेहाबाद ने धान



कटाई उपरांत बचे हुए अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। गत दिवस हरसेक ने उन्हें खेत में आग लगाने बारे जीपीसी लोकेशन मिली। इस शिकायत के बाद कृषि विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। टीम ने पाया कि किसान सत्यनारायण पुत्र रामप्रसाद निवासी नहला ने 8 कनाल में, तारा व प्यारा पुत्र श्योनारायण निवासी नहला ने 12 कनाल में पराली में आग लगाई हुई थी। इस पर टीम ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने तीनों किसानों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**सख्ती**

**अवशेष जलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना भूना पुलिस ने दो किसानों को गिरफ्तार किया**

दूसरे मामले में सदर टोहाना पुलिस को दी शिकायत में कृषि विकास अधिकारी टोहाना सुरेश कुमार ने कहा कि हरसेक द्वारा भेजी गई लोकेशन के बाद कृषि विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो पाया कि किसान कृष्ण कुमार पुत्र मेवा राम निवासी रूपावाली ने 16 कनाल में, राजपाल पुत्र मेवा सिंह रूपावाली ने अपने खेत में पराली में आग लगाई हुई थी। इस पर पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रतिबंध के बावजूद फसलों के अवशेष जलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना भूना पुलिस ने दो किसानों को गिरफ्तार किया है।

# धान की सत्रह फीसदी नमी पर भी एमएसपी खरीद करने के मुख्यमंत्री के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के किसानों के हित के हित के मद्देनजर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि यह सुनिश्चित करें कि मंडियों में खरीद एजेंसियां 17 प्रतिशत तक नमी वाले धान के एक-एक दाने की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद करें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।नायब सिंह सैनी ने बैठक के दौरान ही प्रदेशभर के कुछ किसानों के साथ फोन पर बात की और उनसे वस्तुस्थिति की जानकारी ली। किसानों ने मुख्यमंत्री को धान खरीद के दौरान कट लगाने की जानकारी दी। जिस पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि है और अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसानों को कट लगने की समस्या का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने आढ़तियों की समस्या का समाधान करते हुए अधिकारियों को पिछले वर्ष की गेहूं कटौती की राशि तुरंत प्रभाव से जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मंडियों में किसानों की उपज खरीद के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान कर रही है, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने कहा कि किसान हमारा अन्नदाता है, इसलिए कृषि और किसान का कल्याण हमारी नीतियों के केन्द्रबिंदु हैं। राज्य सरकार किसान को फसल की बिजाई से लेकर उसे बाजार में बेचने तक हर कदम पर मदद दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि फसल खरीद का पैसा भी किसानों को सीधे उनके खातों में भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

# गुरुग्रामः ईंटों की अवैध मंडी लगाकर ईंट बेचने के 10 आरोपी काबू

## -अवैध रूप से ईंटें बेचकर सरकार के राजस्व में करते थे लाखों का नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्रामः** अवैध रूप से ईंटों की मंडी लगाकर ईंट बेचकर सरकार को राजस्व हानि पहुंचाने के 10 आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। पुलिस थाना बादशाहपुर गुरुग्राम की पुलिस टीम ने एईटीओ की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार लेमन-ट्री होटल के पास से ट्रैक्टरों में ईंटों को भरकर अवैध रूप से ईंटों की मंडी लगाकर ईंटें बेचने वाले छह लोगों को काबू किया। आरोपियों की पहचान शहीद निवासी गांव कोट जिला पलवल, कासिम निवासी गांव मलाई जिला पलवल, जुबेर निवासी गांव कोट जिला पलवल, गंगाराम निवासी गांव चांदहट जिला पलवल, जैकम



निवासी गांव कोट जिला पलवल, आजम निवासी गांव कोट जिला पलवल के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल से कुल 18 ट्रैक्टर ट्रॉलियां बरामद की गई हैं। आरोपियों द्वारा अवैध रूप से मंडी लगाकर के ईंट बेचकर सरकार को राजस्व हानि पहुंचाने पर आरोपियों के खिलाफ थाना बादशाहपुर गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया। प्रबंधक थाना शहर सोहना निरीक्षक अजयवीर गुरुग्राम की पुलिस टीम द्वारा भी नजदीक निरंकारी कॉलेज सोहना से अवैध रूप से ईंट की मंडी लगाकर ईंट बेचने के मामले में चार आरोपियों को काबू किया गया। आरोपियों की पहचान खेरली ककर जिला नूंह के रहने वाले मुकीम, इरशाद, ताहिर व वसीम के रूप में हुई, जिनके कब्जा से चार ट्रैक्टर ट्रॉलियां बरामद की गईं। आरोपियों के विरुद्ध थाना शहर सोहना में केस दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार**

**भट्ठों से ईंटें लेकर आते हैं, ताकि इनको कोई टैक्स न देना पड़े तथा सीधा ग्राहकों को बेचते हैं**

पुलिस टीमों द्वारा उपरोक्त सभी 10 आरोपियों के कब्जा से कुल 22 ट्रैक्टर ट्राली बरामद किए गए है। बरामद किए गए सभी ट्रैक्टर ट्रालियां बिना नम्बर प्लेट के है। इन मामलों में ईटीओ की टीमों द्वारा मौके पर जांच करके पुलिस टीम को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिस पर आरोपियों द्वारा बिना लाइसेंस के ईंटों की मंडी बनाने व अवैध रुप से ईंटें बेचकर धोखाधड़ी करके सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाना दर्शाया है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि ये बिना किसी वैध परमिट, लाइसेंस, कागजात के भट्ठों से ईंटें खरीद लाते हैं, ताकि इनको कोई टैक्स न देना पड़े तथा सीधा ग्राहकों को बेचते है।

# 'जो बोले सो निहाल सतश्री अकाल' के उद्घोष से गूंजी कर्ण नगरी



**नगर कीर्तन**

**पंथ प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में नगरकीर्तन निकाला गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** चौथी पातशाही गुरु रामदास जी महाराज के प्रकाश पर्व से दो दिन पहले गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा डेरा कारसेवा के प्रमुख तथ पंथ प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में नगरकीर्तन निकाला गया। पहली अरदास डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में सुबह हुई। उसके बाद नगरकीर्तन निकला। उसके बाद पहली पातशाही गुरुद्वारा मंजी साहेब से नगरकीर्तन को पूर्णता प्रदान की गई। नगरकीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया गया। पालकी साहेब में गुरुग्रंथ साहेब लोगों की आस्था का केद्र बने हुए थे। आगे पंच प्यारे सिख धर्म की परंपरा को आगे बढ़ा रहे थे। नगरकीर्तन में महिलाएं गुरुग्रंथ साहेब के रास्ते में पुष्प अर्पित करते चल रही थी। आगे मार्ग साफ किया जा रहा था। लोगों के जत्थे शबद गायन करते चल रहे थे। नगरकीर्तन में सिख पंथ के विद्वतजनों को भी सम्मनित किया गया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य स. रतन सिंह ने हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रवक्ता किशोर नागपाल, गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह को सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया। नगरकीर्तन में एचएसजीपीसी के सदस्य रतन सिंह, महासचिव जत्थेदार भाई इंद्रपाल सिंह, मंजी साहेब गुरूद्वारा कमेटी तथा एचजीपीसी के सदस्य रतन सिंह, गुरुनानक सेवक जत्थे के राजेंद्र मिड्ढा, प्रतिपाल सिंह सतेंद्र सिंह, अमन मिड्ढा, प्रीत मिड्ढा, मंजीत, सतिंदर सिंह, तेजेन्द्र सिंह, गुरजीत बजाज, मोंटू आहुजा, कंवलजीत सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह रामगढिया, किशोर नागपाल, राजेंद्र अरोड़ा पप्पी, तेजेंद्र पाल सिंह डिम्पी, जसविंदर सिंह बिल्ला ने भाग लिया। नगर कीर्तन में अखाड़े के सदस्यों द्वारा गतका का प्रदर्शन किया। सुबह दस बजे गुरुद्वारा डेरा कारसेवा से शुरू होकर नगरकीर्तन गुरुद्वारा मंजी साहेब, पातशाही पहली से बारह बजे से शुरू होकर कर्ण गेट, पुरानी जीटी रोड कमेटी चौक, नेहरू पैलेस कुजंपुरा रोड, अस्पताल चौक, निर्मल कुटिया सैक्टर 13 कालड़ा मार्किट से होते हुए गुरुद्वारा डेरा कारसेवा पर जाकर संपन्न हुआ।
नगरकीर्तन में गुरु साहेब की पालकी आस्था का केंद्र रही। इसमें दशमेश अखाड़ा तथा बीर खालसा दल गतका पार्टी के सदस्यों ने जौहर दिखाए। नगरकीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया गया। जगह-जगह लंगर प्रसाद के स्टाल लगाए गए। अस्पताल चौक, सब्जी मंडी चौक, कुंजपुरा रोड, के सामने सहित तमाम स्थानों पर स्टाल लगाए गए। यहां लगर प्रसाद वितरित किया गया। गुरुनानक सेवक जत्था के पदाधिकारियों ने बताया कि 26 अक्तूबर को रात को सात से दस बजे तक गुरूद्वारा मंजी साहेब में समागम होगा। इसमें ज्ञानी राजदीप सिंह, भाई सुभदीप सिंह गुरु की महिमा का गान करेंगे। 27 अक्तूबर को डेरा कारसेवा में सुबह नौ बजे से प्रकाश उत्सव पर गुरु मत समागम कार्यक्रम शुरू होगा। इस अवसर पर निफा के सहयोग से रक्तदान कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर बरता जाएगा। इस अवसर पर एचएसजीपीसी के प्रधान भूपिंदर सिंह असंध, सदस्य गुलाब सिंह, रतन सिंह मौजूद रहेंगे। गुरुमत समागम में भाई सर्वजीत सिंह पटना साहेब वाले, भाई मेहताब सिंह गुरु की महिमा का गान करेंगे।

## हरविंद्र कल्याण बने विधानसभा अध्यक्ष, विधायक ने दी बधाई




**सोनीपत 18 अक्टूबर।** सोनीपत विधायक निखिल मदान ने हरियाणा प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष चुने जाने पर हरविंद्र कल्याण व उपाध्यक्ष चुने जाने पर डा. कृष्ण मिड्डा को बधााई दी। उन्होंने कहा कि हरविंद्र कल्याण व डा. कृष्ण मिड्डा योग्य एवं अनुभवी राजनेता हैं। हरविंद्र कल्याण घरौंडा विधान सभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार विधायक बने हैं और अब उन्हें विधानसभा स्पीकर की एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें पूरा विश्वास है कि हरविंद्र कल्याण को जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वे उसका पूरी कुशलता तथा सर्वोच्च योग्यता से निर्वहन करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उपाध्यक्ष के रूप में सौम्य व सरल व्यवहार के धनी डा. कृष्ण मिड्डा भी जनता की सेवा को तत्पर रहेंगे।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में कल्याण के नाम का प्रस्ताव रखा, जबकि भाजपा विधायक रणबीर गंगवा ने प्रस्ताव का समर्थन किया। कल्याण करनाल जिले के घरौंडा से तीन बार विधायक रहे हैं।

## छात्रा और महिला संदिग्ध हालातों में लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में घटित अलग-अलग मामलों में एक छात्रा और एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। एक लडकी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी जाने के बाद वापस नहीं लौटी, जबकि एक महिला बिना किसी को बताए लापता हो गई। दोनों ही मामलों में परिजनों ने दोनों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पहला मामला 23 अक्टूबर का है, जिसमें 22 वर्षीय छात्रा सुबह करीब 7 बजे करनाल स्थित अपने घर से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए निकली थी।

## जिलेभर के समाधान शिविरों में आई 31 शिकायतें



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर जिलेभर में चौथे दिन भी समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। नगर निगम, नगरपालिका व बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर लगे। इस दौरान कुल 31 शिकायतें आई, जिनमें से 17 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। 14 शिकायतों को अभी लंबित रखा गया है। बता दें कि नगर निगम करनाल के कार्यालय में उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने शिकायतों को सुना। उनके समक्ष कुल 16 शिकायतें आई। इनमें से 6 शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया गया। जबकि अन्य को जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया है। वहीं नगर पालिका नीलोखेड़ी में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। तरावड़ी नगर पालिका में 2 शिकायत आई, जिनका वहीं समाधान कर दिया गया। घरौंडा नगर पालिका में 3 शिकायतें आई, जिनका समाधान कर दिया गया। इंद्री नगरपालिका में केवल 1 शिकायत प्राप्त हुई जिसका तत्काल समाधान कर दिया गया। असंध नगरपालिका में 2 शिकायतें आईं जिनका समाधान कर दिया गया।

## पुलिस शहीदों के सम्मान में पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला :** पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस शहीदी स्मृति दिवस के उपलक्ष में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम कर शहीदों को श्रद्धाजंलि देकर वीर शहीदों की अमर गथाएँ सुनाई जा रही है। पुलिस के शहीद जवान जिन्होंने अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्ण पालन करते हुए देश की सुरक्षा हेतू प्राण न्यौछावर कर दिए। ऐसे वीर बहादुर पुलिस के शहीद जवानों की स्मृति व सम्मान में 21 अक्तूबर 2024 से 31 अक्तूबर 2024 तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शहीदों के सम्मान में पुलिस डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल अम्बाला में पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र/छात्राओं ने भाग लेकर सुन्दर-सुन्दर देशभक्ति से सम्बन्धित चित्र बनाकर देशप्रेम का संदेश दिया। भाषण प्रतियोगिता में भी स्कूल के छात्र/छात्राओं ने देशभक्ति व वीरगाथाओं से सम्बन्धित भाषण द्वारा शहीदों को नमन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धाजलि अर्पित की।
एएसपी अम्बाला सृष्टि गुप्ता ने पुलिस के शहीद जवानों के सम्मान में उनके बलिदान को याद करते हुए अपने विचार व्यक्त कर शहीदों को श्रद्धाजलि देते हुए कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि हम देश व समाज के लिये अच्छा कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण की और अग्रसर हो।
वीर शहीदों की गाथाएँ बच्चों को सुनाकर उनके मन मे देश के प्रति उमंग व देशभक्ति की भावना जागृत करें।


# पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 26.10.2024 से 29.10.2024 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 26.10.2024 (शनिवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, और माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 04044 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा और बस्ती |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर आरा, पटना, बख्तियारपुर और बिहार शरीफ |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, मोकामा, बरौनी, समस्तीपुर और दरभंगा |
| 03576 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:15 | आसनसोल जं. | 10:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी–ऑन–सोन, गया, कोडरमा और धनबाद |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर और हाजीपुर |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज जं. | 19:45 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल और फतेहपुर |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, 3 टियर वाता. एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जंक्शन |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, 3 टियर वाता., शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोण्डा, बस्ती, गोरखपुर, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| **दिनांक 27.10.2024 (रविवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04498 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 19:30 | बलिया | 13:30 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद,मुरादाबाद,बरेली,लखनऊ,रायबरेली जं.,मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, औंड़िहार जं. और गाजीपुर सिटी |
| 04038 | दिल्ली जं. | 19:10 | आजमगढ़ जं. | 11:30 | 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर शहर, जौनपुर जं., और शाहगंज जं. |
| 04062 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | बरौनी जं. | 06:30 | 3 टियर वाता. | अलीगढ जं., टुंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर जं. गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. और समस्तीपुर जं. |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं. | 11:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं. और मोकामा |
| 02392 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. और हाजीपुर जंक्शन |
| 02526 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज,, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, तूफानगंज, गोलकगंज जंक्शन, गौरीपुर, बिलासीपारा, अभयपुरी असम और गोल पारा टाउन |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदह जं. बड़हिया, लक्खीसराय जंक्शन, किउल जंक्शन, कजरा, अमयपुर, धरहरा, जमालपुर जंक्शन, बरियारपुर और सुल्तानगंज |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| **दिनांक 28.10.2024 (सोमवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली और माबेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ |
| 04078 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:55 | पटना जं. | 16:25 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं.दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04058 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | मुजफ्फरपुर | 21:15 | 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जंक्शन, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 02246 | हज़रज निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 03256 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वात., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी. एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 03258 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान, सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05024 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान, सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती और खलीलाबाद |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदह जं., बरहिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 04124 | हज़रज निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं. | 09:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मथुरा जं., आगरा कैंट., धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जंक्शन, अतर्रा, चित्रकूट, मानिकपुर जंक्शन, डभौरा और शंकरगढ़ |
| 02422 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल और फतेहपुर |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बलरामपुर, तुलसीपुर, बढ़नी, सिद्धार्थ नगर और आनंद नगर |
| **दिनांक 29.10.2024 (मंगलवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन एवं मधुबनी |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी और जनकपुर रोड |
| 04044 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी जं., बरेली कैंट., सीतापुर जं., गोंडा जं. एवं बस्ती |
| 04010 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी जं., बरेली कैंट., शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट, अररिया एवं फारबिसगंज जं. |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |
| 04048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:20 | कटिहार जं. | 15:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | प्रथम वाता.–सह–2 टियर वाता., 2 टियर वाता.–सह–3 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता.–सह–3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा, बरौनी जं., समस्तीपुर जं. एवं दरभंगा जं. |
| 02248 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:30 | कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा |
| 03436 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं. बख्तियारपुर जं., मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा | 11:30 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली जं., सीतापुर जं., बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, पिपराइच, कप्तानगंज, पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन, दिघवा दुबौली और मशरख |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल, गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# सोशल मीडिया का भाषा पर प्रभाव

**सोशल** मीडिया कई मायनों में व्यक्तियों के जीवन जीने के तरीके को बदल रहा है, खासकर संचार क्षेत्र, ज्ञान और शिक्षा से जुड़ी वस्तुओं में। इसका अर्थ यह भी है कि मानव जीवन की एक आवश्यकता प्राप्त हो जायेगी; अन्य प्राणियों के साथ संवाद और बातचीत करना। इसलिए, वैश्वीकरण के युग में, दुनिया भर में बहुत से लोग सोशल मीडिया का उपयोग अपने जीवन में महत्वपूर्ण योगदान के रूप में करते हैं, लेकिन यह उस भाषा को बदलने को प्रभावित करता है जिससे हम दूसरों के साथ संवाद करते हैं। मेरी राय में, सोशल मीडिया का भाषा पर सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब लोगों को एक-दूसरे के साथ संवाद करने की आवश्यकता होती है तो सोशल मीडिया के भाषा बदलने के कई सकारात्मक प्रभाव होते हैं, जैसे आसान संचार। इसलिए, सोशल मीडिया अक्सर मददगार हो सकता है, और भाषा को सकारात्मक मूल्य दे सकता है। उदाहरण के लिए, जब हम टूल के सोशल मीडिया में वातालर्प का उपयोग करते हैं, तो हमने अच्छी तरह से समझने के लिए भाषा शब्दकोश में कई नए शब्द जोड़े हैं और स्पष्ट प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए बेहतर त्वरित प्रतिक्रिया की पहचान कर सकते हैं। परिणामस्वरूप, बहुत से लोग इस प्रकार के संचार का उपयोग करके एक-दूसरे के साथ संवाद करने का संक्षिप्त तरीका बनाने की कोशिश करते हैं जैसे कि संक्षिप्ताक्षर, इमोटिकॉन, चित्र, प्रतीक, विशिष्ट शब्दावली और अर्थ। इसके अलावा, संचार को आसानी से करने के लिए कई लोग गलतियों को सुधारने के साथ सीखने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग एक उपकरण के रूप में करते हैं, जिससे ऑनलाइन बातचीत में मदद मिलती है जब आप जिस श्रोता से बात कर रहे होते हैं वह गलत वर्तनी को सही करता है, या आप उसे गलत तरीके से लिखते हैं। यह विधि गलतियों से तेजी से सीखने और उन्हें सुधारने में मदद करेगी। हालांकि कई लोग इस बात से सहमत हैं कि वे भाषा के चित्रात्मक उपयोग के कारण दूसरों की भावनाओं को समझते हैं, लेकिन उनमें से कुछ इसे नहीं समझते हैं, यह पीढ़ी के अंतर पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, भाषा पर सोशल मीडिया के प्रभाव से जिस तरह की भाषा आ रही है, उसे 21वीं सदी की पीढ़ी ही इस्तेमाल और समझ सकती है और न ही अन्य पीढ़ियां ऐसा कर सकती हैं। नतीजतन, बदलती भाषा पर सोशल मीडिया के सकारात्मक प्रभाव को भाषा को और अधिक आसान बनाने और हमेशा विकास में योगदान देने के लिए महत्व दिया जा सकता है। फिर भी, कई नकारात्मक प्रभाव हैं कि जब लोगों को एक-दूसरे के साथ संवाद करने की आवश्यकता होती है तो सोशल मीडिया भाषा बदल देता है जैसे कि लोग ज्यादातर समय विकृत शब्दों और मातृभाषा से विचलन करते हैं। इसके अलावा, जब वक्ता कठबोली भाषा और संक्षिप्त शब्दों का प्रयोग करते हैं तो गलतियाँ करते हैं और वे कुछ शब्दों को छोटा कर देते हैं। इसके अलावा, कई लोग गलत व्याकरण और अभिव्यक्ति का उपयोग करते हैं, विचारों को शब्दों की तुलना में चित्रों में प्रदर्शित करते हैं या किसी संक्षिप्तीकरण का उपयोग करते हैं तो शब्दों को विकृत कर देते हैं। परिणामस्वरूप, हम एक ऐसे युग में रह रहे हैं जिसमें लोग हर काम जल्दी-जल्दी करते हैं। भाषा का सही ढंग से सही संरचना के साथ प्रयोग करने का समय इस सदी में किसी के पास नहीं है।

# भारत से सीखा परोपकार सारे विश्व ने

आर.के. सिन्हा

"ये हर रोज एम्स, सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया अस्पताल के आगे बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश वगैरह से रोगियों के साथ आए तीमारदारों को भरपेट भोजन करवाते हैं। कौन हैं बालाजी कुनबा के सदस्य? यह सब हनुमान जी के भक्त हैं। इनकी कारों पर हनुमानजी की तस्वीर वाला एक बैनर लगा होता है। जिस पर 'बालाजी कुनबा- एक परिवार भूख के खिलाफ' लिखा रहता है। भंडारे के लिए पैसे का जुगाड़ पिलंजी गांव के लोग ही करते हैं। यह अधिकतर गुर्जर समाज से संबंध रखते हैं। आप भंडारा संस्कृति को भी तो जन सेवा ही कहेंगे। क्या अब भी किसी को बताने की जरूरत है कि परोपकार औस समाज सेवा तो हरेक भारतीय के जीवन का हिस्सा है। यकीन मानिए आपको अमेरिका या यूरोप में कहीं कोई भंडारा नहीं मिलेगा। अब आप भारत और यूरोप अंतर को समझ गए होंगे"

**रतन** टाटा के निधन के पश्चात उनके परोपकारी कामों की विस्तार से चर्चा हो रही है। वैसे, जरा गौर करें तो न केवल टाटा समूह, बल्कि भारत के हरेक छोटे-बड़े लाखों कारोबारी या उद्योगपति अपने स्तर पर कुछ न कुछ परोपकार से जुड़े कामों में लगे हुए ही मिल जायेंगे । यह कहना सरासर गलत होगा कि परोपकार की भावना हमने यूरोप से सीखी है। यह कुछ नासमझ अज्ञानियों का प्रचार भर है । भारत में परोपकार की परंपरा प्राचीन काल से ही गहरी जड़ें जमाए हुए है। हम सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया में विश्वास करने वाले हैं । अभी भी आपको पहली रोटी गौ माता को में विश्वास करने वाले लाखों लोग मिल जायेंगे । धर्म, संस्कृति और समाज के हरेक पहलू में दान, सेवा और परोपकार का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है।

वेद और उपनिषद जैसे ग्रंथों में परोपकार को दान और सेवा के रूप में वर्णित किया गया है। हिन्दू धर्म में दान और सेवा का बहुत बड़ा महत्व है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यासः इन चार आश्रमों में से वानप्रस्थ और संन्यास आश्रमों में परोपकार को ही जीवन का मुख्य लक्ष्य माना गया है। जैन धर्म में दान को अहिंसा के सिद्धांत के साथ जोड़ा गया है।

भारत भूमि की देन बौद्ध धर्म में भी दान का खासा महत्व है जो सभी प्राणियों के कल्याण के लिए होता है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल में दान, सेवा और अहिंसा का मार्ग दिखाया। गांधी जी ने सर्वोदय के सिद्धांत पर बल दिया और ग्रामीणों की सेवा और विकास के लिए जीवन भर काम किया। मदर टेरेसा ने भी गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों की सेवा करके मानवता की सेवा की। रतन टाटा की तरह बिड़ला समूह , अजीम प्रेमजी, नंदन नीलकेणी, शिव नाडार जैसे सैकड़ों उद्योगपति परोपकार से जुड़े कार्यों के लिए हर साल हजारों करोड़ रुपया दान देते हैं। भारत के कारोबारियों के डीएनए में समाज सेवा है। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। जमशेद जी के परोपकार के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद थे, जिसे अब उनकी तीसरी पीढ़ी भी निभा रही है ।इसी तरह जिस फक्कड़ संन्यासी के आशीर्वाद से घनश्याम दास बिड़ला ने



अपना उद्योग जमाया, उस संन्यासी के आशीर्वाद से करनी और बरनी का काम आज भी बिड़ला समूह अपना रहा है । यह अपने धर्मार्थ कार्यों के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जमशेदजी टाटा को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से ही प्राप्त हुई थी । शिकागो के सर्व धर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है ।तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगें और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा ।स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि आप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो। मेरी शुभकामना है कि और ज्यादा धन अर्जित करो और ज्यादा लोगों को रोजगार दो । लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो । मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास ही कि तुम ऐसा ही करोगे । स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल ही एक विज्ञान का बढिया संस्थान शुरू कर दिया जो आज इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के नाम से विश्व विख्यात हैं और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते है, या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज्यादा आईआईएस में जाना ज्यादा पसंद करते हैं। महात्मा बुद्ध, गुरु नानक, और अन्य संतों ने भी परोपकार पर जोर दिया। मध्ययुगीन भारत में, राजाओं और धनिकों द्वारा अनेक धर्मार्थ संस्थानों की स्थापना की गई, जो स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, और गरीबों की सहायता के लिए समर्पित थे। आपको हरेक गांव, कस्बे, शहर वगैरह में गैर सरकारी प्रयासों से चल स्कूल, कॉलेज, धर्मशालाएं, लंगर और प्याऊ वगैरह मिल जाते हैं। स्वामी विवेकानंद ने दीन-दुखिया जन के लिए सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उनका मानना था कि सामाजिक सेवा ही सच्चा धर्म है। विवेकानंद ने सर्वधर्म समभाव और मानवतावाद का संदेश देते हुए, हर व्यक्ति के कल्याण के लिए काम किया। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो आज भी भारत में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सेवाएं प्रदान करता है। अभी कुछ दिन पहले शारदीय नवरात्र समाप्त हुए। इस दौरान देश की राजधानी दिल्ली समेत देश के तमाम शहरों में भंडारे चलते रहे । आप कह सकते हैं इस दौरान भंडारों की बहार थी। सब भंडारे के प्रसाद को प्रसन्नता पूर्वक ग्रहण कर रहे थे। भंडारों में समाज वादी व्यवस्था वास्तव में बहुत प्रभावशाली होती है। भंडारों में प्रसाद के रूप में बंटते हैं छोले,कुलचे,हलवा,पूढ़ी-आलू, ब्रेड पकोड़ा आदि। कुछ भंडारों में खीर का प्रसाद भी वितरित होता है। देश की राजधानी दिल्ली भंडारों की भी राजधानी है। कहने वाले कहते हैं कि कैसेट किंग गुलशन कुमार ने भंडारा संस्कृति का पुनर्जागरण किया था। उन्होंने वैष्णो देवी में भंडारे का आयोजन शुरू किया था। तब दिल्ली वाले वैष्णो देवी में जाकर गुलशन कुमार की तरफ से चलने वाले भंडारे में भोग अवश्य लगाया करते थे। यहां से ही भंडारा संस्कृति न पैर जमाए थे। भंडारे के प्रसाद की बात ही अलग होती है। इसका स्वाद अतुल्नीय होता है। ये भंडारे की महिमा ही मानी जाएगी। भंडारा अपने आप में जात-पात और वर्ग की दीवारों को तोड़ता है। इसमें सब प्रेम से प्रसाद लेते हैं। भंडारे का प्रसाद पूरे अनुशासन से लिया जाता है। कनॉट प्लेस में रोज हजारों लोग नवरात्रों के दौरान भंडारे का प्रसाद खाते हैं।जो भंडारा आयोजित करते हैं, वे या तो हनुमान मंदिर के आगे से प्रसाद खरीद कर बांट देते हैं या फिर खुद ही कहीं से बनवा कर लाते हैं। भंडारों की एक खास बात ये भी है कि इनसे प्रसाद हिन्दू, मुसलमान,सिख, ईसाई सब ग्रहण करते हैं।

साउथ दिल्ली के पिलंजी गांव में कुछ युवकों ने कुछ साल पहले ह्यबालाजी कुनबाह्न नाम से एक संगठन स्थापित किया। इसका मकसद है भूखों की भूख मिटाना। ये हर रोज एम्स, सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया अस्पातल के आगे बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश वगैरह से रोगियों के साथ आए तीमारदारों को भरपेट भोजन करवाते हैं। कौन हैं बालाजी कुनबा के सदस्य? यह सब हनुमान जी के भक्त हैं। इनकी कारों पर हनुमानजी की तस्वीर वाला एक बैनर लगा होता है। जिस पर 'बालाजी कुनबा- एक परिवार भूख के खिलाफ' लिखा रहता है। भंडारे के लिए पैसे का जुगाड़ पिलंजी गांव के लोग ही करते हैं। यह अधिकतर गुर्जर समाज से संबंध रखते हैं। आप भंडारा संस्कृति को भी तो जन सेवा ही कहेंगे। क्या अब भी किसी को बताने की जरूरत है कि परोपकार औस समाज सेवा तो हरेक भारतीय के जीवन का हिस्सा है। यकीन मानिए आपको अमेरिका या यूरोप में कहीं कोई भंडारा नहीं मिलेगा। अब आप भारत और यूरोप अंतर को समझ गए होंगे।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## कविता

दीप जलते नहीं

जलाए जाते है।

मोहब्बत की नहीं

निभाई जाती है।

खुशियां आती नहीं

लाई जाती है।

अपने बनते नहीं

बनाए जाते है।

कर्म दिखाए नहीं

किए जाते है।

हमसफर दिखाया नहीं

बनाया जाते है।

सत्य समझाया नहीं

समझा जाता है।

श्री राम बनाए नहीं

कर्मों से बना जाता है।

डॉ.राजीव डोगरा

## हम उस देश के वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है

राकेश अचल

**शीर्षक** पढ़कर चौंकिए बिलकुल मत। मै आज आपसे ये फिल्मी गीत गाने या सुनने के लिए बिल्कुल कहने वाला नहीं हूँ । ये गीत तो मुझे बरबस याद आ गया जब मैंने सुना/पढ़ा कि देश के मुख्य न्यायाधीश ने 'मार्निग वाक ' यानि सुबह की सैर करना बंद कर दी है ,क्योंकि दिल्ली की हवा अब जानलेवा हो चुकी है। मुझे जिस देश में गंगा बहती है गीत लिखने वाले कवि शैलेन्द्र की किस्मत पर गर्व है कि वे ये गीत लिखते समय आज हमारे साथ नहीं हैं,अन्यथा आज यदि यही गीत उन्हें लिखने को कहा जाता तो मुमकिन है कि वे कुछ और लिखते। बात दिल्ली की आवो-हवा की है लेकिन मुझे तो पूरे देश की आवो-हवा में जहर घुला महसूस होता है। पहले ये हवा कम से कम सांस लेने लायक तो थी ,लेकिन अब दो ये दमघोंटू हो गयी है। मुख्य न्यायाधीश क्या खुद भगवान भी दिल्ली और देश की आवो-हवा में सांस नहीं ले सकते। हमारे यहां खासकर दिल्ली में प्रदूषण हवा का भी है और सियासी हवा का भी। इस प्रदूषण के लिए जिम्मेवार लोग भी हमारे अपने हैं इसलिए उनके खिलाफ न हम कुछ कर सकते हैं और न मुख्य न्यायाधीश। हमारे पास एक ही विकल्प है कि हम अपने घर में खुद को नजरबंद कर लें। कुछ साल पहले मैं चीन गया था । वहां मैंने शंघाई और बीजिंग में भी कमोवेश यही हालात देखे थे जो आज हमारे देश की राजधानी दिल्ली में आज हैं। सीजेआई या दूसरे लोग तो अपने आपको अपने बंगलों में नजरबंद कर प्रदूषण से बच सकते हैं किन्तु वो आम आदमी कैसे अपना बचाव कर सकता है जो खुद दड़बेनुमा फ्लैटों या झुग्गियों में रहता है ? उसके पास तो रोज कुआ खोदने और रोज पानी पीने की मजबूरी है। उसकी जान तो उसकी हथेली पर रखी हुई। उसे हथेली लगाने वाला कौन है ? दिल्ली और देश की आवो-हवा खराब करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत न विधायका के पास है न कार्यपालिका के पास और अब तो न्यायपालिका भी हथियार डाले हुए दिखाई दे रही है। सबके सब श्टुतमुर्गी मुद्रा में हैं। इससे जाहिर है की हमारे देश में इंसान की जिंदगी किसी कीड़े-मकोड़े की जिंदगी से ज्यादा अहम नहीं है।

चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ किस्मत वाले हैं। उन्होंने अनौपचारिक बातचीत में पत्रकारों से कहा कि दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर के चलते उन्होंने मॉर्निंग वॉक पर जाना बंद कर दिया है। सीजेआई ने ये फैसला उनके डॉक्टर की सलाह के बाद किया है। आम आदमी को तो डाक्टर की सलाह भी मयस्सर नहीं है। आपको पता ही होगा कि दिल्ली का औसत एक्यूआई 340 पहुंच गया। सामान्य स्थिति में यह 50 के आसपास रहता है। 50 से ज्यादा एक्यूआई वाली हवा सेहत के लिए नुकसानदेह होती है। 300 एक्यूआई वाली हवा बेहद खतरनाक होती है। इससे लोगों को गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

## विचार

# सनातनी विचारधारा और आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा

संजीव

**वर्तमान** समय में वैश्विक प्रगति और आर्थिक स्रोत तंत्र के लिए आधुनिक तथा वैज्ञानिक शिक्षा जरूर अत्यंत आवश्यक है परंतु हमें केवल आधुनिक विचारधारा शिक्षा पद्धति पर निर्भर न रहकर अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और सनातन संस्कृति के धरातल से जुड़ा रहना होगा तब जाकर ही सनातनी संस्कृत विचारधारा एवं आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति की स्वीकार्यता का संतुलन समुचित एवं यथोचित तरीके से हो पाएगा । भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**

**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कायनात के संकेत और मेरा विश्वास

**सुनो दिकु**

**तुमसे** कोई बात नहीं हुई, न कोई खबर आई है, न ही किसी ने कुछ बताया, पर फिर भी मेरे दिल के किसी कोने में एक अजीब-सा यकीन घर कर गया है कि तुम लौटने वाली हो। मुझे लगता है, जैसे कायनात मुझे संकेत दे रही है, जैसे हर तरफ से मुझे यह आवाज सुनाई दे रही है कि तुम अब दूर नहीं हो, तुम लौटकर आओगी, और इस बार हमेशा के लिए। तुम्हें शायद पता न हो, पर इन दिनों हर छोटी चीज मुझे तुम्हारी याद दिला रही है। जब हवा का एक झोंका मेरे चेहरे को छूकर गुजरता है, तो ऐसा लगता है, जैसे वो तुम्हारा ही संदेश लेकर आया हो। कभी कोई गीत सुनता हूँ, और हर शब्द ऐसा लगता है, जैसे मेरे और तुम्हारे बीच की कहानी हो। जब रात में चाँद को देखता हूँ, तो उसकी रोशनी में तुम्हारा चेहरा दिखाई देता है। और मुझे यकीन हो जाता है कि तुम पास हो, बहुत पास। यह सिर्फ मेरा दिल ही नहीं है जो ऐसा कहता है, दिकु। यह वो कायनात है जो हम दोनों के बीच कुछ ऐसा बुन रही है, जो नजर तो नहीं आता, लेकिन महसूस किया जा सकता है। हर कदम पर कोई न कोई संकेत मिलता है कि तुम लौटकर आने वाली हो। मेरी धड़कनों के बीच अब तुम्हारे आने की आहट बसी है। एक अजीब-सा सुकून है, जो मुझे यह यकीन दिला रहा है कि तुम मेरी ओर ही आ रही हो, भले अभी तुम्हारा कोई संदेश न आया हो। कभी किसी पंछी की उड़ान, कभी रात की ठंडी हवा, कभी बिन कहे हुई बातें– सब कुछ एक ही ओर इशारा कर रहे हैं। दिल की गहराई में छुपी यह आवाज कह रही है कि तुम अब बहुत जल्द मेरे पास आओगी, जैसे तुम दूर कभी गई ही नहीं थी। मैं जानता हूँ कि तुम भी मुझे उतना ही महसूस कर रही हो, जितना मैं तुम्हें कर रहा हूँ। शायद तुम्हारे दिल में भी यही सवाल है, यही ख्याल है कि हम कब मिलेंगे। यह इंतजार अब खत्म होने वाला है, दिकु। जो दूरी अब तक हमें अलग कर रही थी, वो अब पिघल रही है। मुझे ऐसा लग रहा है, जैसे किसी मोड़ पर, किसी नए रास्ते पर हम दोनों एक-दूसरे से टकराने वाले हैं।

## झुनझुनपुरा

डॉ. सुरेश कुमार

**एक समय** की बात है, झुनझुनपुरा नामक एक गांव था। वहां के लोग बड़े मस्त थे, जैसे उबले आलू। गांव में एक नया मुखिया आया, जिसे सबने पहले तो बड़े प्यार से देखा। जब उसने गांव की मिट्टी को माथे से लगाकर कहा, "मैं इस गांव की हर समस्या का समाधान करूंगा!" तो गांववालों ने उसे सराहा, जैसे किसी ने बिस्कुट पर आइसक्रीम का टॉपिंग लगा दिया हो। मुखिया बहुत मन लगाकर काम करता। वह हर सुबह अपने दफ्तर की गली में गाना गाता, जैसे कोई बेताब कलाकार मंच पर हो। "सभी लोग, मेहनत करो!" की गूंज से पूरा गांव गूंज उठता। लोग सोते-सोते चौंक जाते, पर दिल में सोचते, "चलो, कम से कम गांव का विकास तो होगा।" गांव वाले उसकी मेहनत के मुरीद हो गए। लोग कहते, "अरे, पिछला मुखिया तो ऐसा था, जैसे बस चाय पीने के लिए आया हो!" हर सुबह जब लोग मिलते, तो मुखिया की तारीफ में कसीदे पढ़ते। पर भैया, खुशियां ज्यादा दिन तक नहीं रही। एक दिन, अचानक, क के घर चोरी हो गई। सबने कहा, "अरे! यह कैसे हो सकता है? मुखिया तो है ना!" फिर सहस्त्रों सोने की मुद्राएं गायब हो गईं। अब मुखिया को घेर लिया गया। उसने गिड़गिड़ाते हुए कहा, "मैंने तो अपनी जान लगा दी है इस गांव के विकास के लिए!" गांव वालों ने सोचा, "शायद हम गलती कर रहे हैं। ऐसे समर्पित मुखिया पर हमें शक नहीं करना चाहिए!" उस रात मुखिया ने पहले से भी ज्यादा जोर से गाया, "सभी लोग, मेहनत करो!" का शोर और बढ़ गया।

कुछ दिन बाद, अ ने गांव में बैल खरीद लिए। खुशी से उसने मुखिया को मिठाई का डिब्बा दिया। मुखिया ने खुशी-खुशी लड्डू बांटे, जैसे उसे खुद का खजाना मिल गया हो। एक ने कहा, "भाई, तू तो लड्डू ऐसे बांट रहा है जैसे तेरा ही दुआरा भरा है!" मुखिया ने मुस्कुराते हुए कहा, "गांव की तरक्की, मेरी तरक्की है!"

पर फिर क्या हुआ? कुछ दिनों बाद, ख के घर चोरी हो गई। गांव वालों ने मुखिया को घेरा। उसने फिर से कहा, "हो सकता है कि हमारे गांव में ही कोई चोर हो!" अब लोग एक-दूसरे पर शक करने लगे।

## न्यूज फ्लैश

### रविदास मंदिर के दान पात्र और प्रतिमा से मालाएं ले उड़े चोर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के कल्हेड़ी गांव में चोरों ने संत शिरोमणि गुरु रविदास के मंदिर को अपना निशाना बनाया। चोर मंदिर की छत से अंदर घुसे और ताला तोड़कर बाहर निकले। चोरों ने मंदिर में रखे दान पात्रों पर हाथ साफ कर दिया। इतना ही नहीं गुरुग्रंथ साहिब की पवित्र वाणी के साथ भी छेड़छाड़ की गई है, जिससे समाज के लोगों में गुस्सा है। गांव कल्हेड़ी निवासी जोगिंद्र सिंह व मुकेश ने बताया कि रात के अंधेरे में चोर मंदिर के अंदर घुसे थे। चोरों ने मंदिर के ऊपर से एंट्री की है। जिसके बाद उन्होंने मंदिर के अंदर घुसकर गुरु रविदास की प्रतिमा में डली दो नोटों की मालाएं निकाली है। उसके बाद सामान को भी बिखेरा है। चोरों ने दान पात्र को भी चुराया है। अनुमान है कि दान पात्र के अंदर 10 से 12 हजार रुपए होंगे। उन्होंने बताया कि गुरुग्रंथ साहिब की पवित्र वाणी भी मंदिर के अंदर रखी हुई थी, जिसके साथ छेड़छाड़ की गई है, जो असहनीय है। चोरों के बाद आरोपियों ने मंदिर के गेट का ताला लोहे के सरिये से तोड़ा है और मौके से फरार हो गए। जब सेवक सुबह मंदिर में पहुंचा तो उसे सारा सामान बिखरा पड़ा मिला।

मंदिर में चोरी की सूचना के बाद समाज के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। चोरी की घटना से समाज के लोगों में गुस्सा है। उन्होंने कहा कि हालात अब यह हो चुके है कि चोर मंदिरों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। भगवान के घरों में भी चोरी की घटनाएं समाज की भावनाओं को आहत करती हैं। समाज के लोगों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना घरौंडा में शिकायत की है।

### सोनीपत से विधायक निखिल मदान ने विधानसभा में विधायक पद की ली शपथ



**सोनीपत :** शुक्रवार को सोनीपत से भाजपा विधायक निखिल मदान ने हरियाणा विधानसभा में अपने पद की शपथ ली। निखिल मदान ने कहा कि आज उन्होंने सोनीपत की देवतुल्य जनता की सेवा करने की शपथ ली है साथ ही सोनीपत को विकास पथ पर आगे बढ़ाना ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। सोनीपत वासियों के सपनों का सोनीपत बनाने के लिए वो सदैव तत्पर है। सोनीपत अब ट्रिपल इंजन की ताकत से विकास के रास्ते पर नॉन स्टॉप दौड़ेगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

वहीं विधायक निखिल मदान ने समस्त सोनीपत विधानसभा निवासियों को आगामी रविवार 27 अक्टूबर को आयोजित किए जा रहे दीपावली मिलन समारोह का भी निमंत्रण दिया। निखिल मदान ने कहा कि वह सभी शहर वासियों को रविवार को मुरथल रोड पर यूनीक गार्डन में सुबह 11 बजे आयोजित किए जा रहे दीपावली मिलन समारोह के लिए भी निमंत्रण देते हैं और आशा करते हैं सभी शहर वासी उनके साथ मिलकर दीपावली का पर्व मनाएंगे।

### रोहतक के वरिष्ठ पत्रकार डॉ रमेश देहराज बने भारतीय पत्रकार कल्याण मंच हरियाणा प्रान्त के नए प्रदेशाध्यक्ष

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष व समाजसेवा में भारत के राष्ट्रपति से अवार्ड पवन आश्री ने भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल व भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतनाम सिंह आदि अनेक कार्यकारणी सदस्यों के परामर्श से रोहतक से वरिष्ठ पत्रकार रोहतक से प्रकाशित हिंदी दैनिक उजाला आज तक के मुख्य संपादक, दी आया ए शख्सियत मैगजीन के एडिटर व प्रिंट और सोशल मीडिया के एडिटर रोहतक वासी डॉ रमेश देहराज को भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजिस्टर्ड के हरियाणा प्रान्त का नया अध्यक्ष मनोनीत किया है उन की नियुक्ति का भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के सक्रिय सदस्य सुरेन्द्र पाल सिंह वधावन,हिमाचल प्रान्त अध्यक्ष अनिल भारद्वाज हेडली,हिमाचल उपाध्यक्ष उज्ज्वल शर्मा,दिल्ली के अध्यक्ष शशिकान्त शर्मा, चंडीगढ़ अध्यक्ष नेहा वर्मा,जिला अध्यक्ष तरुण वर्मा, विवेक शर्मा,अम्बाला अध्यक्ष राज कुमार, शाहाबाद से वरिष्ठ पत्रकार रंजीत गुप्ता,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास बतान आदि अनेक पत्रकारों ने भी डॉ रमेश देहरान को भारतीय पत्रकार कल्याण मंच हरियाणा प्रान्त का नया प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ रमेश ने कहा कि वे भारतीय पत्रकार कल्याण को हरियाणा प्रान्त में अधिक से अधिक पत्रकारों को जोड़ कर समय समय पर पत्रकारों की समस्याओं का समाधान करवाते रहेंगे।

# हरविंद्र कल्याण के विधानसभा अध्यक्ष बनने पर करनाल की जनता में खुशी की लहर

## विधानसभा चुनाव में घरौंडा से जीत की हैट्रिक लगाकर रचा इतिहास

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**जश्न**

कल्याण ने भी घरौंडा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से हैट्रिक लगाकर एक इतिहास रचने का काम किया है

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के आम चुनाव में जहां भाजपा ने हरियाणा प्रदेश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का रिकॉर्ड कायम किया है। वहीं विधायक हरविंद्र कल्याण ने भी घरौंडा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से हैट्रिक लगाकर एक इतिहास रचने का काम किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरविंद्र कल्याण की इस उपलब्धि को देखते हुए अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका पक्ष और विपक्ष के सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया तथा उन्हें 15वीं हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष पद से नवाजा, जो कि करनाल जिले की जनता के लिए गौरव की बात है। जब यह सूचना घरौंडा व करनाल की जनता तक पहुंची तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गई और मिठाई बांटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाते हुए तथा बधाई देते नजर आए। बता दें कि घरौंडा से लगातार 3 बार जीत की हैट्रिक लगाने वाले विधायक हरविंद्र कल्याण पेशे से इंजीनियर हैं। लगभग पिछले 30 सालों से उनकी राजनीतिक गतिविधियों में पूर्ण सक्रिय भूमिका रही है। अत्यंत सहज स्वभाव रखने वाले हरविंद्र कल्याण हार्टिक तरीके से अपने कामों को प्राथमिकता के आधार पर सूचीबद्ध रखते हैं तथा उन्हें करवाने में जुटे रहते हैं। मिलनसार और व्यवहार कुशलता में हरविंद्र कल्याण का कोई सानी नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रथम कार्यकाल के दौरान हरविंद्र कल्याण को 2015 से 2019 तक हैफेड के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली थी। वह 2019 से मार्च 2023 तक विधानसभा में पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (पैक) के अध्यक्ष रहे। घरौंडा की मूलभूत समस्याओं को समझने के लिए हरविंद्र कल्याण ने 2004 में पदयात्रा करते हुए 375 किलोमीटर का सफर तय किया, जिसमें उन्होंने घरौंडा विधानसभा के 104 गांवों के लोगों की समस्याओं को बारीकी से समझा। उसी का परिणाम है कि घरौंडा की जनता ने उन्हें लगातार तीसरी बार विधायक चुना और अपना प्यार और समर्थन दे रही है।

# रेलवे में नौकरी के नाम पर ठगी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**जांच जारी**

पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने फर्जी दस्तावेज बनाकर उससे पैसे ऐंठ लिए, मुकदमा दर्ज

**करनाल।** जिले में रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति से ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने फर्जी दस्तावेज बनाकर उससे पैसे ऐंठ लिए। इसके अलावा आरोपी ने पीड़ित को फर्जी ऑफर लेटर और आइआरसीटीसी का फर्जी आईडी कार्ड भी दिया, जिस पर अमेरिकी टेलीविजन स्टार ओपरा विनफ्रे के फर्जी हस्ताक्षर थे।

करनाल निवासी अमन कुमार ने बताया कि उसके रिश्तेदार भरत हरि फौज से रिटायर हैं। उनकी जान-पहचान गंगा बिसन नामक व्यक्ति से थी। गंगा बिसन ने अमन से संपर्क कर उसे रेलवे में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। उसने दावा किया कि उसकी रेलवे के अधिकारियों से सीधी सेटिंग है और वह उसे सरकारी नौकरी दिला सकता है। नौकरी के बदले तीन लाख रुपए की मांग की गई, लेकिन कहा गया कि रकम काम पूरा होने के बाद ही ली जाएगी। गंगा बिसन ने अमन को बताया कि पहले उसका रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा, जिसके बाद कॉल लेटर जारी होगा। इस रजिस्ट्रेशन के नाम पर उसने अमन से 45 हजार 260 रुपये ऑनलाइन ले लिए। यह रकम अमन ने फोनपे के माध्यम से अलग-अलग तारीखों पर दी। अमन के एचडीएफसी बैंक अकाउंट से 31 जनवरी, 8 फरवरी और 22 फरवरी को क्रमशः 10 हजार, 15 हजार और 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। इसी प्रकार मयंक त्यागी ने 10 हजार 260 रुपए अलग-अलग ट्रांजेक्शन में हड़प लिए।

### शिक्षाविद्व डॉ. रामस्वरूप खैरवाल का हुआ निधन

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** शिक्षाविद्व खेड़ा निवासी डॉ. रामस्वरूप खैरवाल का शुक्रवार को निधन हो गया। हेडमास्टर रामस्वरूप खैरवाल बहुत ही धार्मिक विचारों के व्यक्ति थ। यादव धर्मशाला में कार्यकारिणी सदस्य भी थे, 91 वर्ष की उम्र मे स्वर्ग सिधार गए। उनके शोक सभा खेड़ा में आयोजित की गई है। इस मौके पर यादव सभा प्रधान अभय सिंह यादव, एडवोकेट इंद्रपाल बोहरा, एडवोकेट पवन बंसल, एडवोकेट राजवीर यादव डुलाना, बार एसोसिएशन प्रधान राजीव यादव, आर्य समाज प्रधान प्रेमराज यादव, एडवोकेट बुधराम यादव, एडवोकेट यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विवेक गुप्ता व तीन स्वयंसेविकाओं को किया सम्मानित



**पानीपत- शुक्रवार 25 अक्तूबर 2024**

**आर्य** कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के निर्देशानुसार हरियाणा स्टेट एनएसएस सैल व आर्य कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित करवाया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए माई भारत पोर्टल के विषय में स्वयं सेवकों को अवगत करवाया गया। कॉलेज की एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता व छात्रा शिवानी व यामीनि ने पीपीटी के माध्यम से माई भारत पोर्टल के विषय में विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने बताया कि इस पोर्टल का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ना है। इस पोर्टल के माध्यम से युवा खुद जागरूक हो कर समाज को जागरूक करने काम करेंगे। साथ ही प्रो. विवेक गुप्ता ने यह भी बताया कि कैसे इस पोर्टल पर जाकर युवा खुद को रजिस्टर कर सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों के मोबाइल पर इस पोर्टल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड भी भेजा जिससे युवा इस पोर्टल पर बिवक ज्वाइन कर सकते हैं। कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी एनएसएस इकाई को बधाई दी। साथ ही यह भी बताया कि आर्य कॉलेज की एनएसएस इकाई वर्ष भर अलग-अलग तरह के जन जागरूक कार्यक्रम करती रहती है। उन्होंने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि कल वीरवार को पानीपत के एडीसी पंकज कुमार ने आर्य कॉलेज के एनएसएस के प्रभारी प्रो. विवेक

### खेलों में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** गुरुनानक खालसा कॉलेज के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में कॉलेज के खेल विभाग के विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए गुरु नानक खालसा कॉलेज की प्रबन्धन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस, उपप्रधान सरदारनी कंवरप्रीत कौर, प्राचार्या शशि मदान द्वारा सम्मानित किया गया। खेल विभाग के अध्यक्ष डॉ. देवी भूषण ने बताया कि कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में रिद्धि फोर ने तीरंदाजी में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में गोल्ड मेडल जीता, मोनू ने वेटलिफ्टिंग में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में सिल्वर मेडल, भूपिंदर ने शूटिंग में खेलो इंडिया स्टेट लेवल पर गोल्ड मेडल और ऑल इंडिया पार्टिसिपेशन किया। प्रिया पुनिया ने बॉक्सिंग में खेलो इंडिया स्टेट लेवल और इंटर कॉलेज खेलों में गोल्ड मेडल, पूजा भारती ने वेटलिफ्टिंग में इंटर कॉलेज में सिल्वर मेडल, तुषार ने वेटलिफ्टिंग में खेलो इंडिया स्टेट लेवल पर ब्रॉन्ज मेडल और ऑल इंडिया पार्टिसिपेशन, प्राची ने शूटिंग में खेलो इंडिया स्टेट लेवल खेलों में ब्रॉन्ज मेडल और नीरू खत्री ने बॉक्सिंग में खेलो इंडिया स्टेट लेवल पर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

# सात दिवसीय निशुल्क केंद्र का किया शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के अर्जुन योग जिला द्वारा शहीद भगत सिंह पार्क, मोहन नगर में योग द्वारा सात दिवसीय निशुल्क केंद्र का शुभारंभ किया गया। शिविर की शुरूआत हरियाणा योग आयोग के सदस्य एवं संस्थान के पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ मनीष कुकरेजा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवयुग व.मा.विद्यालय के प्रिंसिपल बी डी गाबा, विशिष्ट अतिथि मिनर्वा उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल राजीव चावला, संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, अर्जुन जिला प्रधान मनीराम सैनी, युधिष्ठिर जिला प्रधान सुमन तोमर, योग शिक्षक प्रेम लता, ऐम ऐस मलिक, संत राम सैनी, भीम राज सैनी, समाजसेवी नितिन बठला इत्यादि द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए मां शारदा की प्रार्थना कर के की गई। सभी साधकों का वजन मशीन से चैक किया गया। साधकों की शुगर की जांच सैक्टर 13 मार्केट स्थित भारत डायग्नोस्टिक लैब के संचालक श्याम चंद सैनी ने निशुल्क की। शिविर के प्रथम दिन ओम ध्वनि व गायत्री मंत्रोच्चारण के पश्चात भीम राज सैनी, सुमन तोमर, प्रेम लता, गुलशन कुमार ग्रोवर इत्यादि ने योग साधना करवाई। डॉ मनीष कुकरेजा ने सुंदर ध्यान साधना करवाई। अंत में संस्थान की ओर से मुख्य अतिथि प्रिंसिपल बी डी गाबा और विशिष्ट अतिथि प्रिंसिपल राजीव चावला को योग साहित्य दे कर सम्मानित किया गया। वैदिक प्रार्थना व शांति पाठ के साथ पहले दिन की साधना सम्पन्न हुई। शिविर के दूसरे दिन ओम ध्वनि व गायत्री मंत्रोच्चारण के पश्चात नीरज शर्मा, भीम राज सैनी, कमलजीत शर्मा, प्रेम लता, ऐम ऐस मलिक, मनी राम सैनी, गुलशन कुमार ग्रोवर इत्यादि ने योग साधना करवाई। संरक्षक हरिराम जोशी ने प्राणायाम एवं ध्यान साधना का अभ्यास करवाया। अंत में वैदिक प्रार्थना व शांति पाठ के साथ शिविर के दूसरे दिन की साधना का समापन हुआ।

संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि इस शिविर में शुगर, मोटापा, ब्लड प्रेशर, कमर दर्द, घुटना दर्द, सर्वाइकल, पेट रोग सहित सभी प्रकार के रोगों के मरीज स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# करनाल की जनता के प्यार ने विधानसभा तक पहुंचाया: जगमोहन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा में शपथ ली। उन्होंने करनाल की जनता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और करनाल के सांसद व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता के प्यार ने विधानसभा तक पहुंचाया है। विधानसभा में जनता के हितों की आवाज बुलंद करूंगा। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि यह ऐतिहासिक पल है कि तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने शपथ लेने के पश्चात कहा कि करनाल की जनता ने वोट देकर विधानसभा तक पहुंचाया है। विधानसभा में वे तो उनसे जुड़े मुद्दे उठाएंगा ही, इसके साथ-साथ करनाल के विकास कार्यों, नई-नई परियोजनाओं के लिए निरंतर प्रयास करूंगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।

### नशे के विरुद्ध युवाओं को कर रहा जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा पुलिस के नारकोटिक्स विभाग की ओर से चर्चित म्यूजिकल ड्रामा राम गुरुकुल गमन का मंचन 26 अक्टूबर को इंद्रा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर में 20 राज्यों के युवाओं के समक्ष किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर नशे के विरुद्ध सार्थक पहचान बनाने वाले इस म्यूजिकल ड्रामा में रामलीला परिषद के कलाकारों के साथ-साथ राष्ट्र स्तर पर पहचान बना चुके, अन्य राज्यों के प्रोफेशनल कलाकार भी राम गुरुकुल गमन में अपना दमदार अभिनय दिखाएंगे। निर्देशित नशे के विरुद्ध लाइट एंड साउंड शो राम गुरुकुल गमन अपार सफलता प्राप्त कर चुका है।

# ए वी पब्लिक स्कूल में मोटिवेशनल लेक्चर आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन)



ए वी पब्लिक स्कूल में एक मोटिवेशनल लेक्चर का आयोजन किया गया यह लेक्चर पीसीसी एकेडमी के निदेशक डॉ राजीव परथी द्वारा संबोधित करवाया गया यह लेक्चर आठवीं कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों तक था इस सेमिनार में राजीव परथी ने काफी मुद्दों पर चर्चा की गई मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह शास्त्री ने राजीव परथी का स्वागत किया इस मौके पर राजीव परथी ने बच्चों को सामान्य ज्ञान के बारे में बताया एवं कामयाबी को हासिल करने के गुण सिखाए और अंग्रेजी भाषा के महत्व को बताया अंग्रेजी भाषा को आसान तरीके से बोलने के तौर तरीके सिखाए मौके पर स्कूल के निर्देश मैडम मधु शास्त्री ने राजीव परथी का स्वागत किया एवं भविष्य में भी जुड़े रहने को कहा प्रधानाचार्य राजेंद्र शास्त्री ने कहा इस तरह के लेक्चर से स्कूल के बच्चों के अंदर आत्मविश्वास की भावना में वृद्धि होती है और बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है मैडम मधु शास्त्री जी ने कहा राजीव परथी जो बड़े-बड़े नगरों एवं महानगरों में मोटिवेशनल ट्रेनर के रूप में कार्य कर रहे हैं यह हमारे पानीपत के लिए गर्व की बात है उन्होंने राजीव परथी को आशीर्वाद दिया एवं बच्चों ने लेक्चर में काफी आनंद लिया और जोरदार तालिया के साथ धन्यवाद किया जोश एवं स्फूर्ति के साथ जो बदलाव लेक्चर के बाद देखा गया वह अपने आप में बहुत ही काबिले तारीफ था मौके पर स्मृति चिन्ह देकर राजीव परथी को सम्मान दिया। इस मौके पर ममता सपना स्नेहा निशा गोयल महक अंजू एवं अणु उपस्थित रहे।

# स्लोगन लेखन, रंगोली, मेहँदी प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )



एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर (नेशनल इंटीग्रेशन कैंप) के पांचवें 17 राज्यों के 200 स्वयंसेवकों ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, रंगोली, मेहँदी और कोलाज प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया जिसके विजेताओं को समापन समारोह में सम्मानित किया जायेगा। कैंप समन्वयक डॉ आनंद कुमार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग, डॉ संतोष कुमारी, डॉ तेनजिंग नोर्जम भूटिया, डॉ शशीकला कुमारी, डॉ एल मंजू भार्गवी, डॉ फारूक अहमद लनी, डॉ आरती दुबे और डॉ परमिंदर कौर ने किया। मंच संचालन डॉ संतोष कुमारी ने किया। सात दिवसीय कैंप के पांचवें दिन सभी स्वयंसेवकों ने सुबह के सत्र में योग और ध्यानशाळा में हिस्सा लिया। दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों को दोपहर के भोजन के बाद एतिहासिक जिले कुरुक्षेत्र के भ्रमण पर ले जाया गया जहाँ स्वयंसेवकों ने रवालवी महोत्सव का आनंद लिया और कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के दर्शन किये। देश के सुदूर प्रदेशों से आये एनएसएस कार्यकर्ताओं और प्रोग्राम ऑफिसर्स के लिए यह एक यादगार

**कैंप**

भूमि कुरुक्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध हुई जब कि संवरण के पुत्र राजा कुरु ने सोने के हल से सात कोस की भूमि जोत डाली

और भावनात्मक यात्रा रही। स्वयंसेवकों ने ब्रह्मसरोवर, सन्निहित सरोवर, शक्तिपीठ श्री भद्रकाली मन्दिर, ज्योतिसर (श्रीमद्भगवतगीता उपदेश स्थली), श्री स्थानेश्वर महादेव मन्दिर आदि के दर्शन किये। डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि कुरुक्षेत्र का इलाका भारत में आर्यों के आरम्भिक दौर में बसने (लगभग 1500 ई.पू.) का क्षेत्र रहा है और यह महाभारत की पौराणिक कथाओं से जुड़ा है। इसका वर्णन भगवद्गीता के पहले श्लोक में मिलता है। इसलिए इस क्षेत्र को धर्म क्षेत्र कहा गया है। थानेसर नगर राजा हर्ष की राजधानी थी जिसे सन 1011 ई. में महमूद गजनवी ने तहस-नहस कर दिया था। आरम्भिक रूप में कुरुक्षेत्र ब्रह्मा की यज्ञिय वेदी कहा जाता था पजीर आगे चलकर इसे समन्तपंचक कहा गया, जबकि परशुराम ने अपने पिता की हत्या के प्रतिशोध में क्षत्रियों के रक्त से पाँच कुण्ड बना डाले, जो पितरों के आशीर्वचनों से कालान्तर में पाँच पवित्र जलाशयों में परिवर्तित हो गये। आगे चलकर यह भूमि कुरुक्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध हुई जब कि संवरण के पुत्र राजा कुरु ने सोने के हल से सात कोस की भूमि जोत डाली थ

# आर्य कॉलेज की पुरुष वालीबॉल टीम ने चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

आर्य कॉलेज की पुरुष वालीबॉल टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित वालीबॉल इंटेरजोनल पुरुष चैंपियनशिप में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीत कर कॉलेज के साथ पानीपत ज़िले का नाम रोशन कर इतिहास रचने का काम किया। शुक्रवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह व सभी प्राध्यापकों ने बधाई दी। कॉलेज प्राचार्य ने कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश तूर्ण, राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर, सुनील पहल व प्राध्यापिका रजनी को इस शानदार जीत के लिए बधाई दी। कॉलिज प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला व महासचिव सीए कमल किशोर ने अपने बधाई संदेश में कहा की यह पूरे आर्य कॉलिज परिवार के लिए खुशी के पल हैं। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने इंटर जोनल वॉलीबॉल में प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीत कर यह साबित कर है कि आर्य कॉलेज के विद्यार्थी ना केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेल-कूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में कॉलेज का मान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रबंधक समिति का भी हर संभव हो यही प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को महाविद्यालय के अंदर हर तरह की सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जाएं। कॉलेज उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित वालीबॉल इंटेरजोनल पुरुष चैंपियनशिप के पहले मैच में आर्य कॉलेज की टीम ने दयाल सिंह कॉलेज करनाल को 3-0 से हरा कर लीग के लिए क्वालीफाई किया।

## न्यूज फ्लैश

### विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे हरविंद्र कल्याण : जगमोहन आनंद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि कहा कि हरविंद्र कल्याण को जो विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है, उन्हें पूरा विश्वास है कि वह उसे बखूबी निभाएंगे। अपने कुशल प्रबंधन के माध्यम से वह इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। करनाल विधायक जगमोहन आनंद सहित असंध के विधायक योगेंद्र राणा, नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीरपंथी और इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने हरविंद्र कल्याण को विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष डा.कृष्ण मिड्ढा को उपाध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा में आज ही स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव हुआ। करनाल जिले के घरौंडा से जीत की हैट्रिक लगाने वाले हरविंद्र कल्याण को सर्वसम्मति विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। हरविंद्र कल्याण कभी विवादों में भी नहीं रहे। वहीं जींद विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा को डिप्टी स्पीकर बनाया गया। उन्होंने कहा कि उपाध्यक्ष के रूप में सौम्य व सरल व्यवहार के धनी डा.कृष्ण मिड्ढा भी जनता की सेवा को तत्पर रहेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में कल्याण के नाम का प्रस्ताव रखा, जबकि भाजपा विधायक रणबीर गंगवा ने प्रस्ताव का समर्थन किया। कल्याण करनाल जिले के घरौंडा से तीन बार विधायक रहे हैं। कल्याण को अध्यक्ष तथा कृष्ण मिड्ढा को विधानसभा उपाध्यक्ष पद ग्रहण करने पर मुख्यमंत्री और उनकी पार्टी के विधायकों, कांग्रेस विधायकों, इनेलो विधायक तथा कई अन्य विधायकों ने बधाई दी।

### राज्य स्तरीय एथलेटिक्स सीनियर वर्ग 2024 के लिए चयन ट्रायल 28 अक्तूबर को

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा द्वारा राज्य स्तरीय एथलेटिक्स (पुरूष तथा महिला) सीनियर वर्ग 2024 प्रतियोगिता का आयोजन करवाने का निर्णय लिया गया है। इन खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ि‍यों का चयन ट्रायल 28 अक्तूबर को कर्ण स्टेडियम में प्रातः 9 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय एथलेटिक्स (पुरूष तथा महिला) सीनियर वर्ग 2024 में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर लंबी बाधा दौड़ (पुरुष वर्ग), 2 किलोमीटर लंबी बाधा दौड़ (महिला वर्ग), 5000 मीटर, 10000 मीटर, 20 किलोमीटर वॉक (पुरुष वर्ग), 5 किलोमीटर (महिला वर्ग), 110 मीटर हर्डल (पुरुष वर्ग), 100 मीटर हर्डल (महिला वर्ग), 400 मीटर हर्डल (पुरुष वर्ग), 400 मीटर हर्डल (महिला वर्ग), लॉन्ग जंप, ट्रिपल जंप, हाई जंप, पोल वॉल्ट, शॉर्ट पुट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, डेकाथन, हेप्टाथन, 4*100 मीटर रीले, 4*400 मीटर रीले, 4*100 मीटर मिक्सड रीले, 4*400 मीटर मिक्सड रीले खेल शामिल हैं।

### किसान धान की कटाई के बाद फसल अवशेषों में न लगाएं आग : उत्तम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने किसानों का आह्वान किया कि वे धान की कटाई के बाद फसल अवशेषों में आग न लगाएं। आग लगाने से वायु प्रदूषण फैलता है और मिट्टी के पोषक तत्व भी नष्ट हो जाते हैं। किसान अवशेषों को मशीनों की सहायता से मिट्टी में मिलाएं।

# मधुमक्खी पालन का तीन दिवसीय अग्रणी प्रशिक्षण आयोजित

## मधुमक्खी पालन के लिए केन्द्र से प्रशिक्षण के बाद कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुए किसान


**प्रशिक्षण**

**करीब 30 किसानों को रानी मक्खी पालन एवं छत्ता उत्पादों पर अग्रणी तकनीको पर प्रशिक्षण दिया गया**




टीम एक्शन इंडिया
राई। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग ने कृषि विज्ञान केंद्र जगदीशपुर में मधुमक्खी पालन का तीन दिवसीय अग्रणी प्रशिक्षण आयोजित किया। प्रशिक्षण को कीट विज्ञान विभाग एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रायोजित मधु क्रांति परियोजना के अंतर्गत किया गया। करीब 30 किसानों को रानी मक्खी पालन एवं छत्ता उत्पादों पर अग्रणी तकनीको पर प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन के शुभारंभ पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की तरफ से बिपिन कुमार ने मधुमक्खी पालन की कृषि क्षेत्र में भूमिका पर प्रकाश डाला और किसानों का उत्साह बढ़ाया। प्रथम दिन पर कीट विज्ञान विभाग के डॉ हरीश ने किसानों को इस अग्रणी प्रशिक्षण व रानी मछली पालन की आवश्यकता व उपकरणों के बारे में बताया तथा डा. मनोज ने विभिन्न छत्ता उत्पादों के इकट्ठा करने व भंडारण करने की विधि के बारे में बताया। उसके बाद किसानों को एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र, कुरुक्षेत्र का भ्रमण करवाया और किसानों को छत्ता उत्पादन की उच्च गुणवत्ता एवं मधुमक्खी पालन पर चल रही सरकार की विभिन्न परियोजना व सब्सिडी के बारे में अवगत कराया। डॉ भावना भट्ट ने विभिन्न लैबोरेट्रीज का भ्रमण करवाया। कीट विज्ञान विभाग के डॉ योगेश ने रानी मक्खी पालन के विभिन्न तरीकों के बारे में सिखाया। डॉ. जितेंद्र सिंह बामल ने किसानों को विभिन्न तुओं में मधुमक्खी पालन पर लेकर दिया। केन्द्र की डॉ. विवेक सिंह ने किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए प्रेरित किया व शहद के महत्व और गुणों के बारे में जानकारी दी।

# क्षेत्र की जनता के काम एवं सम्मान के लिए खड़ा रहूंगा : कादियान



**प्राथमिकता**

**गन्नौर हलका उनका परिवार है और लोगों से किए हर वादे को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है**

टीम एक्शन इंडिया
गन्नौर। 15वीं विधानसभा का पहला सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया है। गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने चंडीगढ़ में विधायक पद की शपथ ले ली है। शपथ लेने के बाद विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि मैं हमेशा अपने क्षेत्र की जनता के काम एवं सम्मान के लिए खड़ा रहा हूं और आगे भी खड़ा रहूंगा। आपका भाई, बेटा बनकर आपकी सेवा करूंगा। गन्नौर में विकास कार्यों की शुरूआत हो चुकी है, आगे चलकर विकास की रफ्तार को तेज किया जाएगा। विधायक बनने के अगले दिन से उन्होंने शहर में स्वच्छता को लेकर बीड़ा उठाया है, इसका फर्क देखा जा सकता है। शहर की तर्ज पर गांवों में भी बिना भेदभाव के काम होंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य राजनीति के माध्यम से सत्ता सुख भोगने का नहीं है। 24 घंटे, दिन-रात आपके सेवा में हाजिर रहने वाला विधायक हूं। मेरे द्वार आप सभी के लिए 24 घंटे खुले है। कादियान गन्नौर के विकास को लेकर पूरी तरह से गंभीर व प्रयासरत है। गन्नौर की जनता ने अपने बेटे को 35 हजार से ज्यादा वोटों से जीताकर विधानसभा भेजा है। गन्नौर हलका उनका परिवार है और लोगों से किए हर वादे को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र का विकास से जुड़ा कोई भी काम अधूरा नहीं रहेगा।

# कल होगा जीडी गोयनका स्कूल इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह : मुदगल



टीम एक्शन इंडिया
राई। जी डी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह सतत 27 अक्तूबर को शाम 5 बजे धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्या नीरा मुदगल ने दी। उन्होंने बताया कि वार्षिकोत्सव समारोह को लेकर स्कूल के छात्रों में उत्साह है। छात्रों द्वारा कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रधानाचार्या नीरा मुदगल ने बताया कि सतत विकास लक्ष्य हमेशा से भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक ताने बाने का हिस्सा रहे है। मौजूदा वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अब स्पष्ट है कि ये लक्ष्य सभी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। नीरा मुदगल ने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे स्थिरता और प्रगति की इस यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंचे ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चित हो सके।

# पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पानीपत पुलिस के हाथ लगी सफलता

**बरामद**

**बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर को गिरफ्तार, चोरी के 17 बाइक बरामद**



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )
पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय की टीम ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी पानीपत व सोनीपत में बैंक, बस अड्डा व हस्पताल के बाहर से बाइक चोरी कर भलौर गांव स्थित ईंट भट्ठा पर छुपा देते थे। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 17 बाइक बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों से खुलासा हुआ दोनों आरोपी करीब 8 महीने से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय थे। दोनों आरोपी चोरी की एक बाइक पर सवार होकर वीरवार को बाइक चोरी की अन्य वारदात को अंजाम देने के लिए पानीपत आ रहे थे। उप पुलिस अधीक्षक राजबीर सिंह ने शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि सीआईए श्री पुलिस की एक टीम वीरवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान चौटाला रोड पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के दो युवक एक स्प्लेंडर बाइक पर सवार होकर भलौर गांव की ओर से चौटाला रोड होते हुए सिवाह जीटी रोड की तरफ आ रहे है। युवकों के पास बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए चौटाला रोड पर पावर हाउस के पास नाकाबंदी कर बाइक सहित दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान इंतजार पुत्र महबुब निवासी पोइस बागपत युपी हाल लक्ष्मी भट्ठा भलौर व बीरू पुत्र पाले निवासी जहानगढ़ दोझा बागपत यूपी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने बाइक के कागजात मांगे तो दोनों युवक बहाने बाजी करने लगे। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने उक्त बाइक 8 अगस्त को सिवाह स्थित बस अड्डा परिसर से चोरी करने बारे स्वीकारा।

# चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने दिया स्वदेशी अपनाने का संदेश



**मांग**

**हर वर्ग तक पहुँचना चाहिए ताकि देश की आर्थिक समृद्धि और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित किया जा सके**

टीम एक्शन इंडिया
गन्नौर। चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने स्वदेशी अपनाओ और अपने देश में बने दिए ही जलाओ का महत्वपूर्ण संदेश दिया। इसके तहत छात्रों ने कैलाना और सैया खेड़ा गांव में जाकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें स्वदेशी उत्पादों के महत्व और कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीपों का उपयोग करने पर जोर दिया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों ने ग्रामीणों को जागरूक किया कि दीवाली पर चाइना के सामान के बजाय देशी कुम्हारों द्वारा बनाए गए दीपक जलाने से न केवल हमारे कारीगरों की आजीविका में सुधार होगा, बल्कि भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा। नाटक में छात्रों ने दीवाली की परंपराओं, स्थानीय कला और कुम्हारों के योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, गयह जरूरी है कि हम अपने देश के कारीगरों का समर्थन करें और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग बढ़ाएं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया यह नाटक समाज को इस दिशा में जागरूक करने का एक सराहनीय प्रयास है। गांव के लोगों ने बच्चों के इस प्रयास की भरपूर सराहना की और कहा कि यह संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुँचना चाहिए, ताकि देश की आर्थिक समृद्धि और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित किया जा सके।

# जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव से विचलित न होकर समाज की सेवा में जुटे रहें : डा. सीएस राव



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में 11 प्रशिक्षु सिपाहियों ने शुक्रवार को कर्तव्यपथ की शपथ लेकर अपना प्रशिक्षण पूरा किया। दीक्षांत समारोह में अकादमी के निदेशक डॉ. सीएस राव ने जवानों को बधाई दी। ये सभी जवान रिक्रूट बेसिक कोर्स बैच संख्या-90 के हैं। डॉ. राव ने कहा कि पुलिस सेवा में अपने कार्य को पूरी मेहनत और लगन के साथ करना आवश्यक है, चाहे परिस्थिति कैसी भी हो। उन्होंने जवानों से कहा कि जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव से विचलित न होकर समाज की सेवा में जुटे रहें। दीक्षांत समारोह में अकादमी की पुलिस अधीक्षक पुष्पा ने रिक्रूट सिपाहियों को कर्तव्य और ईमानदारी की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस में शामिल हो रहे इन नए जवानों का योगदान समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से आने वाले प्रत्येक जरूरतमंद की सहायता के लिए तत्पर रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर हरियाणा पुलिस अकादमी के जिला न्यायवादी डॉ. सोहन सिंह, जिला उप-न्यायवादी अनीता रानी, पुलिस उप-अधीक्षक हरविंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह और अकादमी के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# धान की खरीद का कार्य जारी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में धान की खरीद का कार्य जारी है। गत दिवस तक जिले की मंडियों में 7 लाख 68 हजार 617 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसी द्वारा की गई। खरीदी गई धान का उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए है। उपायुक्त ने बताया कि धान की खरीद का कार्य जिले में 15 मंडी/परचेज सेंटरों पर किया जा रहा है। अब तक 7 लाख 68 हजार 617 मीट्रिक टन धान मंडियों में आई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन द्वारा 1 लाख 1 हजार 267 मीट्रिक टन धान खरीदा गया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे धान को सुखाकर मंडियों में लेकर आएं।

# चेन स्नैचिंग की वारदात में शामिल तीसरा आरोपी काबू



**रिमांड पर लिया**

**झपटी गई चेन आरोपी रजनी ने बेचकर 30 हजार रुपए आरोपी अनिल उर्फ काला को दे दिये थे**

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)
सीआईए वन पुलिस की टीम जलमाना गांव में दुकान में महिला के गले से चेन स्नेचिंग की वारदात में शामिल तीसरे आरोपी को वीरवार को करनाल जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपी गौरव निवासी लाजपत नगर दिल्ली हाल सिक्का कालोनी सोनीपत ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने साथी आरोपी अनिल उर्फ काला निवासी खजुर नगर तहसील कैंप के साथ मिलकर चेन स्नेचिंग की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि चेन बेचकर आरोपी गौरव के हिस्से में आई नगदी में से बचे 1 हजार रुपए आरोपी के कब्जे से बरामद कर शुक्रवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया। आरोपी गौरव करनाल जेल में चेन स्नेचिंग के अन्य मामले में बंद था। आरोपी पर चेन स्नेचिंग की वारदातों के दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। आरोपी अनिल उर्फ काला व आरोपी गौरव की पत्नी रजनी के कब्जे से 30 हजार रुपए व वारदात में प्रयुक्त एक प्लसर बाइक बरामद कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत जेल भेजा जा चुका है। झपटी गई चेन आरोपी रजनी ने बेचकर 30 हजार रुपए आरोपी अनिल उर्फ काला को दे दिये थे और 30 हजार अपने पास रख लिए थे।

# प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में जज हनी मित्तल का हुआ स्वागत

**अभिनंदन**

**हनी मित्तल ने प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के बाद न्यायिक जज के रूप में चयनित हुए**




टीम एक्शन इंडिया
गन्नौर। जीटी रोड स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा ग्रहण करके एचसीएस ज्यूडिशियल की परीक्षा पास कर जज बने स्कूल के भूतपूर्व विद्यार्थी हनी मित्तल का स्वागत किया गया। हनी मित्तल ने प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के बाद न्यायिक जज के रूप में चयनित हुए। इस अवसर पर स्कूल के मुख्य संचालक डा. संजय जैन, अमित बत्रा, डा. सुनीता जैन एवं रुचिका बत्रा, प्राचार्य सुरेंद्र छाबड़ा एवं उप प्राचार्य दीपमाला ने उन्हें सम्मानित किया। अमित बत्रा ने छात्रों से हनी मित्तल की बहुमुखी प्रतिभा, जीवन में होने वाले संघर्ष एवं कामयाबी के विषय में बताया। इस अवसर पर हनी मित्तल ने विद्यार्थियों से वातालाप किया तथा जिज्ञासु विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। स्टाफ ने उन्हें उनकी कामयाबी के लिए बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रयास जूनियर विंग में रंगोली प्रतियोगिता में हिमानी प्रथम




टीम एक्शन इंडिया
गन्नौर। किशनपुरा स्थित प्रयास स्कूल की जूनियर विंग में दीपावली के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। प्रतियोगिता में स्कूल के चौथी व पांचवी कक्षा के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर दीया डेकोरेशन, थाली मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने अपनी कला का भरपूर प्रदर्शन किया। थाली डेकोरेशन में दिव्यांशी प्रथम, दिव्यांशी वर्मा व ईशान द्वितीय व गौरव तृतीय स्थान पर रहा। रंगोली प्रतियोगिता में पांचवी कक्षा की हिमानी प्रथम, दृष्टि द्वितीय व सान्वी और मान्वी तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार थाली मेकिंग प्रतियोगिता में चौथी कक्षा की दिव्यांशी प्रथम, दिव्यांशी वर्मा व गौरव द्वितीय व दर्श जैन और ईशान तृतीय स्थान पर रहे।

# राष्ट्रीय आपदा राहत बल की टीम ने छात्रों को बताए आपदा प्रबंधन के गुर

**सुरक्षा अभियान**

**रक्त स्राव सर्पदंश में किस तरह से प्राथमिक उपचार किया जाए कि जानकारी दी गई**



टीम एक्शन इंडिया
गन्नौर। राजकीय माड्ल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुरक्षा अभियान के तहत जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम स्कूल की प्रधानाचार्या अरुण लता की अध्यक्षता में किया गया। राष्ट्रीय आपदा राहत बल की तरफ से मिल्केश कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। उन्होंने आपदा और आपातकाल के दौरान होने वाले हालातों से अवगत करवाते हुए दिखाया कि हमें आगजनी होने पर किस तरह से बचाव करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को भूकंप, बाढ़ तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में बचाव के तरीके सिखाये गये तथा बच्चों को अस्पताल जाने से पूर्व चिकित्सा के गुर सिखाए भी गये। जिसके अंतर्गत सीपीआर, रक्त स्राव सर्पदंश में किस तरह से प्राथमिक उपचार किया जाए कि जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों से इसका अभ्यास भी कराया गया।

# संस्कृति संरक्षण, व्यवसाय का संगम है रत्नावली: प्रो. बीवी रमना रेड्डी

## वेल्कम हरियाणा से हुआ हरियाणा दिवस राज्यस्तरीय उत्सव रत्नावली का आगाज

**स्वावलम्बी**

**इस महाकुंभ में जहां युवा पीढ़ी अपनी धरोहर व संस्कृति से रूबरू हो रही हैं, वहीं युवा स्वावलम्बी भारत का सपना साकार कर रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण व युवाओं को व्यवसाय से जोड़ने में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रत्नावली महोत्सव बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है। इस महाकुंभ में जहां युवा पीढ़ी अपनी धरोहर व संस्कृति से रूबरू हो रही हैं, वहीं युवा अपने स्वयं के उत्पादों को क्राफ्ट मेले में प्रदर्शित कर स्वावलम्बी भारत का सपना साकार कर रहे हैं। यह विचार राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. बीवी रमन्ना रेड्डी ने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 37वें राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहुंचने पर प्रो. बीवी रमन्ना रेड्डी, विशिष्ट अतिथि केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल व राष्ट्रपति अवार्डी प्रेम देहाती का कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने उनका ढोल नगाड़ो व हरियाणवी लोकधुनों के साथ स्वागत व अभिनंदन किया। इसके बाद सभी अतिथियों व अधिकारियों ने सरस्वती मां की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से महोत्सव का शुभारंभ किया। प्रो. बीवी रमन्ना रेड्डी ने कहा कि यह महोत्सव जहां हरियाणवी संस्कृति को समृद्ध करने का कार्य कर रहा है, वहीं एक दूसरे से संवाद कायम करने के साथ-साथ छात्रों को नई चीजे सीखने के लिए भी प्रेरित करता है। नृत्य व संगीत से जहां भगवान की प्राप्ति होती है वहीं छात्रों में रचनात्मक कौशल का भी विकास होता है। सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रत्नावली महोत्सव 1985 में 8 विधाओं व 300 कलाकारों के साथ आरंभ हुआ था और यह यात्रा अब 34 विधाओं और 3000 से अधिक युवा कलाकारों के साथ हरियाणवी संस्कृति को देश-विदेश में समृद्ध करने के साथ एक नई पहचान भी दिला रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणवी संस्कृति को सहेजने का प्रयास कर रहा है जिसके परिणामस्वरूप हरियाणवी पॉप सांग व आर्केस्ट्रा सहित अन्य विधाओं को शुरू करने के साथ पुरानी विधाओं को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश का एकमात्र विश्वविद्यालय है जिसने सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया है। खेलों के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश भर में तीसरे स्थान पर है व संस्कृति के क्षेत्र में सरकारी विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान पर हैं। उन्होंने कहा कि रत्नावली महोत्सव में देश को कई बड़े कलाकार दिए हैं। इसी मंच से

# सैंकड़ों युवा कलाकार महोत्सव में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा: भूपेन्द्र

**हुनर**

**भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि अम्बाला की पावन धरा पर सैंकड़ों युवा कलाकार अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाएंगें**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला युवा महोत्सव के समन्वयक एवं आईटीआई के प्रधानाचार्य भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि अम्बाला की पावन धरा पर सैंकड़ों युवा कलाकार अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाएंगें। इन युवा प्रतिभाओं को कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय हरियाणा की तरफ से एक विशेष मंच मुहैया कराया गया हैं। इस मंच के तहत अम्बाला में 21 व 22 नवम्बर को जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा हैं। इस युवा महोत्सव में अम्बाला, करनाल व हिसार मंडल के जिलों से कलाकार पहुंचेगें। इस युवा महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रधानाचार्य भूपेन्द्र सिंह आईटीआई संस्थान में कमेटी के सदस्यों और शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य की एक संयुक्त बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले जिला समन्वयक एवं प्रधानाचार्य भूपेन्द्र सिंह ने भारत सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय युवा महोत्सव स्वामी विवेकान्द की जयन्ती अवसर पर 12 जनवरी 2025 से 16 जनवरी 2025 तक मनाएं जाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस राष्ट्रीय युवा महोत्सव को लेकर प्रत्येक राज्य में जिला स्तर व प्रदेश स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं।

इस वर्ष जिला स्तरीय युवा महोत्सव का थीम इनोवेशन इन साईंस एण्ड टेक्नोलोजी थीम रखा गया हैं। इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी के सांझे सहयोग की जरूरत रहेगी।

इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह, एनएसएस के जिला अधिकारी विजय कुमार, धुराना राजकीय स्कूल की प्रिंसिपल रेनू बाला, राजकीय पीजी कॉलेज से पूनम राजौरा, डीएवी सीनियर सकैण्डरी स्कूल अम्बाला शहर मंजीत कौर, देव समाज कॉलेज अम्बाला शहर से कीर्ति गुप्ता, एमडीएसडी कॉलेज अम्बाला शहर से रेनू शर्मा व एकता शर्मा, सैन्ट जैन कॉलेज से डॉ. विजय कुमार, राजकीय सीनियर सकैण्डरी स्कूल जलबेड़ा से विशाल शर्मा, राजकीय कॉलेज फॉर वुमन शहजादपुर से डॉ. पंकज कुमार, उप प्रधानाचार्य गुरू चरण शर्मा, जिला यूथ ऑफिसर एन.वाई.के., अर्शदीप आदि उपस्थित थे।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**महादान**

**यह शिविर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल और राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया। शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा मुख्यातिथि के रूप में पधारे जबकि डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मोनिका भाटिया ने शिविर की अध्यक्षता की। मुख्यातिथि रोहतास वर्मा का स्वागत पौधा जड़ित गमला देकर किया गया। मुख्यातिथि रोहतास वर्मा ने रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए कहा कि रक्तदान अति पुण्य का कार्य है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। स्कूल की प्राचार्या मोनिका भाटिया ने सभी अतिथियों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि डीएवी स्कूल अनेक सामाजिक सेवाओं में बढ़चढ़कर भाग लेता है। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि आज कुछ युवा नशे का शिकार हैं। उन्हें नशा छोड़ देना चाहिए और जो व्यक्ति नशे के टीके लगवाता है उसे नशे की सुई नहीं रक्तदान की सुई लगवानी चाहिए। नशा मनुष्य के शरीर को नष्ट करेगा जबकि रक्तदान से व्यक्ति और स्वस्थ होगा।

# हरविंद्र को विस अध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक गहलावत ने दी बधाई



**राई।** राई विधायक कृष्णा गहलावत ने हरविंद्र कल्याण को विधानसभा अध्यक्ष व डा. कृष्ण मिड्ढा को विधानसभा उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरविंद्र कल्याण के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा प्रदेश आगे बढ़ेगा। हरविंद्र कल्याण अपनी सहजता, सरलता और मानवीय गुणों से विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। अपने इन्हीं गुणों से वह विधानसभा की गरिमा तथा गौरवशाली परंपराओं को और आगे बढाएंगे। उन्होंने कहा कि उपाध्यक्ष के रूप में सौम्य व सरल व्यवहार के धनी डा. कृष्ण मिड्ढा भी जनता की सेवा को तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि उपाध्यक्ष के रूप में सौम्य व सरल व्यवहार के धनी डा. कृष्ण मिड्ढा भी जनता की सेवा में समर्पित रहेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में कल्याण के नाम का प्रस्ताव रखा।

# कल्याण को विस अध्यक्ष बनने पर देवी अहिल्याबाई होलकर का चित्र भेंट किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज हरियाणा विधानसभा के लिए चुने गए सभी नवनिर्वाचित विधायकों को प्रोटेम अध्यक्ष रघुबीर कादयान ने शपथ दिलवाई। तत्पश्चात हरविंद्र कल्याण विधायक घरोंडा को विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी पर अध्यक्ष के रूप में बिठाया गया। मुख्यमंत्री सहित पक्ष और विपक्ष के सभी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी । हरविंदर कल्याण विधायक घरौंडा को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर देवी अहिल्याबाई होल्कर अनुसंधान विकास केंद्र की टीम एवं प्रदेश अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने विधानसभा अध्यक्ष को देवी अहिल्याबाई होलकर का चित्र भेंट कर शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर हुकमचंद, जीतराम रामेश्वर, नंबरदार शेर सिंह,कंवर पाल, विक्रम मालानीया ,आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 4 नवंबर से संबंधित खजाना कार्यालय व उप खजाना कार्यालय में पेंशनर्स जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाए




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला खजाना अधिकारी राजीव शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार की हिदायतों के अनुसार कुरुक्षेत्र जिले के खजाना/उपखजाना कार्यालयों से पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनधारकों (जो ई-पेंशन प्रणाली के माध्यम से पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनधारक) को अवगत करवाया जाता है कि आगामी 4 नवंबर 2024 से सम्बन्धित खजाना कार्यालय व उप-खजाना कार्यालय में जीवन प्रमाण-पत्र जमा करवाएं ताकि नवम्बर 2024 माह की पेंशन समय पर वितरित की जा सके।

उन्होंने जानकारी के क्रम में आगे बताया कि ए से ई अक्षर के नाम वाले पेंशनधारक 4 नवंबर से 10 नवंबर तक, एफ से जे नाम वाले पेंशनधारक 11 नवंबर से 15 नवंबर तक, के से ओ नाम वाले पेंशनधारक 16 नवंबर से 20 नवंबर तक तथा पी से जेड नाम वाले पेंशन धारक 21 नवंबर से 25 नवंबर 2024 तक अपने जीवन प्रमाण पत्र सम्बन्धित खजाना व उप खजाना कार्यालय में अपना आधार कार्ड, पीपीओ कॉपी व मोबाईल साथ लेकर अपने नाम के प्रथम अक्षर अनुसार विवरणी में दर्शाई गई तिथियों अनुसार कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाण-पत्र दर्ज करवायें ताकि समय पर पेंशन का वितरण किया जा सके।

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार किया



**नई दिल्ली।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने आज दिल्ली के पीतमपुरा में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस शुभारंभ के साथ, बैंक राज्य में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है, तथा स्थानीय समुदायों के लिए बैंकिंग सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित कर रहा है। इस लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, "हमें दिल्ली में अपने बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार करके खुशी हो रही है। अपनी पुरानी विरासत और समृद्ध समुदाय के लिए प्रसिद्ध पीतमपुरा राज्य में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन से न केवल स्थानीय समुदायों को बैंकिंग सेवाओं तक पहुँचने में मदद मिलेगी, बल्कि स्थानीय समुदायों के भीतर आर्थिक विकास, वित्तीय समावेशन और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी।"

बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को तमाम तरह के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान कराई जाती हैं जिनमें सेविंग और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड डिपाजिट और रेकरिंग डिपाजिट जैसी सेवाएं शामिल हैं। ग्राहकों की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक कई तरह के लोन उत्पाद- जैसे हाउसिंग लोन, बिजनेस

# नशीला पदार्थ रखने के 2 आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला के निदेर्शानुसार नशीला पदार्थ तस्करों पर शिकंजा कसते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में महेश आर्य व चोबे आर्य पुत्रान बिसम्बर आर्य वासी अजनी जिला बरेली यूपी को गिरफ्तार करके 500 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 24 अक्टूबर को अपराध अन्वेषण शाखा-1प्रभारी के मार्ग-निर्देश में पीएसआई जसबीर सिंह, मुख्य सिपाही पवन कुमार, संदीप कुमार एसपीओ गुरदेव सिंह गाड़ी चालक ईएचसी बलविन्द्र सिंह की टीम सैक्टर-10 मार्किट थानेसर मे मौजुद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि महेश आर्य व चोबे आर्य पुत्रान बिसम्बर आर्य वासी अजनी जिला बरेली यूपी अफीम बेचने का काम करते है।

# लोक सांस्कृतिक परम्पराओं को समृद्ध कर रहा है रत्नावली महाकुंभ

## वेल्कम टू हरियाणा गीत से हुआ रत्नावली 2024 का आगाज



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** लोक सांस्कृतिक दृष्टि से रत्नावली समारोह हरियाणा एवं भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में विख्यात है। रत्नावली 2024 की शुरूआत सांस्कृतिक दृष्टि से पानीपत से पहुंची कलाकारा हिति बतरा के वेल्कम टू हरियाणा गीत से हुई। उन्होंने इस गीत के माध्यम से जहां एक ओर हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत एवं परम्पराओं को प्रस्तुत किया वहीं पर दूसरी ओर हरियाणा की विशेषताओं को उजागर कर सबका मन मोह लिया। हिति बतरा बाल कलाकारा के रूप में पहले भी रत्नावली के मंच पर नृत्य प्रस्तुत कर चुकी है। सांस्कृतिक दृष्टि से हरियाणा की गायन शैलियों के विशेषज्ञ एवं मिरासी परम्परा का निर्वहन करने वाले राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित गायक कलाकार एवं विशिष्ट अतिथि प्रेम देहाती ने फेर बुडापा होये होये, फेर बुढ़ापा बैरी आवेगा, चार दिन की चमक चाँदनी, कर ले जो करना..... गीत गाकर सबका खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर एसडी कॉलेज पानीपत की टीम ने लूर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। उल्लेखनीय है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा सन् 2023 में लूर नृत्य को पुनर्जीवित कर युवा उत्सवों में शामिल किया है। इससे पूर्व लगभग 50 वर्ष पहले यह नृत्य हरियाणा से लुप्त हो चला था। फागण के महिने में खेला जाने वाला यह नृत्य हरियाणा के बांगर क्षेत्र में खेला जाता था। इस नृत्य में नृत्य एवं अभिनय दोनों का समागम देखने को मिलता है। उधर केयू ऑडिटोरियम परिसर में ढोल-नगाड़ों के साथ छात्र-छात्राओं ने नाच-नाचकर मस्ती का ऐसा आलम प्रस्तुत किया कि सब मंत्रमुग्ध हो उठे। सपेरा पार्टी ने बीन की स्वर लहरियों से सभी मेहमानों का स्वागत कर बीन-बांसली का लोक सांस्कृतिक स्वरूप प्रस्तुत किया।

**विविध**

**बीन और बांसली की स्वर लहरियों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति के विविध स्वरूप प्रस्तुत किए**

हिसार से विशेष रूप से रत्नावली में पहुंचा कमलेश एवं पपोसा गांव के दल की महिलाओं ने सभी मेहमानों का हरियाणवी गीत गाकर स्वागत किया। हस्तशिल्प मेले के उद्घाटन अवसर पर भी हरियाणवी महिलाओं ने लोक-पारम्परिक नृत्यों को प्रस्तुत कर हरियाणवी संस्कृति की विविध छटाओं के स्वरूप प्रस्तुत किए। जींद से पहुंची बीन-बांसली की पार्टी ने गजे सिंह की परम्परा को निभाते हुए बीन और बांसली की स्वर लहरियों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति के विविध स्वरूप प्रस्तुत किए।

# प्रिंटर खराब होने के चलते रिपोर्ट का इंतजार करते रहे मरीज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** के नागरिक अस्पताल में उपचार व कागजी कार्यवाही पूरी करवाने के लिए आने वाले लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। अस्पताल में प्रिंटर खराब होने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाद कमर नंबर-18 में प्रिंटर खराब होने के चलते घंटों तक रिपोर्ट लेने के लिए मरीजों व मेडिकल प्रमाण-पत्र बनवाने वालों को घंटों इंतजार करने पर मजबूर होना पड़ा। मामले का पता लगाते ही कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर प्रिंटर को बदलवाया। उसके बाद लोगों को रिपोर्ट मिल सकी। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने राहत की सांस ली। बता दें कि जिले में मौजूदा समय में वायरल बुखार, डेंगू बुखार व मलेरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। वहीं प्रदेश सरकार की तरफ से सरकारी नौकरी के अभ्यर्थी, स्कूल में दाखिला लेने वाले व आर्म्स लाइसेंस सहित ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए मेडिकल प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है। अस्पताल में आने वाले उक्त अभ्यर्थी टेस्ट के बाद रिपोर्ट के इंतजार में बृहस्पतिवार को घंटों तक इंतजार में खड़े रहे। लैब में सैंपल देने के बाद मरीजों को कमर नंबर-18 से रिपोर्ट मिलती है। प्रिंटर खराब होने के कारण रिपोर्ट लेने वाले मरीज व अन्य को दो घंटे से ज्यादा का इंतजार करने पर मजबूर होना पड़ा।

**परेशानी का सबब**

**कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर प्रिंटर को हटाकर दूसरा लगाया, उसके बाद मिल सकी रिपोर्ट**

प्रबंधन को इस संबंध में अवगत करवाया गया। जिसके बाद कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी डा. गिन्नी लांबा मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने दूसरा प्रिंटर मंगवा कर कमरे में लगवाया। उसके बाद लोगों को रिपोर्ट मिल सकी।

**ईएनटी चिकित्सक छुट्टी पर, मरीज व मेडिकल वालों को उठानी पड़ी परेशानी-** नागरिक अस्पताल में मौजूदा समय में एक ही ईएनटी चिकित्सक है। जिनकी कभी जेल डयूटी, तो कभी वीआईपी ड्यूटी लगा दी जाती है। गत दो दिनों से तबीयत खराब होने के चलते ईएनटी चिकित्सक डा. प्रदीप लाकड़ा छुट ?्टी पर है। जिसके चलते अस्पताल में आने वाले मरीजों व मेडिकल करवाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीज बिना उपचार के वापस लौट रहे है।

**जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने किया डायलिसिस ओपीडी का दौरा-** प्रदेश सरकार की तरफ से किडनी व डायलिसिस को मरीजों के लिए फ्री सुविधा दी गई है। जिला नागरिक अस्पताल में मौजूदा समय में 80 मरीज डायलिसिस की सुविधा ले रहे है। जोकि उनके लिए फ्री है।

प्रदेश के मुखिया की तरफ से फ्री सुविधा देने के वायदे के बाद अस्पताल में पांच से दस मरीज जुड़े है। उक्त मरीज दिल्ली व अन्य जगहों पर जाकर डायलिसिस की सुविधा खर्च करके लेते थे, लेकिन प्रदेश में सुविधा फ्री होने के बाद अस्पताल में मरीज आने लगे है। जोकि फ्री का लाभ ले रहे है। बृहस्पतिवार को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयकिशोर व डायलिसिस डा. संदीप लठवाल ने सेंटर का दौरा किया। अधिकारी ने लोगों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की।

# नवीन संकल्प शिविरों में लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**शिविर**

**नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक कर्मचारी मिलजुलकर कार्य कर रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में 14 अक्तूबर से आरंभ किये गये नवीन संकल्प शिविरों में लोग काफी संख्या में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंच रहे हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लगाए जाने वाले नवीन संकल्प शिविरों में लोगों को अनेक प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। नवीन संकल्प शिविरों में लोगों को आधार, पेंशन, परिवार पहचान पत्र और अन्य दस्तावेजों में संसोधन के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक कर्मचारी मिलजुलकर कार्य कर रहे हैं। नवीन संकल्प शिविरों की इस श्रृंखला में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा शाहबाद हल्के के गांव अजराना कलां और अजराना खुर्द में शिविरों का आयोजन किया गया।

# 'आप' के सीसीटीवी कैमरे और वाईफाई हुए 'हवाहवाई'


**शो-पीस**


- शो-पीस बने सीसीटीवी कैमरें
- जनता के टैक्स के पैसे हुए स्वाहा
- लोगों में रोष

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**

**नई दिल्ली: यूं तो आम आदमी पार्टी का जन्म** भ्रष्टाचार को खत्म करने के नाम पर अन्ना आंदोलन से हुआ था, लेकिन आज खुद केजरीवाल एंड पार्टी भ्रष्टाचारों के गंभीर आरोपों से घिरी हुई है। दिल्ली सरकार ने दिल्ली में सुरक्षा के मद्देनज़र लाखों-करोड़ों की लागत से दिल्ली की सभी विधानसभा क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे, वाईफाई के साथ लगवाएं थे, जिससे की दिल्ली में सुरक्षा आश्वस्त हो सके, लेकिन आज हालात कुछ ओर ही बयां कर रहे।

**धूल फांक रहे हैं सीसीटीवी कैमरे:** यहां पर हम बात कर रहें है बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र की, जहां पर क्षेत्र वासियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार ने विधायक फंड से वाईफाई के साथ सीसीटीवी कैमरे लगवाएं थे, जो कि अब दीवारों पर लगें धूल फांकने लगे हैं और शो-पीस बन कर रह गए हैं। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि बुराड़ी विधानसभा में तकरीबन आधे से ज्यादा कैमरे खराब पड़े हुए है, जिसको देखने या मेंटिनेंस के लिए विधायक या दिल्ली सरकार की ओर से कोई नहीं आया है जिससे की कैमरे रिपेयर कर चालू किए जा सके।







**सीसीटीवी कैमरा मामला एक जांच विषय:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में जो सीसीटीवी कैमरे दिल्ली सरकार की ओर से व विधायक संजीव झा के फंड से जगह चिन्हित करके लगवाए गए थे उनमें बहुत बड़ा घोटाला हुआ है जिसकी पूर्ण रूप से निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही जिस कंपनी द्वारा यह कैमरे क्षेत्र में लगाए गए है उन्होंने इनका समय-समय में मेंटेनेंस क्यों नही किया

**-दीपक गुप्ता, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष जेडीयू, बुराड़ी विधानसभा प्रभारी**



**शोपीस बने कैमरे:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में विधायक संजीव झा के फंड़ से जितने भी सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए है, उनमें से लगभग सभी खराब पड़े हुए हैं और जो कैमरे चल भी रहें है तो उनका एक्सेस लेना भी शेर के मुहं से शिकार छिनने वाली बात होगी। कैमरे खराब होने के चलते क्षेत्र में वारदातें भी अधिक बढ़ गई हैं बावजूद इसके दिल्ली सरकार व विधायक द्वारा इन कैमरों को सही करवाने की जहमत तक नही उठाई है।

**- गुलाब सिंह राठोर, निगम पार्षद मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8**



**कैमरों के नाम पर जनता को लूटा:** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की सुरक्षा का हवाला देते हुए दिल्ली में जो सीसीटीवी कैमरें लगवाए थे वह दिल्ली सरकार व विधायक की लापरवाही की भेंट चढ़कर सालों से धूल फांक रहे है। दिल्ली में सीसीटीवी कैमरें लगवाने में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है जिसी जांच होनी चाहिए। आज जब इस मुद्दे पर हम विधायक से बात करना चाहते हैं तो वो कन्नी काटते हुए नजर आते हैं।

**-अधिवक्ता विनोद मुदगल, उत्तर पूर्वी सांसद प्रतिनिधि**



**पटरी से उतरी सुरक्षा व्यवस्था:** जहां एक ओर तो बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र तमाम समस्याओं से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर विधायक संजीव झा के विधायक फंड से क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं गए थें वह केवल शोपीस बनकर रह गए है। जब से कैमरे लगवाएं गए है तब से इसकी कोई देखरेख नही की गई है जिसके आभाव में अब दीवारों पर धूल फांक रहें हैं। विधायक इस मसले पर लोगों से बात नहीं करते है।

**- कृष्ण पाल, भाजपा, मंडल अध्यक्ष वार्ड नंबर-9 संत नगर**



**भ्रष्टाचार में लिप्त है केजरीवाल एंड पार्टी:** दस सालों में विधायक संजीव झा ने क्षेत्र में एक भी विकास कार्य नहीं करवाया करवाया है, जिससे कि जनता को कुछ हद तक राहत भी मिल सकें। तो वहीं बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में विधायक फंड से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे आज अपने वजूद को तलाश रहे हैं और सभी कैमरे खराब पड़े हैं। लेकिन विधायक को इन बातों की चिंता नहीं है।

**शैलेंद्र कुमार, पूर्व एनडीए प्रत्याशी,-बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र**

**सुरक्षा व्यवस्था हुई लचर:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे खराब होने की वजह से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह से चरमरा गई है। सीसीटीवी कैमरे खराब होने के चलते क्षेत्र में चोरी, छीना झपटी जैसी वारदातें भी बढ़ने लगी है, इस वजह से क्षेत्र के लोग खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि कैमरे लगाने के बाद इनकी रेखदेख के दिल्ली सरकार या विधायक संजीव झा ने इसकी सुध तक नही ली।

**लोगों ने घर से हटाएं कैमरे के कनेक्शन:** क्षेत्र के लोगों ने बताया कि दिल्ली सरकार की ओर से जब सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे तो इनका कनेक्शन लोगों के घरों से दिया गया था, चूंकि कुछ माह तक तो लोगों ने कनेक्शन लगे रहने दिया। लेकिन जब इन कैमरों का बिल भी उनके मीटरों के बिलों में बढ़कर आने लगा और लोगों को जेब पर भारी पड़ने लगा तो उन्होंने कैमरों के कनेक्शन अपने मीटरों से हटा दिया। जिसके चलते अब वह कैमरें सालों से दीवरों पर टंगे-टंगे बस शोपीस ही बनकर रह गए हैं।

**लोगों के टैक्स के पैसे हुए स्वाहा:** लोगों की सुरक्षा को देखते हुए दिल्ली सरकार ने दिल्ली की तमाम सड़कों सहित विधानसभाओं में लोगों के टैक्स के पैसे से कैमरे लगवाए थे, जो कि अब सालों खराब पड़े हुए है, जिसकी सुध लेने के लिए भी दिल्ली सरकार या विधायक जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं जिससे की लोगों के टेक्स के पैसे स्वाहा हो गए।

## सिविल डिफेंस वॉलंटियरों को एलजी ने दिया दिवाली का तोहफा: गुलाब सिंह राठौर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के 10792 सिविल डिफेंस वॉलंटियरों जिनकी सेवाएं तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर रद्द की गई थीं उनका गत लगभग 10 माह का संघर्ष का उस वक्त अस्थाई रूप से स्थगित हो गया जब दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हे 4 माह की प्रदूषण रोधी ड्यूटी सौंप दी और साथ ही निर्देश जारी किये की इनकी कांट्रैक्ट ड्यूटी नियमित हो सके। जिसको लेकर भाजपा के दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा गत कई माह से इन बर्खास्त सिविल डिफेंस वॉलंटियरस को पुनः रोजगार



दिलवाने का प्रयासरत रहे। बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से भाजपा के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने कहा है की दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का सिविल डिफेंस वालेंटियरस व

**आभार जताया**

- सविल डिफेंस वालंटियर्स को प्रदूषण रोधी उपाय करने की ड्यूटी पर लगाने से राहत मिलेगी

उनके परिजनों को दीवाली से पूर्व दीवाली का तोहफा होगा।

**एलजी का जताया आभार:** गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा सिविल डिफेंस वालंटियर्स को प्रदूषण रोधी उपाय करने की ड्यूटी पर लगाने से दिल्ली में काफी हद तक प्रदूषण के लिए राहत तो मिलेगी ही इसके साथ ही उन सभी वालंटियर्स की जीविका भी चलती रहेगी।

इसके साथ ही राठौर ने कहा कि दिल्ली सरकार के इस फरमान ने उन सभी कर्मठ वॉलिंटियर्स व उनके अश्रितों के मुंह से निवाला छिनने का प्रयास किया था,लेकिन शायद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल यह बात भुल गए थे कि दिल्ली ही नही पूरे देश की जनता के लिए भाजपा उनके साथ खड़ी है और गरीब लोगों का अहित कभी नही होने देगी। इसके साथ ही राठौर ने एलजी वीके सक्सेना का आभार व्यक्त किया।

## विकास कार्यों को गति देने के लिए विकास सभा का हुआ आयोजन

**नई दिल्ली:** विकास कार्यों में जनता की सहभागिता को लेकर दिल्ली सरकार ने राजेंद्र नगर विधान सभा में आज "विकास सभा" का आयोजन किया। इस अवसर पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि इसके माध्यम से लोगों को विकास कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त होती है साथ ही साथ उन्होंने कहा कि विकास प्रक्रिया में जनसहभागिता जरूरी है , इससे विकास कार्यों को गति मिलती है। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। लगभग 4 करोड़ रुपए से राजेंद्र नगर विधान सभा के गांवों में विकास कार्य किया जा रहा है।

## पार्कों में पसरा अंधेरा,असामाजिक तत्वों ने डाला डेरा: प्रवीण शंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आज दिल्ली की महापौर डा. शैली ओबरॉय एवं नगर निगम आयुक्त अश्वनी कुमार को पत्र लिखकर उनका ध्यान बजट आभाव के कारण दिल्ली नगर निगम के दुर्दशा की ओर ध्यान आकृष्ट कर सोमवार 28 अक्टूबर को दिल्ली नगर निगम सदन की विशेष बैठक में पार्कों के रखरखाव के लिए कम से कम 100 करोड़ रूपए के फंड आवंटन की मांग की है। पत्र में कहा गया है की यह आवंटन हारटीकलचर, सिविल एवं विद्युत तीनों में दिया जाये। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने



कहा है की 2024-25 का दिल्ली नगर निगम बजट बनाते एवं स्वीकृत करते हुए महापौर डा.शैली ओबरॉय ने होरटीकलचर (बागवानी) सहित 35 विभागों का बजट आवंटन शून्य कर अपने लिए 500 करोड़ रुपए का विशेष बजट स्वीकृत कर दिया था। महापौर डा. ओबरॉय की हठधर्मी का नतीजा है की दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आने वाले लगभग 15400 छोटे बड़े पार्कों देखते बनती है, इसी का नतीजा है की 12000 से अधिक पार्क बंजर हो चुके हैं क्योंकि उनके ट्यूबवेल कांट्रैक्ट समाप्त हो चुके हैं और पार्क में पानी उपलब्ध नही है। सी.पी.डब्लू.डी. नियमों अनुसार प्रति एक एकड़ पार्क के लिए एक माली एवं एक सहायक होना चाहिए पर नगर निगम कांट्रैक्ट कर्मी मालियों से चल रहा है तो अब पार्कों के लिए माली तक नही है। पार्क रखरखाव के लिए माली की स्थिती इतनी खराब है की 4 एकड़ पार्क पर केवल एक माली उपलब्ध है।

## द्वारका सेक्टर-19 में बनेगा सुविधाओं से लैस शानदार सरकारी स्कूल: सीएम आतिशी

**शिक्षा पर बल**

- दिल्ली के बच्चों का भविष्य अब दिल्लीवालों के हाथ में है : मुख्यमंत्री आतिशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार मटियाला विधानसभा के द्वारका सेक्टर-19 में विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस शानदार स्कूल बनाएगी। शुक्रवार को सीएम आतिशी ने इसका शिलान्यास किया। उल्लेखनीय है कि, ये स्कूल 104 कमरें, 6 अत्याधुनिक लैब, लाइब्रेरी, लिफ्ट, शानदार एम्फीथिएटर,बास्केट बॉल कोर्ट,






बैडमिंटन कोर्ट से लैस होगा। स्कूल सालभर में बनकर तैयार हो जाएगा और अंबरहई, कुतुब विहार, सरिता विहार, पोचमपुर, भगत सिंह एनक्लेव सहित आसपास के हजारों बच्चों के लिए वर्ल्ड क्लास एजुकेशन हब बनेगा। इस अवसर पर स्थानीय विधायक गुलाब सिंह 'मटियाला' व अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सीएम आतिशी ने कहा कि, दिल्लीवालों ने अगर केजरीवाल को वोट नहीं दिया तो आगे से उनके बच्चों की शिक्षा पर कोई काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि, दिल्ली के बच्चों का भविष्य अब दिल्लीवालों के हाथ में है; उन्हें शिक्षा पर काम करने वालों को चुनना है या जात-पात की राजनीति करने वालों को चुनना है।

**मटियाला विधानसभा के द्वारका सेक्टर-19 में नए स्कूल का शिलान्यास करने पहुंची सीएम आतिशी:** कार्यक्रम में सीएम आतिशी का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सीएम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और नारियल फोडकर नए स्कूल की नींव रखी। इस दौरान उन्होंने नाम गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नाम पट्टिका का अनावरण किया। सीएम ने नई बिल्डिंग के मॉडल को भी देखा और अफसरों से बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में जाना।

**दिल्ली के बड़े प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ेगा द्वारका सेक्टर-19 का स्कूल:** सीएम आतिशी ने कहा कि, आज हम जिस स्कूल का शिलान्यास कर रहे है, ये दिल्ली और द्वारका के सबसे बड़े प्राइवेट स्कूलों को भी पीछे छोड़ देगा। इस बिल्डिंग में 104 कमरे, 6 अत्याधुनिक लैब्स, लाइब्रेरी, एक्टिविटी रूम, 2 लिफ्ट के साथ-साथ एक 750 लोगों की क्षमता वाला एम्फीथिएटर भी होगा। जो शायद दिल्ली के बड़े प्राइवेट स्कूलों में भी नहीं होता है। स्कूल के अंदर स्पोर्ट्स की शानदार फैसिलिटीज होगी। इसमें प्ले ग्राउंड, बास्केट बॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट होगा।

## प्रो मजहर आसिफ ने कुलपति का कार्यभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रोफेसर मजहर आसिफ ने शुक्रवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के 16वें कुलपति के तौर पर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद आसिफ ने कहा कि विश्वविद्यालय को सर्वोच्च स्थान पर ले जाना ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। कुलपति कार्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। ज्वाइनिंग के तुरंत बाद वह यूनिवर्सिटी कैंपस में स्थित ब्रिगेडियर उस्मान की समाधि पर गए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। ब्रिगेडियर उस्मान को "नौशेरा का शेर" के नाम से भी जाना जाता है। वह भारतीय सेना में एक उच्च पदस्थ अधिकारी थे। उन्होंने 1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में वीरगति पायी थी। प्रोफेसर मजहर आसिफ ने देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन और जेएमआई के संस्थापक सदस्य डॉ. एम.ए. अंसारी को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। कुलपति ने कुलपति कार्यालय के बैठक हॉल में डीन, कार्यवाहक रजिस्ट्रार और विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। इसके साथ ही उन्होंने पूरे प्रशानिक ब्लॉक का दौरा किया।

## गंदगी और प्रदूषण से त्रस्त्र दिल्ली की जनता: राज खुराना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुजरावाला टाउन पार्ट दो मे रहने वाले व सिविल लाइन जोन के पूर्व चैयरमेन राज खुराना ने कहा है की अरविंद केजरीवाल सरकार एवं दिल्ली नगर निगम की निष्क्रियता एवं भ्रष्टाचार के चलते दिल्ली की सफाई एवं सीवर व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और दिल्ली में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, बीमारियां फैल रही हैं। दिल्ली सरकार हो या नगर निगम जनता को परेशान करने में डूबे हुए हैं। लोग इस आम आदमी पार्टी की सरकार से इस कदर गुस्स हैं



कि अब इन्हें उखाड़ फेंकने की बात कर रहे हैं। दिल्ली सरकार और निगम शासित आम आदमी पार्टी के नेताओं को जनता की परेशानियों से कुछ लेना-देना नहीं है। राज खुराना ने आगे कहा कि आज दिल्ली विश्व की सबसे गंदी एवं प्रदूषित राष्ट्रीय राजधानी के रूप में बदनाम हो चुकी है। केजरीवाल की लापरवाही से आज दिल्ली नगर निगम में ना नियमित महापौर है ना स्थाई समिति जिसका नतीजा है की ना नियमित रूप से सफाई हो रही है ना फॉगिंग कराई जा रही है। राज खुराना ने कहा कि जहां एक ओर तो त्यौहारों का मौसम चल रहा है और वहीं दिल्ली में चारों तरफ कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। वहीं महापौर डा. शैली ओबरॉय सत्ता का आनंद लूटने मे मस्त हैं। आप शासित नगर निगम की लापरवाही से दिल्ली में तेजी से डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैल रही हैं।

## पदयात्रा के दौरान केजरीवाल पर हमला करने का आआपा ने लगाया आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आम** आदमी पार्टी (आआपा) ने भाजपा पर दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमले की कोशिश करने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि दिल्ली में शुक्रवार शाम को विकासपुरी में पदयात्रा के दौरान भाजपा के गुंडों ने हमला किया। भाजपा के गुंडे अरविंद केजरीवाल के पास तक पहुंचे, लेकिन पुलिस ने भाजपा के गुंडों को नहीं रोका। आम आदमी पार्टी नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर हमले की निंदा की है। उन्होंने लिखा कि अरविंद केजरीवाल पर हुआ हमला बेहद निंदनीय और चिंताजनक है।

## बस मार्शलो को पक्का करें दिल्ली सरकार: विजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के नेता विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री को बस मार्शलों को पक्का करने की मांग को लेकर के पत्र लिखा । उन्होंने बताया कि मैंने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर बस मार्शलों को पक्का करने की मांग की है और तीन सदस्यीय कमेटी का गठन तुरंत करने के लिए कहा है । विजेंद्र गुप्ता ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि 27 सितंबर को विधानसभा में बस मार्शलों को पक्का करने के लिए मांग उठाई थी और प्रस्ताव पारित किया गया था । पांच अक्टूबर को भाजपा विधायक दल मुख्यमंत्री से मिला था और मार्शलों को पक्का करने की प्रक्रिया को शुरू





करने के लिए कहा था और उसी दिन उपराज्यपाल के साथ मीटिंग भी हुई जिसमें मैं और मुख्यमंत्री आतिशी मौजूद थी और वहाँ तय हुआ कि बस मार्शलों को पक्का करने के लिए मुख्यमंत्री फाइनेंस, एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स और ट्रांसपोर्ट विभाग के तीन उच्च अधिकारियों की कमेटी का गठन करेंगी जो मार्शलों की नियमितीकरण के लिए रोडमैप तैयार करेगी। उन्होंने बताया कि मैंने दस अक्टूबर को आतिशी को पत्र लिखा और कहा कि आपने अभी तक तीन सदस्यीय कमेटी नहीं बनाई है उसे जल्द बनाइये परंतु उसके बाद भी कमेटी नहीं बनाई।

आगे गुप्ता ने कहा कि 24 अक्टूबर को उपराज्यपाल ने पत्र लिखा और आतिशी को यह याद दिलाया कि आपने इस मामले में कमेटी गठित नहीं की है। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री आतिशी तुरंत कमेटी का गठन नहीं करेंगी और नियमितीकरण की प्रक्रिया को शुरू नहीं करेंगी तो भाजपा इस पर आंदोलन चलाएगी । उल्लेखनीय है कि दिल्ली में गुरूवार को प्रदूषण की रोकथाम के लिए बस मार्शलो को एक नवंबर से चार महीने के लिए नियुक्त किया गया है ।

**पत्र लिखा**

- यदि मुख्यमंत्री नियमितीकरण की प्रक्रिया को शुरू नहीं करेंगी तो भाजपा इस पर आंदोलन चलाएगी

# डिजिटल लाइब्रेरी व कृषिकोष ई-संसाधनों से शोध कार्यों में आएगी तीव्रता: प्रो. काम्बोज

कार्यक्रम

▶▶ -कृषिकोष डिजिटल रिपोजिटरी-साइबर सुरक्षा एवं साहित्य चोरी विषय पर कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में कृषिकोष डिजिटल रिपोजिटरी, साइबर सुरक्षा और शिक्षा एवं अनुसंधान में साहित्यिक चोरी विषय पर एकदिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हकृवि के नेहरू पुस्तकालय द्वारा आईसीएआर व आईएआरआई के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों में कृषिकोष डिजिटल रिपोजिटरी के बारे में जागरूकता लाना, रिपोजिटरी के उपयोग को बढ़ाना तथा शैक्षणिक एवं शोध समुदाय को साइबर सुरक्षा एवं साहित्यिक चोरी के प्रति संवेदनशील करना है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के व्यापक प्रचार एवं प्रसार के कारण ज्ञान किसी राज्य या देश की परिधि व समय में बंधा हुआ नहीं है बल्कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों की विभिन्न तकनीकों के माध्यम से सीमाओं से दूर फैल रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार के ई -संसाधनों वाले ई- रिपोजिटरी ने इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा हाल के वर्षों में अनुसंधान और विकास का केंद्र बन गए हैं। कृषि और सकल घरेलू उत्पाद देश का बहुत बड़ा क्षेत्र है इसलिए छात्रों वैज्ञानिकों और नीति निमार्ताओं के लिए समय पर सूचना पहुंचना अति आवश्यक है। कृषिकोष सही और प्रामाणिक डाटा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि आईसीएआर ने सीईआरए और कृषि कोर्स जैसे डिजिटल रिपोजिटरी के माध्यम से विभिन्न ई-संसाधनों तक पहुंच की सुविधा प्रदान की है, जिससे एनएआईपी कंसो?टयम परियोजनाओं के हिस्से के रूप में राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली (एनएआरएस) के तहत कृषि विश्वविद्यालय और आईसीएआर संस्थाओं को लाभ हुआ है। उन्होंने बताया कि नेहरू पुस्तकालय में 2 लाख 50 हजार पुस्तकें है। 2 लाख 6 हजार थीसिज उपलब्ध है जिससे शोधकताओं को नए शोध करने में मदद मिलती है।

# माई भारत पोर्टल से युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आउटरीच कार्यक्रम

▶▶ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
राजकीय महाविद्यालय उकलाना की एनएसएस यूनिट द्वारा शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में माई भारत पोर्टल से युवाओं को जोड़ने और इसके महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल से अवगत कराना और उन्हें इस पोर्टल के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर जुड़ने के लिए प्रेरित करना था।
कार्यक्रम में एनएसएस यूनिट के प्रमुख शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों को मेरा युवा भारत और एक देश, एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से इन्हीं विषयों पर आधारित सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों को माई भारत पोर्टल के उद्देश्यों, इसकी कार्यप्रणाली, और इसके द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस पोर्टल का उद्देश्य देश के युवाओं को एक मंच पर एकत्रित करना है, जिससे वे अपने विचार, सुझाव, और आकांक्षाओं को साझा कर सकें। इसके माध्यम से युवा विभिन्न सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों में भाग ले सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अहोई अष्टमी पर दिव्यांग केंद्र में सेवार्थ भाव से 8 लोगों के किए फ्री नेत्र ऑपरेशन

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
स्वास्थ्य व सामाजिक सरोकारों की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में अहोई अष्टमी के पावन पर्व पर सेवार्थ भाव से 8 जरूरतमंद लोगों की आंखों के ऑपरेशन निशुल्क किए गए। सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित इन लोगों के सफल ऑपरेशन करके नेत्र ज्योति प्रदान की गई। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की गई। इस अवसर पर भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा व दिव्यांग केंद्र से जुड़े कई पदाधिकारी व सदस्य भी उपस्थित रहे।
दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए 27 अक्टूबर को एम सी कॉलोनी के भारत माता मंदिर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। भारत माता मंदिर के सभागार में यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जारी रहेगा। इस शिविर में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक निशुल्क नेत्र जांच करके उचित परामर्श देंगे। इसके साथ ही यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस शिविर के संयोजन में भारत माता मंदिर के संरक्षक समाजसेवी अनिल महता की विशेष भूमिका रहेगी। यह निशुल्क नेत्र जांच शिविर चौ. फकीरचंद फतेहचंद मानव कल्याण समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में भारत माता मंदिर के आसपास के विभिन्न क्षेत्रों के लोग आसानी से लाभ उठा पाएंगे। इस शिविर में जांच के दौरान जिन लोगों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिलेगी उनका नेत्र ऑपरेशन दिव्यांग केंद्र में निशुल्क किया जाएगा।

### जिला की मंडियों में 36 हजार 506 मीट्रिक टन धान की खरीद

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 2320 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों की धान की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में 24 अक्टूबर तक 36 हजार 506 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है, जिसमें फूड सप्लाई द्वारा 7 हजार 894 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 20 हजार 115 मीट्रिक टन तथा एचडब्ल्यूसी द्वारा 8 हजार 497 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है।
श्री दहिया ने बताया कि 24 अक्टूबर तक जिला की मंडियों में 36 हजार 506 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है, जिनमें बरवाला मंडी में 10143 मीट्रिक टन, हांसी मंडी में 5099 मीट्रिक टन, खेड़ी जालब मंडी में 1075 मीट्रिक टन, लोहारी राघो मंडी में 1362 मीट्रिक टन, नारनौंद मंडी में 2819 मीट्रिक टन, पाबड़ा मंडी में 215 मीट्रिक टन, सिसाय मंडी में 1478 मीट्रिक टन, उकलाना मंडी में 14154 मीट्रिक टन तथा हिसार मंडी में 161 मीट्रिक टन की खरीद हुई है। उपायुक्त ने बताया कि जिला में अब तक 24 हजार 993 मीट्रिक टन धान फसल का उठान किया गया है। फूड सप्लाई द्वारा 5662 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 14707 मीट्रिक टन तथा एचडब्ल्यूसी द्वारा 4624 मीट्रिक टन धान फसल का उठान किया गया है। इसी प्रकार जिले में अब तक 10025 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद हुई है, जिसमें हैफेड द्वारा 7246 मीट्रिक टन तथा एचडब्ल्यूसी द्वारा 2779 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई है।

### जिला में अब तक तीन लाख 45 हजार मीट्रिक टन धान की हुई खरीद, 67 प्रतिशत हुआ उठान

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों से दो लाख 30 हजार 202 मीट्रिक टन धान की फसल का उठान किया गया है जोकि खरीद का 67 प्रतिशत है। जिला में अब तक तीन लाख 45 हजार 239 मीट्रिक टन धान की फसल की खरीद हुई है।
उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला के किसानों से आह्वान किया है कि वे अपनी धान की फसल को सुखाकर ही मंडी या खरीद केंद्रों में लेकर आएं, ताकि उन्हें फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उपायुक्त ने खरीद एजेंसियों को भी निर्देश दिए है कि वे मंडियों व खरीद केंद्रों में फसल खरीद के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करें।

## ऊर्जा संरक्षण के लिए कार्य कर रही संस्थाओं को किया जाएगा पुरस्कृत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
बिजली की खपत को कम करने के लिए हरियाणा सरकार ऊर्जा संरक्षण की दिशा में काम करने वाली संस्थान को दो लाख रूपए तक के राज्यस्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। वर्ष 2023-24 के लिए दिए जाने वाले इन पुरस्कारों के आवेदन की अंतिम तिथि 11 नवंबर निर्धारित की गई है।एडीसी डा. पकंज यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा व हरेडा द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न श्रेणियों में पात्र उपभोक्ताओं से राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# 4 नवंबर को चुनाव व्यय पर्यवेक्षक जांचेंगे चुनावी खर्च का ब्यौरा

ब्यौरा

▶▶ खर्च का ब्यौरा न देने वाले उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लड़ने के लिए किया जा सकता है अयोग्य घोषित



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
विधानसभा आम चुनाव-2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों को 4 नवंबर को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में चुनाव व्यय पर्यवेक्षक के समक्ष चुनावी खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत करना होगा। 7 नवंबर तक व्यय रजिस्टर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय को जमा करना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार तय समयावधि में चुनावी खर्च का ब्यौरा न देने वाले उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
यह जानकारी देते हुए चुनाव तहसीलदार जगदीप मान ने बताया कि इस बार विधानसभा आम चुनाव के लिए प्रति उम्मीदवार चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि नियमानुसार उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र भरने के साथ ही चुनावी खर्च की गणना शुरू हो जाती है। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार तय सीमा से ज्यादा पैसा नहीं खर्च कर सकता है। डीईटीसी तरूणा लांबा ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 नवंबर को जिला सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी, खर्च पर्यवेक्षक, सातों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसलिए सभी उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि समय रहते संबंधित ईवीएम वेयर हाउस में एईओ से मिलकर खर्च रजिस्टर की जांच करवा लें। उन्होंने कहा कि खर्च रजिस्टर में कोई भी मिसमैच नहीं होना चाहिए। 7 नवंबर तक व्यय रजिस्टर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय को जमा करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान डीईटीसी तरूणा लांबा ने उपस्थित एईओ व प्रतिनिधियों को बिंदुवार फार्म भरने संबंधी जानकारी दी व उनके शंकाओं का समाधान भी किया। इस अवसर पर अनुभाग अधिकारी जगबीर सिंह भी उपस्थित रहे।
फोटो :
बैठक में उपस्थित चुनाव तहसीलदार जगदीप मान एवं डीईटीसी तरूणा लांबा।

# बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन 27 को, श्याम बाबा के दरबार में माथा टेकने उमड़ेंगे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
महाभारतकाल की स्मृतियों को जीवंत करने वाले बीड़ बबरान धाम में 27 अक्टूबर को संकीर्तन धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को विशेष रूप से सजाया जाएगा। इस संकीर्तन में गायक व श्रद्धालु भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। अर्जी संकीर्तन में पधारने वाले भक्तगण श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर मन्नत मांगेगे। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया 27 अक्टूबर को सायंकाल



आयोजित होने वाले अर्जी संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचेंगे और अपने इष्ट श्याम बाबा के समक्ष अर्जी लगाकर कष्टों के निवारण की कामना करेंगे। उन्होंने बताया कि श्याम बाबा बड़े दयालु हैं और सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी करके बाधाओं को दूर करते हैं। इसलिए अर्जी संकीर्तन में भीड़ का कोई पारावार नहीं रहता। उन्होंने बताया कि अर्जी संकीर्तन में हिस्सा लेने वाले भक्तों को बीड़ बबरान धाम में स्थापित श्याम बाबा के दरबार के साथ-साथ वीर हनुमान के मंदिर व शिव परिवार के दर्शनों का भी मौका मिलेगा। इसके साथ ही अखंड जोत, धूणे, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के भी भक्त दर्शन करेंगे। धाम की शोभा बढ़ाने वाले अखंड जोत, महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष एवं इसके छेदनुमा पत्ते भी संकीर्तन के दौरान आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं।

## जॉब फेयर अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/मतलौडा**
मतलौडा में प्रिंसिपल रंजना शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जॉब फेयर अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन करवाया गया। इस जॉब मेले मिल्टन एलिवेटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पानीपत बेरी उद्योग प्राइवेट लिमिटेड करनाल और शिव इलेक्ट्रिकल प्राइवेट लिमिटेड ब्राह्मण माजरा इन तीन बड़ी कंपनियों ने भाग लिया। इस जॉब फेयर में 62 बच्चों द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाया गया और जिसमें 26 बच्चों को इन कंपनियों द्वारा अप्रेंटिसशिप और जॉब ऑफर की गई।
इस अवसर पर मनोज ग्रोवर एंप्लॉयमेंट ऑफिसर पानीपत भी मौजूद रहे।

# पुष्करी स्नान, द्वादश अराधन व पुष्पक विमान की सवारी शोभा यात्रा के साथ ब्रह्मोत्सव का समापन



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
अध्यात्म की अलख जगाने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में ब्रह्मोत्सव के दौरान सातों दिन श्रद्धालुओं की भीड़ का कोई पारावार नहीं रहा। पुष्करणी स्नान, द्वादश अराधन व पुष्पक विमान की अनूठी सवारी शोभा के साथ ब्रह्मोत्सव का समापन हुआ। पुष्पक विमान की अदभुत सवारी देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान जी के विग्रह को पूजा-पाठ करके एवं आराधना के उपरांत पूरे विधि-विधान से पुष्पक विमान की सवारी में विराजमान किया गया। इसके बाद रथ पर शोभायमान इस सवारी को श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से खींचकर धाम की परिक्रमा करके अपने इष्ट के प्रति आस्था जताई। इस दौरान पूरा धाम परिसर जय भगवान वेंकटेश, जय तिरुपति बालाजी, जय श्रीमन्ननारायण और जय गोविंदा के उदघोष से गूंज उठा। विशेष बात यह रही कि ब्रह्मोत्सव में हरियाणा के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी श्रद्धलुओं ने हिस्सा लिया और भगवान के दरबार में माथा टेककर मन्नत मांगी।
अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति धाम में सात दिन पूर्व पूरे विधि-विधान से ब्रह्मोत्सव की शुरूआत की गई। इस दौरान दक्षिण भारत से पधारे अर्चकों व वाद्य यंत्र वादकों ने माहौल को आध्यात्मिक व सात्विक बनाए रखा। इस दौरान अलग-अलग दिन सुबह व सायं सवारी निकालकर भगवान जी की आराधना की गई। श्री विष्वक्सेन जी द्वारा मार्गावलोकन, पूर्ण कोठी की सवारी, शेष वाहन की सवारी, गरुड़ जी की सवारी, हनुमान जी की सवारी, रथ की सवारी, घोड़ा सवारी, सूर्य प्रभा की सवारी, सिंह की सवारी व पुष्पक विमान की सवारी ने भक्तों को अभिभूत कर दिया। भगवान जी का नगर भ्रमण व मोहिनी स्वरूप की सवारी ने सभी को मोहित कर दिया। ब्रह्मोत्सव से जुड़े सभी पुनीत कार्य परम पद प्राप्त अनंत विभूषित जगदगुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी श्री देवनारायणाचार्य जी महाराज के परम कृपापात्र नवनियुक्त अभिनव उत्तराधिकारी

# समाधान शिविर में समाधान के लिए प्राप्त हुई 30 शिकायतें

समाधान शिविर

▶▶ उपायुक्त ने निर्देश दिए कि वे शिविर में आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान करें।




**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नगर परिषद/नगरपालिका कार्यालय और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालयों में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। शुक्रवार को लगे समाधान शिविरों में कुल 30 शिकायतें समाधान के लिए आई जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए गए।
उपायुक्त मनदीप कौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर में आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान करें। लोगों को एक समस्या के लिए फिर से न आना पड़े। इसके अलावा समाधान शिविर में आने वाले लोगों को उनके काम के लिए संतुष्ट होना लाजमी है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार बीडीपीओ व नगरपालिका कार्यालय परिसर में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में नागरिक प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, स्वामित्व योजना, जमीन रजिस्ट्रेशन व अन्य प्रकार की समस्याएं समाधान के लिए रख सकते हैं, जिनका संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।
शुक्रवार को समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 30 समस्याएं समाधान के लिए आईं, जो संबंधित विभागों को सौंपी गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि समाधान शिविर में उनके समक्ष आने वाली हर समस्या को बड़ी गंभीरता से सुना जाए और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा जाए।

# फसल कटाई प्रयोग के आधार पर ही तय होगी जिले की औसत पैदावार: डॉ देवेंद्र

निरीक्षण

▶▶ मैय्यड़, दाहिमा, चिकनवास व खेड़ी बर्की में पहुंचकर फसल कटाई प्रयोगों का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के अर्थशास्त्री डॉ देवेंद्र श्योराण ने जिले के गांव मैय्यड़, दाहिमा, चिकनवास व खेड़ी बर्की में फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिले के सभी गावों में फसल कटाई प्रयोगों का कार्य कर रहे कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वर्तमान खरीफ सीजन में यह कार्य ध्यानपूर्वक करें। इन्हीं के आधार पर प्रत्येक गांव की औसत पैदावार तय की जाएगी तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों का क्लेम भी इन्ही के आधार पर ही निर्धारित किया जाएगा।
अर्थशास्त्री डॉ देवेंद्र श्योराण द्वारा फसल कटाई प्रयोगों के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की जिले के सभी गावों में ड्यूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा प्रत्येक गांव में फसल कटाई प्रयोग किए जा रहें हैं। आंकड़ों में शुद्धता लाने के उद्देश्य से ही इस कार्य को किया जा रहा है। फसल कटाई प्रयोग के आधार पर ही जिले की औसत पैदावार निकाली जाएगी। उन्होंने किसानों को बताया गया कि किसान अपनी धान की फसल काटने के बाद उसके फाने न जलाएं। फाने जलाने उपरांत निकलने वाले धुएं से मानव शरीर पर घातक प्रभाव पड़ता है तथा फाने जलाने से जमीन की उपजाऊ शक्ति पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग के कर्मचारियों को भी निर्देश दिए गए कि किसानों को फाने जलाने उपरांत होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में ज्यादा से ज्यादा अवगत करवाया जाए। अर्थशास्त्री डॉ देवेंद्र श्योराण ने अधिकारियों को किसानों के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बकाया की स्वीकृति प्रदान करने बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ राजबीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक गांव में रैंडम नंबर एवं स्मार्ट सैंपलिंग के माध्यम से फसल के लिए खेत का चयन किया गया। यह कार्य कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किया जाना होता है ताकि गांव स्तर की औसत पैदावार निकाली जा सके। इस अवसर पर सांख्यिकी अधिकारी संजय, डॉ शमशेर सिंह, कृषि विकास अधिकारी डॉ राजीव भाटिया, सांख्यिकी सहायक ईश्वर सिंह, सरिता, विषय विशेषज्ञ डॉ रवि इत्यादि भी मौके पर उपस्थित रहे।

# कानूनी सहायता और सलाह प्रदान करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) की महत्वपूर्ण पहल, हेल्पलाइन नंबर 15100 का क्रियान्वयन हिसार जिले में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अंतर्गत किया जा रहा है। इस नम्बर पर कॉल करके जो किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या का सामना कर रहे हैं, घर बैठे कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल की देखरेख सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अशोक कुमार द्वारा की जा रही है।
उन्होंने बताया कि न्याय प्रणाली




को हर नागरिक के लिए अधिक सुलभ और सुगम बनाने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने एक नया हेल्पलाइन नंबर 15100 शुरू किया है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से, देशभर के नागरिक किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी या सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस सुविधा का लाभ उठाते हुए, देश के सभी जिलों में इस हेल्पलाइन को लागू किया गया है। किसी भी कानूनी समस्या का सामना कर रहे लोग, चाहे वे किसी भी वर्ग से हों, वे हेल्पलाइन नंबर 15100 पर फोन करके निःशुल्क कानूनी परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। यह पहल न्याय व्यवस्था को आम जनता तक पहुंचाने और लोगों को उनकी कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए की गई है।सीजेएम ने बताया कि यह सेवा विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं या कानूनी जानकारी प्राप्त करने में असमर्थ हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 26 अक्टूबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# महराजगंज को परियोजनाओं की सौगात

## योगी ने महराजगंज में 940 करोड़ रुपये की 505 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**विकास पर बल**

**▶▶ भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार पूरी जिम्मेदारी के साथ काम कर रही है।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**महराजगंज:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को विकास और विरासत से जोड़ने का आह्वान करते हुए वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर तथा विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। पर, स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायतों तथा आम नागरिकों के लिए भी विचारणीय आत्मावलोकन का अवसर है कि विकसित भारत के निर्माण में उनकी क्या भूमिका होनी चाहिए।



आवश्यकता है कि नगर पंचायत और स्थानीय निकाय विकास के उन आयामों से जुड़ें जो नागरिक सुविधाओं का विस्तार करने के साथ ही रोजगार सृजन भी करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनपद के चौक बाजार में 940 करोड़ रुपये की 505 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास तथा नगर पंचायत चौक बाजार के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग, एमएसएमई, कृषि विभाग, उद्यान विभाग की लाभार्थीपरक योजनाओं समेत मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, दिव्यंगजन सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मत्स्य संपदा योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, चाबी, प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत युवाओं को टैबलेट वितरित किए।

### ग्राम पंचायतें पांच प्रकार से रोजगार देने के केंद्र भी बन रहीं: सीएम

**सीएम** ने कहा कि जिस प्रकार ग्राम सचिवालय नागरिकों की सुविधा के साथ रोजगार सृजन के केंद्र बने हैं, वैसे ही नगर पंचायत के सचिवालय को भी विकसित किया जा सकता है। उन्होंने ने कहा कि आज ग्राम पंचायतें पांच प्रकार से रोजगार देने के केंद्र भी बन रही हैं। पहला ग्राम सचिवालय से आय, जन्म, मृत्यु, निवास जैसे अनेक प्रमाण पत्र बनाए जाने से वहां सहायक के रूप में कंप्यूटर ऑपरेटर की तैनाती की गई है। इससे लोगों को प्रमाण पत्रों के लिए तहसील या मुख्यालयों पर नहीं जाना पड़ रहा है और साथ ही एक युवा को नौकरी भी मिल गई है। ग्राम पंचायत में दूसरी जॉब सार्वजनिक शौचालय के निर्माण से मिल रही है। इसके संचालन के लिए ग्राम पंचायत द्वारा एक महिला को नौकरी दी जाती है जिसका वेतन यूजर चार्ज से दिया जाता है। गांव में तीसरी नौकरी बीसी सखी के रूप में मिल रही है। बीसी सखी ग्रामीणों को बैंकिंग लेनदेन की सुविधा उपलब्ध कराती हैं और इसके लिए उसे मानदेय तथा इंसेंटिव मिलता है।

**उत्तर प्रदेश में 42 हजार बीसी सखी कार्यरत हैं: सीएम**

मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 42 हजार बीसी सखी कार्यरत हैं। ग्राम पंचायत में चौथा जॉब कन्वेंशन सेंटर से मिलेगा। गांव में कन्वेंशन सेंटर होने से लोगों को शादी विवाह आदि के आयोजनों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके रखरखाव के लिए रोजगार

इस अवसर पर योगी ने राजस्व विभाग, युवा कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, होमगार्ड तथा समाज कल्याण विभाग में नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए।

# मस्जिद विवाद: जुमे की नमाज अदा हुई तो होगा उग्र आंदोलन



**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशी: तीन दिन से शिवनगरी में** डेरा जमाए देवभूमि रक्षा अभियान के संस्थापक स्वामी दर्शन भारती ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जिला मुख्यालय स्थित मस्जिद में शुक्रवार यानी जुमे को नमाज अदा करने दी तो फिर उग्र आंदोलन होगा। जरूरत पड़ने पर बाजार बंद भी कराएंगे। स्वामी दर्शन भारती का आरोप है कि शिवनगरी उत्तरकाशी में हिन्दू संगठनों को यहां के आराध्य कंडार देवता मंदिर का दर्शन नहीं करने दिया जा रहा है। यहां जिला प्रशासन ने धारा 144 लगा दिया है। जबकि मस्जिद भी वहीं पर है तो वहां भी धारा 144 लगाकार जुमे की नमाज

**चेतावनी**

**▶▶ जरूरत पड़ने पर बाजार बंद भी कराएंगे, स्वामी दर्शन भारती ने दी चेतावनी, पुलिस रही सतर्क**

अदा न करने दिया जाए।

**यमुना घाटी में बाजार बंद का एलान, पुलिस का कड़ा पहरा**

मस्जिद हटाने की मांग को लेकर हिंदू संगठनों की जन आक्रोश महारैली में गुरुवार को हुए लाठीचार्ज के विरोध में जिला उद्योग व्यापार मंडल ने शुक्रवार को यमुना घाटी बंद का आह्वान किया है।

## फास्ट न्यूज

### दीपोत्सव में संगीत की धुन पर जमकर होगी आतिशबाजी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** 14 वर्षों के वनवास के बाद भगवान राम के अयोध्या आगमन की खुशियों में इस बार अयोध्या नगरी दीपोत्सव 2024 के भव्य आयोजन के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 30 अक्टूबर को होने वाले इस दीपोत्सव में विशेष रूप से पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्रदूषणमुक्त ग्रीन आतिशबाजी शो का आयोजन किया जाएगा। राम की पैड़ी पर आयोजित यह दीपोत्सव हर साल की तरह इस साल भी ऐतिहासिक बनने जा रहा है, जहां आसमान में 600 फीट तक की ऊंचाई पर आतिशबाजी से सरयू नदी का आकाश जगमगाएगा।

**पांच किलोमीटर दूर से भी देखी जा सकेगी आतिशबाजी**

इस बार आतिशबाजी शो में पर्यटन विभाग द्वारा चुनी गई एक विशेष एजेंसी द्वारा पुराने सरयू पुल पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो का प्रदर्शन किया जाएगा। एक्सिस कम्युनिकेशन के प्रमुख संजय सिंह ने जानकारी दी कि 30 अक्टूबर की शाम को पुराने सरयू पुल पर आतिशबाजी, लेजर शो, फ्लेम शो और संगीत के संगम से भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण प्रदूषणमुक्त ग्रीन आतिशबाजी होगी, जो पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए 120 से 600 फीट की ऊंचाई तक आसमान में बिखरेगी। इस मनोहारी दृश्य को चार से पांच किलोमीटर के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग देख सकेंगे। यह आतिशबाजी सरयू नदी की शांत लहरों पर चमकदार परछाइयों के साथ अद्भुत दृश्य उत्पन्न करेगी।

### पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सरायकेला से किया नामांकन

**सरायकेला।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को सरायकेला सीट से नामांकन दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने से पहले उन्होंने अपने माता-पिता की तस्वीर को नमन किया। इसके बाद चंपाई सोरेन जिलिंगगोड़ा गांव गये और वहां जाहेरथान में माथा टेका। जाहेरथान और गोंसाडे में पूजा-अर्चना करने के बाद नामांकन दाखिल करने के लिए प्रस्थान किया। मौके पर चंपाई सोरेन ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र और पूरे झारखंड में भाजपा की लहर है। मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करना पार्टी का काम है। यह कोई बड़ी बात नहीं है। इस बार झारखंड में भाजपा ही सरकार बनायेगी। नामांकन के समय चंपाई के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह देव, आदित्यपुर नगर निगम के निवर्तमान मेयर विनोद श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री आप्त सचिव रहे गुरु प्रसाद महतो, पितोवास प्रधान मौजूद थे।

# उपचुनाव के साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की होगी हार: अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**मैनपुरी:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी तेज प्रताप यादव के समर्थन में प्रचार के दौरान पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि करहल की जनता सिर्फ इस चुनाव में नहीं बल्कि 2027 के चुनाव में भी तेज प्रताप के पक्ष में और समाजवादी पार्टी के पक्ष में ऐतिहासिक परिणाम आएगा। भाजपा की ऐतिहासिक हार होगी। करहल से भाजपा के उम्मीदवार को लेकर



पूछे गए सवाल पर अखिलेश ने कहा कि वो लोग (भाजपा) रिश्तेदार वादी निकले। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग सिर्फ हवा बनाते हैं। लोकसभा चुनाव में भी हवा बनाए लेकिन वह सफल नहीं हुए। चुनाव के दौरान बहुत गलत संदेश देने का काम किया था लेकिन यह लोग (भाजपा) कामयाब नहीं हो सके। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार तो वह है जो किसानों को सस्ती खाद नहीं दे पा रही, डीएपी नहीं दे पा रही है। महंगे बिजली के बिल दे रही है। इस सरकार के मंत्री, नेता और जिम्मेदार अधिकारी से पूछो कि क्या किसी ने बिजली की कोई व्यवस्था या प्लांट उप्र में लगाया है ? लगाया हो तो बताएं।

### कार से सात करोड़ से अधिक की नकदी जब्त, दो युवक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरोही:** जिले के आबूरोड की रीको थाना पुलिस ने गुरुवार रात बड़ी कार्रवाई करते हुए मावल चौकी पर एक कार से सात करोड़ से अधिक की नगदी जब्त की है। पुलिस ने इस मामले में दो जनों को हिरासत में लिया है। पुलिस को मशीन से रकम गिनने में ही करीब तीन घंटे लग गए। इस दौरान माउंट आबू डीएसपी गोमाराम भी मौजूद रहे। थानाधिकारी सीताराम पंवार ने बताया कि गुरुवार रात को नाकाबंदी के दौरान मावल चौकी पर क्रेटा कार को रुकवाकर जांच की।




राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि भारत जीवंत संस्कृति वाला राष्ट्र है। विश्व की बौद्धिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का मूल यही देश रहा है।

### परीक्षण के बाद ही मंत्रिमंडल में प्रस्तुत की जाएं योजनाएं: मुख्य सचिव

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने संबंधित अधिकारियों को एक पत्र लिखकर सख्त हिदायत दी कि विभागों की प्रस्तावित और गतिमान योजनाओं का जमीनी स्तर पर भली-भांति परीक्षण करने के बाद ही मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाये।

मुख्य सचिव ने अपने पत्र में लिखा कि प्राय: देखा जा रहा है कि विभिन्न विभागों में प्रस्तावित व गतिमान योजनाओं व कार्यकम का जमीनी स्तर पर भली-भांति परीक्षण आकलन व तुलना किए बिना ही मंत्रिमंडल की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत कर दिया जाता है।

# दिग्विजय की शिवराज सिंह के बेटे को नसीहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल: केंद्रीय** कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गढ़ बुधनी विधानसभा सीट पर होने जा रहे उपचुनाव को लेकर उनके बेटे कार्तिकेय पार्टी के प्रचार में अग्रणी भूमिका में नजर आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उनके एक बयान से प्रदेश में सियासत शुरू हो गई है। कार्तिकेय ने कहा कि बुधनी विधानसभा में अगर कांग्रेस का प्रत्याशी जीत गया तो एक भी ईंट नहीं लगेगी। उन्हें नसीहत देते हुए कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि



अभी से इस प्रकार का भाषण मत दो। आप मेरे पुत्र नहीं पौत्र समान हैं। अपने पिता शिवराज सिंह चौहान से सीखो। दरअसल, बुधनी की एक चुनावी रैली के दौरान कार्तिकेय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर इस चुनाव में 19-20 हुआ और गलती से भी अगर कांग्रेस का प्रत्याशी जीत गया तो एक भी ईंट तो बुधनी के किसी गांव नहीं लगने वाली। कार्तिकेय ने कहा कि अपने पैरों हम क्यों कुल्हाड़ी मारें भाई। अपनी पोलिंग में गड़बड़ी कर हम क्यों अपनी इज्जत खराब करें। हमको नहीं जाना क्या मुख्यमंत्री जी के पास काम कराने के लिए? क्या हमको नहीं जाना केंद्रीय कृषि मंत्री के पास काम करवाने? उन्होंने लोगों से एक बार फिर भाजपा को वोट देकर जिताने की अपील की।

**फटकार**

**▶▶ दिग्विजय सिंह ने कहा कि अभी से इस प्रकार का भाषण मत दो। आप मेरे पुत्र नहीं पौत्र समान हैं**

### भारत ने विश्व को सार्वभौमिक समानता का पाठ पढ़ाया: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि भारत जीवंत संस्कृति वाला राष्ट्र है। विश्व की बौद्धिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का मूल यही देश रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने ही विश्वभर को 'वसुधैव कुटुम्बकम' के जरिए सार्वभौमिक समानता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि आजादी के सौ साल पूर्ण होने का अवसर 'भारत के उस गौरव को पुनः प्राप्त' करने से जुड़ा है। उन्होंने देश की समृद्ध ज्ञान परम्परा और अद्वितीय इतिहास से जुड़ी संस्कृति पर चिंतन–मनन कर भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास किए जाने का आह्वान किया है। बागडे शुक्रवार को एक निजी होटल में 'जयपुर डायलॉग 2024' के वार्षिक समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की आर्थिक और सांस्कृतिक महाशक्ति बनें। यह समय हमारी सांस्कृतिक और सभ्यतागत जड़ों की ओर लौटने से जुड़ा है। उन्होंने प्राचीन भारत के वैश्विक व्यापार के केंद्र रहने की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' की दृष्टि इसी संदर्भ में दी है।

# बढ़ेगी निवेश पर डीएम-कमिश्नर की जवाबदेही



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। ताजा निर्णय के मुताबिक अब जिलाधिकारी (डीएम) और मंडलायुक्त (कमिश्नर) के कार्यक्षेत्र में निवेश की प्रगति और उनके प्रयासों को मॉनिटर किया जाएगा। डीएम और कमिश्नर की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) में उनके कार्यक्षेत्र में हुए निवेश और लोन संबंधी प्रगति का उल्लेख अनिवार्य होगा। इसके आधार पर अधिकारियों को ग्रेडिंग दी जाएगी, जिससे उनकी परफॉर्मेंस का निष्पक्ष मूल्यांकन हो सके। यह कदम प्रदेश में रोजगार और विकास के नए अवसरों को सृजित करने की दिशा में उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रक्रिया को लागू करने वाला यूपी देश का पहला राज्य होगा।

**बढ़ेगी निवेश पर डीएम और कमिश्नर की जवाबदेही**

शुक्रवार को इस बड़े फैसले की जानकारी देते हुए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अब डीएम और कमिश्नर को अपने क्षेत्र में निवेश लाने के प्रयासों की रिपोर्ट बनानी होगी। इसमें निवेशकों की सुरक्षा, सुविधाएं और सहूलियतों को ध्यान में रखते हुए किये गये प्रयासों का भी मूल्यांकन होगा, जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उद्यमियों के लिए समयबद्ध तरीके से लैंड अलॉटमेंट, लैंड सब्सिडी, लैंड यूज चेंज, लैंड क्लियरेंस समेत लैंड बैंक को तैयार कर उसकी मॉनीटरिंग और रेगुलर अपडेशन किये जाने का भी मूल्यांकन किया जाएगा। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि जिलों में निवेश लाने और उसे प्रोत्साहित करने के लिए अधिकारी अपनी भूमिका को जिम्मेदारी से निभाएं।

